॥ श्रीः ॥

हरिदास-संस्कृत-ग्रन्थमाला
३०

॥ श्रीः ॥

अमरकोषः

'मणिप्रभा' हिन्दीव्याख्योपेतः

चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस, वाराणसी

THE

HARIDAS SANSKRIT SERIES

30

AMARAKOṢA

(NĀMALIṄGĀNUS'ĀSANA)

Of

AMARASIṀHA

Edited With

Notes and The 'Maṇiprabhā' Hindī commentary

By

Pt. HARAGOVINDA ŚĀSTRĪ

Vyākaraṇa-Sāhityāchārya-Sāhityaratna.

THE

CHOWKHAMBA SANSKRIT SERIES OFFICE

VARANAS'I-1

1998

प्रकाशक : चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस, वाराणसी
मुद्रक : चौखम्बा प्रेस, वाराणसी
संस्करण : षष्ठम्, वि.सं. २०५५

ISBN : 81-7080-019-6

के. ३७/९९, गोपाल मन्दिर लेन
गोलघर (मैदागिन) के पास
पो. बा. नं. १००८, वाराणसी - २२१००१ (भारत)
फोन : आफिस- ३३३४५८ आवास- ३३४०३२, ३३५०२०

अपरं च प्राप्ति स्थानम्
कृष्णदास अकादमी
पो. बा. नं. १११८
के. ३७/११८, गोपाल मन्दिर लेन
वाराणसी - २२१००१ (भारत)
फोन : ३३५०२०

Publisher : Chowkhamba Sanskrit Series Office, Varanasi-1
Printer : Chowkhamba Press, Varanasi-1
Edition : Sixth, 1998

ISBN : 81-7080-019-6

K. 37/99, Gopal Mandir Lane
Near Golghar (Maidagin)
P.BOX 1008, VARANASI-221001 (India)
Phone : Office : 333458, Resi. : 334032 & 335020

Also can be had from
KRISHNADAS ACADEMY
Post Box No. 1118,
K 37/118, Gopal Mandir Lane,
Varanasi-221001 (India)
Phone : 335020

प्राक्कथन

डॉ० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री

एम. ए., पी-एच. डी., ए. एफ. आई., प्रिंसिपल टीचर्स ट्रेनिंग कालेज, भागलपुर

हमारे शास्त्रोंने 'शब्द'को ही साक्षात् ब्रह्म कहा है। शब्द अथवा अनाहत-नादके रूपमें प्राणियोंने ब्रह्मका साक्षात्कार किया है, अतः मानवजीवनमें शब्द तथा उसके अवबोध एवं अनुभूतिकी कितनी महत्ता तथा उपयोगिता है—इसकी कल्पना सहज ही की जा सकती है। पशु और मानवमें क्या अन्तर है? बर्बरता और सभ्यतामें क्या भेद है?—व्यक्त, व्युत्पन्न एवं सार्थक शब्द। इसीलिये हमारे आचार्योंने कहा है कि यदि एक भी वर्ण, एक भी शब्द, सम्यग्ज्ञात तथा सुप्रयुक्त हुआ तो इहलोक तथा परलोकमें मनोवाञ्छित फल देनेवाला होता है।

थोड़ी-सी भ्रान्तिसे कितना अनर्थ हो सकता है, यह निम्नलिखित श्लोकसे स्पष्ट परिलक्षित है—

> 'यद्यपि बहु नाधीषे तथापि पठ पुत्र! व्याकरणम्।
> स्वजनः श्वजनो मा भूत् सकलं शकलं सकृच्छकृत्॥'

अतः यह सिद्ध हुआ कि मानवमात्रको वर्णों तथा शब्दोंका यथावत् ज्ञान होना आवश्यक है।

वेदोंसे लेकर आधुनिक साहित्य तक जो अनगिनत ग्रन्थ निर्मित हुए हैं, वे ही हमारी संस्कृतिकी प्रगतिके प्रतीक हैं। ये ग्रन्थ क्या हैं?—शब्द तथा अर्थका समन्वय—'सम्पृक्त वागर्थ'। इसकी महिमाको इङ्गित करनेके उद्देश्यसे कालिदासने 'पार्वतीपरमेश्वरौ'को 'वागर्थाविव सम्पृक्तौ'का विशेषण दिया है। मानवकी समस्त भावनाएँ मनमें ही विलीन हो जायँ, यदि उसे उन सार्थक, इतरावबोध्य शब्दोंमें गुम्फित करनेकी क्षमता नहीं हो। यदि आज हमने वाल्मीकि, व्यास, कालिदास, तुलसी, सूर आदिको अमरत्व प्रदान किया है

तो इसका कारण क्या है ?—उनमें उपर्युक्त शब्दचयन तथा शब्दगुम्फनकी क्षमता जनसाधारणकी अपेक्षा अधिक थी ।

कोश तथा व्याकरण—इन दो शास्त्रोंके द्वारा उपर्युक्त शब्दभाण्डारकी सृष्टि तथा उसके चयन एवं समीचीन प्रयोगकी शक्ति आती है, अतः भारतमें अतिप्राचीन कालसे—निघण्टु तथा निरुक्त-समयसे—ही कोशके अध्ययनकी परम्परा चली आ रही है । संस्कृतके प्रत्येक विद्यार्थीको इसी कारण 'अमरकोश' कण्ठस्थ कराया जाता था और अब भी कराया जाता है, यद्यपि धीरे धीरे यह परम्परा कुछ क्षीण होती जा रही है । अब तो जैसे अंग्रेजीके विद्यार्थी पद-पदपर 'डिक्शनरी' उलटते हैं, वैसे ही संस्कृतके विद्यार्थियोंमें भी सस्ते, प्रमादपूर्ण बाजारमें बिकनेवाले कोशोंको उलटनेकी प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है । मैं समझता हूँ कि यह प्रवृत्ति घातक है । एक 'अमरकोश'के मुखस्थ कर लेनेसे—या कमसे कम हस्तामलकवत् आवश्यक शब्दपर्यायोंको याद रखनेसे—वाक्य-विन्यास या ग्रन्थनिर्माणमें जो सुविधा होगी, वह कदापि बार-बार आधुनिक ढङ्गके कोशोंको उलटनेसे नहीं हो सकती, उसे तो शब्ददारिद्र्यसे ही मुक्ति नहीं मिलेगी, भावों तथा कल्पनाओंकी ऊँची उड़ान कैसे ले सकेगा ?

'अमरकोश' जैसे अत्यन्त महत्त्वपूर्ण तथा उपयोगी ग्रन्थकी ऐसी टीका जो न केवल प्रामाणिक हो, किन्तु साथ-साथ सुगम हो तथा हिन्दीके विद्यार्थियों अथवा विद्वानोंके निमित्त उपयोगी हो, स्वागतका विषय है । श्रीहरगोविन्द-शास्त्रीने अत्यन्त परिश्रमसे तथा वैज्ञानिक पद्धतिसे यह टीका निर्मित की है । इसमें उन्होंने अनेकानेक ज्ञातव्य सामग्रीका समावेश किया है । 'परिशिष्ट' तथा 'शब्दानुक्रमणिका'के द्वारा उन्होंने अपनी टीकाके महत्त्वको अभिवृद्ध किया है । हर्षका विषय है कि इसका नवीन संस्करण प्रकाशित हो रहा है । हमें पूर्ण विश्वास है कि संस्कृत साहित्य तथा वाङ्मयसे प्रेम रखनेवाले सुधी एवं जिज्ञासु इसे अपनायेंगे और तद्द्वारा अपना हितसाधन करेंगे ।

९-३-५७ } धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री

भूमिका

अनादिनिधनं शब्दब्रह्म नित्यमुपास्महे ।
व्यवहारक्रमः सृष्टेर्यतश्चलति निर्भरम् ॥ १ ॥

पण्डितप्रकाण्ड श्री अमरसिंह-विरचित अमरकोषको यदि अमरभाषा (संस्कृत) साहित्यका अमरकोष (अक्षय निधि) कहा जाय तो लेशमात्र भी अत्युक्ति नहीं होगी । जिस अमरकोषके द्वारा उक्त पण्डितप्रवरका नाम चिरकालके लिये अमर हो गया है, उस अमरकोषका अनुपम आदर केवल भारतवर्षमें ही नहीं, किन्तु भूमण्डलमात्रमें देखा जाता है । विद्याप्रेमी योरप देशवासी विद्वानोंको अपनी अपनी भाषाओंमें इसका अनुवादकर इससे लाभ उठाना कोई विशेष आश्चर्यकर नहीं है, जितना कि धर्मान्धताके कारण अन्य सम्प्रदायके ग्रन्थोंको अग्नि और जलदेवकी शरण देते हुए मुहम्मद जातिवालोंने भी जब इसका अपनी भाषामें अनुवादकर[1] खुले हृदयसे इसकी उपयोगिताको अङ्गीकार किया, यह हम भारतवासियोंके लिये अत्यन्त ही हर्षप्रद विजय-चिह्न है । सुदूरतम चीनमें भी इसका अनुवाद[2] होना हम भारतीयोंके लिये विशेषरूपेण गौरव की बात है ।

कोषकी आवश्यकता

सर्वप्रथम वैदिक शब्दकोषका निर्माण

जब बृहस्पतिके समान गुरु भी इन्द्रके समान शिष्यको हजारों वर्षोंतक शब्द पारायण करते हुए शब्दसागरका[3] अन्त नहीं पा सके, तब किसका

---

१. इसी कारण 'खालीक बरी, नामक फारसीभाषाके शब्दकोषको पद्यमय उर्दू भाषामें इन लोगोंने रचना की ।

२. 'छठीं शताब्दीमें 'गुणराज' नामक विद्वान्‌ने चीनी भाषामें अमरकोषका अनुवाद किया' यह मैक्समूलरका कथन है । इस बातका ज्यौतिषाचार्य विद्वद्वरेण्य पं० गिरिजाप्रसाद द्विवेदीने 'भट्ट क्षीरस्वामी' शीर्षक लेखमें अन्वेषण किया है ।

३. जैसे कहा भी है—

'इन्द्रादयोऽपि यस्यान्तं न ययुः शब्दवारिधेः ।

सामर्थ्य है कि अतिशय विस्तृत शब्दसागरकी चरम सीमाका पता लगावे। हाँ, यह तो अतिप्राचीनकालमें शब्दब्रह्मोपासक मुनियोंका ही सामर्थ्य था कि वे योगाभ्यासके बलसे साक्षात् मन्त्रद्रष्टा होते थे और उन्हें किसी ग्रन्थसे किसी प्रकारकी भी सहायता अपेक्षित नहीं रहती थी, इसी आधारपर 'सर्वे सर्वार्थवाचकाः' (सब शब्द सब अर्थोंके वाचक हैं) यह वैयाकरणोंका सिद्धान्त है। किन्तु परिवर्तनशील संसारमें काल-परिवर्तन होनेके कारण योगाभ्यासका भी क्रमशः ह्रास होता गया और साथ ही साथ साक्षात् मन्त्रद्रष्टृत्व-शक्तिका भी।

इसप्रकार अनिवार्य ह्रासको देखकर भगवान् कश्यपने वेदके कठिन शब्दोंका संग्रहकर सर्वप्रथम 'निघण्टु' नामक कोषकी रचना की। यूथभ्रष्ट गौका गोत्व जिसप्रकार कदापि नष्ट नहीं होता, उसी प्रकार[1] वेदसे निकालकर संगृहीत इन शब्दोंका वेदत्व भी नष्ट नहीं हुआ है, अत एव 'निघण्टु'को भी वेद ही कहते हैं। एवञ्च 'निघण्टु'के वेद होनेसे तद्व्याख्यानभूत निरुक्तमें भी वेदत्व अबाधित ही है। भगवान् प्रजापति कश्यप वेदके उपज्ञाता थे, इस बातको भगवान् व्यासजीने कहा है—

> 'वृषो हि भगवान् धर्मो ख्यातो लोकेषु भारत।
> निघण्टुकपदाख्याने विद्धि मां वृषमुत्तमम्॥
> कपिर्वराहः श्रेष्ठश्च धर्मश्च वृष उच्यते।
> तस्माद् वृषाकपिं प्राह कश्यपो मां प्रजापतिः'॥
>
> (महाभारत मोक्षपर्व अ० ३४२। श्लो० ८६-८७)

निघण्टु ग्रन्थमें 'वृषाकपि' शब्दका निर्वचन (अध्याय ५ खण्ड ६ पद १६) मिलता भी है। किन्तु फिर भी जब योगाभ्यासका पूर्वाधिक ह्रास होनेसे निघण्टुका अर्थ भी लोगोंको अबोध्य प्रतीत होने लगा, तब दयामूर्ति भगवान् 'यास्क'ने समाम्नाय (वेद) भूत उस 'निघण्टु'का भाष्य किया;

प्रकियाँ तस्य कृत्स्नस्य क्षमो वक्तुं नरः कथम्'॥ सारस्वत श्लो० सं २।

१. इसी कारण भगवान् यास्कने निघण्टु ग्रन्थको लक्ष्यकर 'समाम्नायः समाम्नातः स व्याख्यातव्यः' इस वचनके द्वारा यहाँ वेदमात्रविषयक 'समाम्नाय' शब्दका प्रयोग किया है।

जिसका नाम 'निरुक्त' हुआ। इस बातको भी भगवान् व्यासजी स्वयं स्वीकार करते हैं—

'शिपिविष्टेति चाख्यायां हीनरोमा च योऽभवत्।
तेनाविष्टं तु यत्किञ्चिच्छिपिविष्टेति च स्मृतः॥
'यास्को मामृषिरव्यग्रोऽनेकयज्ञेषु गीतवान्।
शिपिविष्ट इति ह्यस्माद् गुह्यनामधरो ह्यहम्॥
स्तुत्वा मां शिपिविष्टेति यास्क ऋषिरुदारधीः।
मत्प्रसादादधो नष्टं 'निरुक्त'मभिजग्मिवान्'॥

(महाभारत मोक्षपर्व अध्याय ३४२ श्लो० ६९-७१)

'शिपिविष्ट' शब्दका निर्वचन निरुक्तमें (अध्याय ५ खण्ड ८ पद ३७) में मिलता भी है। किन्तु निरुक्तनिर्माता कौन यास्क थे, यह विषयान्तर होनेसे इसकी विवेचनाको यहीं छोड़कर अब प्रकृतानुसरण करता हूँ।

लौकिक-शब्दकोषकी रचना

इसप्रकार और भी अधिक तपोबलके ह्रासके साथ-साथ बुद्धिविकाशका भी ह्रास होनेसे लौकिक शब्दोंका अर्थज्ञान भी जब लोगोंको अतिदुरूह एवं अज्ञेय होने लगा, तब लौकिक शब्दकोषोंकी रचना हुई, किन्तु इनमें सर्वप्रथम किस कोषकी रचना हुई, यह पता नहीं चलता; क्योंकि 'शब्दकल्पद्रुमकोष'में ही २९ कोषोंके नाम आये हैं। 'साहसाङ्क, कात्यायन' इत्यादि अनेक कोष ऐसे हैं, जो अब अलभ्य हैं, किन्तु संगृहीत प्राचीन कोषोंमें उनके वचन संस्कृत-साहित्योपासकोंके उपजीव्य हो रहे हैं। इसीतरह 'उत्पलिनी' आदि भी अनेक कोषोंके वचन 'मेदिनीकोष'में संगृहीत जान पड़ते हैं, किन्तु इसप्रकार अनेकानेक कोषोंके रहते हुए भी इस 'अमरकोष'का ही सर्वाधिक प्रचार हुआ, इसमें ग्रन्थकारकी रचना-शैली ही प्रधान हेतु है।

कुछ कोषोंमें केवल नानार्थक शब्दोंका ही संग्रह पाया जाता है तो कुछ कोषोंमें केवल साधारण शब्दोंका ही, इसपर भी इन साधारण-शब्दार्थवाचक कोषोंमें लिङ्गादिका विवरण नहीं है और कुछ तो ऐसे कोष हैं, जिनमें साधारण-साधारण सर्वविध शब्दोंको भरकर उन्हें अत्यन्त दुरूह कर दिया गया है। ऐसा कोई भी कोष नहीं, जो प्रसिद्धतम, साधारण और नानार्थक

(अनेक अर्थवाले) शब्दोंके सुसंग्रहसे परिपूर्ण होता हुआ भी लिङ्गनिर्देशसे अलङ्कृत एवं आबालबोध्य पद्यमय निबद्ध हो । यदि कोई ऐसा कोष है तो 'अमरकोष' ही है । इसके विषयमें इतना ही कहना पर्याप्त होगा कि अन्य कोषोंमें जो न्यूनता या दोष थे, उन सबोंका यथावत् परिमार्जन करते हुए अमरसिंहने बालकोंके भी सुलभतया कण्ठस्थ करने योग्य सरल श्लोकोंमें इस 'अमरकोष'की रचनाकर संसारका बहुत बड़ा उपकार किया ।

अमरसिंहका समय विवेचन

इनके समयके विषयमें अनेक मत हैं । कोई तो इनको—

'धन्वन्तरिक्षपणकामरसिंहशङ्कुवेतालभट्टघटखर्परकालिदासाः ।
ख्यातो वराहमिहिरो नृपतेः सभायां रत्नानि वै वररुचिर्नव विक्रमस्य' ॥

इस श्लोकके आधारपर 'विक्रम' नृपतिके नवरत्नोंमें-से कहते हैं । तथा कोई-कोई—

'इन्द्रश्चन्द्रः काशकृत्स्नापिशली शाकटायनः ।
पाणिन्यमरजैनेन्द्रा जयन्त्यष्टौ हि शाब्दिकाः' ॥

इस श्लोकके आधारपर 'पाणिनि' और 'जैन' अर्थात् समन्तभद्रके मध्य-कालमें ये हुए थे, ऐसा कहते हैं, किन्तु पाणिनिविरचित अष्टाध्यायीके भाष्य-कार भगवान् पतञ्जलिके समकालीन 'चान्द्रव्याकरण'कर्त्ता आचार्य 'चन्द्र'का नाम उक्त श्लोकमें पाणिनिके पहले आनेसे उक्त श्लोकमें क्रम अपेक्षित नहीं है, ऐसा प्रतीत होता है । अन्य लोग इनको ईस्वीय सन्के छठीं शताब्दीके बतलाते हैं ।

जो कुछ हो 'स्वर्गवर्ग'में देवताओंके पर्यायोंको कहनेके बाद इन्होंने भगवान् 'बुद्ध'के पर्यायवाचक शब्दोंको कहा है, अतः ये 'अमरसिंह' बौद्धमतावलम्बी थे, यह प्रायः सभी विद्वानोंका मत है ।

शोलापुर निवासी स्व० सेठ रावजी सखाराम दोशी महोदयने अमरकोष-सम्बन्धी एक ट्रैक्ट प्रकाशित किया है, उसकी भूमिकामें अनेक युक्तियोंसे उन्होंने प्रमाणित किया है कि अमरकोषकार अमरसिंह बौद्ध नहीं, किन्तु जैनी था । अपने कथनके प्रमाणमें दोशी महोदयका कहना है कि वर्तमानमें उपलभ्यमान अमरकोषमें लगभग एक सौ श्लोक छूट गये हैं या जान-बूझकर

छोड़ दिये गये हैं। 'यस्य ज्ञानदयासिन्धोः······' (१।१।१) श्लोकके पूर्व जिन एवं जैनसम्मत सोलहवें तीर्थङ्करकी वन्दना अमरसिंहने दो श्लोकोंमें की है[1], तथा 'सुरलोको·········त्रिविष्टपम् ।' (१।१।८) के बाद ८०½ श्लोकोंमें अमरसिंहने महावीर आदि तीर्थङ्करों एवं जैनसम्प्रदायसम्मत देवी-देवताओंके पर्यायोंको कहा है। द्वितीय काण्डमें भी प्रायः १०–१२ श्लोकोंका वर्तमान अमरकोषमें छूट जाने या छोड़ दिये जानेकी चर्चा उक्त दोशी महोदयने की है। यद्यपि दोशीमहोदय कथित मङ्गलाचरणके दो श्लोकोंमें-से प्रथम श्लोक वादीभसिंह-विरचित 'गद्यचिन्तामणि' ग्रन्थमें भी मिलता है, अतः यह कहना कठिन है कि यह श्लोक अमरसिंहकी रचना है या वादीभसिंहकी, किन्तु द्वितीय श्लोक अन्यत्र कहीं नहीं उपलब्ध होता और वह श्लोक दोशीजीके कथनानुसार यदि मङ्गलाचरणका ही है तब तो दोशीमहोदयके कथनकी विशेषतः पुष्टि होती है कि अमरसिंह बौद्ध नहीं, किन्तु जैनी ही था।

मेरा विचार था कि उक्त दोशीजीके ट्रैक्टके श्लोकोंको अपने अमरकोषके द्वितीय संस्करणमें भी समाविष्ट करूँ, किन्तु उक्त ट्रैक्टके श्लोकोंमें प्रचुर-मात्रामें अशुद्धियाँ होनेसे वैसा करना उचित प्रतीत नहीं हुआ और दोशीजी महोदयके ट्रैक्टकी मूल प्रति—जो द्रविडप्रान्त-निवासी 'आप्पण्णानाथशास्त्री'से द्रविडाक्षरमें तालपत्रपर लिखित थी—को प्राप्त करनेका प्रयत्न करनेपर भी कृतकार्य न हो सकनेके कारण मुझे अपने विचारको स्थगित कर देना पड़ा।

अमरसिंहने अन्य किसी ग्रन्थकी भी रचना की या नहीं, यह विषय सन्देहास्पद है। जयपुर सं० पाठशालाओंके निरीक्षक साहित्याचार्य पं० भट्ट श्रीतैलङ्ग मथुरानाथ शास्त्रीने 'अमरकोषे टीकाकाराणां कृपा' शीर्षक लेखमें अमरभारतीमें लिखा है कि—'इनके विषयमें यह भी प्राचीन दन्तकथा है कि 'ये अनेक ग्रन्थोंकी रचनाकर उन्हें नावमें रख कहीं अन्यत्र जा रहे थे, किन्तु बौद्धधर्म-

---

1. तद्यथा—जिनस्य लोकत्रयवन्दितस्य प्रक्षालयेत्पादसरोजयुग्मम्।
नखप्रभादिव्यसरित्प्रवाहैः संसारपङ्कं मयि गाढलग्नम् ॥ १ ॥
नमः श्रीशान्तिनाथाय कर्मारातिविनाशिने ।
पञ्चमश्रक्रिणां यस्तु कामस्तस्मै जिनेशिने ॥ २ ॥'इति।

विरोधी आर्योंने 'अमरकोष'के अतिरिक्त सब ग्रन्थोंको पानीमें डुबो दिया' किन्तु यह बात निराधार होनेसे प्रामाणिक नहीं समझी जा सकती।

लिङ्गानुशासनके श्लोकोंको प्रायः पाणिनिसूत्रके आधारपर इन्होंने लिखा है, इससे तथा—

'अमरसिंहस्तु पापीयान् सर्वं भाष्यमचूचुरत्'।

इस श्लोकके आधारपर व्याकरण शास्त्रमें इनका पाण्डित्यप्राखर्य अनावश्यक है, किन्तु उक्त श्लोकद्वारा इनपर भाष्यचौर्यका दोष लगाना ईर्ष्याकृत मालूम पड़ता है, क्योंकि ग्रन्थके प्रारम्भमें ही 'समाहृत्यान्यतन्त्राणि संक्षिप्तैः प्रतिसंस्कृतैः (१।१।२)' इस वचनद्वारा ये उक्त दोषसे मुक्त हो चुके हैं और उक्त दोषाभावमें दूसरी बात यह भी है कि—यदि भाष्यकार 'वसन्त–अवन्त' शब्दोंको पुंल्लिङ्ग लिखते हैं, तो गतानुगतिक या चौर्यदोषके भयसे बादका कोई भी ग्रन्थकार स्त्रीत्व तो लिख नहीं सकता, अतः यदि वह पुंल्लिङ्ग लिखे तब उसपर चौर्यदोषारोपण न कर इन्हें भाष्यमतप्रचारकका श्रेय मिलना ही उचित प्रतीत होता है। इसीप्रकार भानुजिदीक्षितने 'गौतमश्चार्कबन्धुश्च······(१।१।१५) की स्वनिर्मित 'व्याख्यासुधा' टीकामें यद्यपि 'वेदविरुद्धार्थानुष्ठातृत्वाज्जिनशाक्यौ नरकवर्गे वक्तुमुचितौ, तथापि देवविरोधित्वेन बुद्ध्युपारोहादत्रैवोक्तौ' अर्थात् 'वेदविरुद्ध अर्थानुष्ठानके कारण 'जिन और शाक्य'को यद्यपि 'नरकवर्ग'में कहना उचित था, तथापि देवविरोधी होनेसे बुद्धिस्थ होनेके कारण ये यहींपर कहे गये हैं' ऐसा कहा है, किन्तु इस श्लोकके आधारपर जिन बुद्ध भगवान्‌की गणना भगवान् कृष्णके दश अवतारोंमें है, तथा जिन्हें वैष्णवभक्तवरेण्य 'जयदेव'—जैसे श्रेष्ठ विद्वान् भी कृष्णभगवान्‌का अंश [1]मानकर नमस्कार करते हैं, उन 'बुद्ध'के लिये 'नरकवर्गे, देवविरोधित्वेन' इन शब्दोंका प्रयोग करना नितान्त अनुचित प्रतीत होता है।

---

१. 'वेदानुद्धरते जगन्ति वहते भूगोलमुद्बिभ्रते
दैत्यान् दारयते बलिं छलयते क्षत्रक्षयं कुर्वते।
पौलस्त्यं जयते हलं कलयते कारुण्यमातन्वते
म्लेच्छान्मूर्च्छयते दशाकृतिकृते कृष्णाय तुभ्यं नमः'॥

गीतगोविन्द १।१२॥

अमरकोषके नाम

ग्रन्थकारके नाम के आधारपर १ 'अमरकोष', ग्रन्थकारकृत अन्वर्थ (सार्थक) नाम-करणके—

'समाहृत्यान्यतन्त्राणि संक्षिप्तैः प्रतिसंस्कृतैः।
सम्पूर्णमुच्यते वर्गैर्नामलिङ्गानुशासनम्' (१।१।२)

तथा ग्रन्थके तीनों काण्डोंके अन्तमें—

'इत्यमरसिंहकृतौ 'नामलिङ्गानुशासने'।'

इस वचनके आधारपर 'नामलिङ्गानुशासन' और ग्रन्थमें तीन काण्ड होनेसे 'त्रिकाण्ड'—ये तीन नाम हैं। देवभाषाशब्दसंग्रह होनेसे कोई-कोई इसे 'देवकोष' भी कहते हैं।

अमरकोषकी टीकायें

'अमरकोष'की उपयोगिता ग्रन्थरचनाके बाद अतिप्राचीन विद्वानोंसे लेकर आधुनिक विद्वानोंके द्वारा की गयी उसकी टीकाओंसे भी सिद्ध होती है। इसपर प्राचीन विद्वानोंकी निम्न टीकायें हैं—

१ व्याख्याप्रदीप	···	अच्युतोपाध्याय।
२ क्रियाकलाप	···	आशाधर।
३ काशिका	···	काशीनाथ।
४ [१]अमरकोषोद्घाटन	···	भट्टक्षीरस्वामी।

१. देवराज 'यज्वा'ने निघण्टुपर भाष्य लिखनेमें भोज और क्षीरस्वामीके नाम लिये हैं। भोजकाल ई० सन् १०१८–१०६० है, क्षी० स्वा० का समय ११ वीं शताब्दीका अन्तिम भाग है। इन्होंने ई० सन् ८८०–९२० कालके राजशेखरका नाम अपनी टीकामें लिया है। 'गणरत्नमहोदधि'में वर्द्धमानने क्षी० स्वा० का नाम लिया है, जो ई० सन् ११४० में हुए थे। क्षी० स्वा० ने उपाध्याय, गौड, श्रीभोज, व्याडि, भागुरि, मालाकार, और कात्य (कात्यायन) आदि कई विद्वानोंके वचन अपने ग्रन्थमें उद्धृत किये हैं। ये बहुत जगह 'अमरकोषोद्घाटन' नामक 'अमरकोष'की टीकामें ग्रन्थकारके शब्दोंका विवेचन भी किये हैं। जैसे—'स्त्री दाराद्यैर्यद्विशेष्यं···(३।१।२) 'अत्र स्त्री दाराद्यम्'

५ बालबोधिनी	...	गोस्वामी ।
*६ अमरकौमुदी	...	नयनानन्द रामचन्द्र ।
७ [1]अमरकोषपञ्जिका	...	नारायणशर्मा ।
८ शब्दार्थसंदीपिका	...	नारायण विद्याविनोद ।
९ सुबोधिनी	...	नीलकण्ठ ।
१० अमरकोषमाला	...	परमानन्द ।
११ अमरकोषपञ्जिका	...	बृहस्पति ।
*१२ मुग्धबोध[]	...	भरतमल्लिक (भरतसेन)
१३ ()व्याख्यासुधा	...	भानुजिदीक्षित द्वितीय
अथवा–रामाश्रमी	...	रामाश्रम ।
*१४ गुरुबालप्रबोधिनी	...	मञ्जुभट्ट ।
१५ सारसुन्दरी	...	मथुरेश विद्यालङ्कार ।
१६ अमरपदपारिजात	...	मल्लिनाथ ।

इति युक्तः पाठः' ऐसा, तथा 'कमनः कामनोऽभिकः' (३।१।२४) यहाँ 'कामनः कमनोऽभिकः' इति तु युक्तः पाठः' ऐसा कहा है। इसीप्रकार इन्होंने और भी कई जगह विवेचना की है। ये भागुरि, तथा मालाकार आदिकी भी अपनी टीकामें भ्रान्ति आदि बतलाये हैं।

१. इसका दूसरा नाम 'पदार्थकौमुदी' भी है, इसको सन् १६१९ ई० में नारायणशर्माने बनाया था।

२. इस निशानवाले टीकाओंके नाम आदिमें थोड़ा-थोड़ा अन्तर है। इन टीकाओंका नाम 'कल्पद्रुम' कोषकी भूमिकाके ६ ठे पेजमें आये हैं तथा अमर-भारती(वर्ष १ अङ्क ६)के 'अमरकोषे टीकाकाराणां कृपा' शीर्षक लेखमें छपा है।

[] गौरांगमल्लिकके पुत्र भरतमल्लिक (भरतसेन) की टीका बहुत विशद है। इसमें बहुत पाठान्तर है। इसमें वोपदेवके व्याकरणानुसार शब्दक्रम है। १८ वीं शताब्दीमें इसके टीकाकारकी सम्भावना की जाती है।

() 'सिद्धान्तकौमुदी'कार भट्टोजिदीक्षित'के पुत्र 'भानुजिदीक्षित'ने १७ वीं शताब्दीमें बघेलवंशी 'कीर्तिसिंह'को प्रार्थनासे यह टीका बनायी।

*१७ बुधमनोहरा ... महादेवतीर्थ ।
*१८ अमरविवेक ... महेश्वर ।
१९ [1]अमरबोधिनी ... मुकुन्दशर्मा ।
२० त्रिकाण्डचिन्तामणि ... रघुनाथचक्रवर्ती ।
*२१ अमरकोषव्याख्या ... राघवेन्द्र ।
२२ [2]त्रिकाण्डविवेक ... रामनाथ ।
२३ वैषम्यकौमुदी ... रामप्रसाद ।
*२४ अमरकोषव्याख्या ... रामशर्मा ।
*२५ अमरवृत्ति ... रामस्वामी ।
२६ प्रदीपमञ्जरी ... रामेश्वरशर्मा ।
*२७ [3]पदचन्द्रिका ... रायमुकुट ।
*२८ अमरव्याख्या ... लक्ष्मणशास्त्री ।
*२९ अमरबोधिनी ... लिंगभट्ट ।
३० पदमञ्जरी ... लोकनाथ ।
*३१ व्याख्यामृत ... शङ्कराचार्य ।
३२ अमरटीका ... श्रीधर ।
३३ [4]टीकासर्वस्व ... सर्वानन्द ।

---

१. यह टीका बोपदेवानुसारिणी है ।

२. सन् १६३३ ई० में यह टीका बनी टीकाकारने भूमिकामें बहुत टीकाकारोंके नाम लिखे हैं ।

३. बंगालके 'राधानगर'में रहनेवाले 'गोविन्द'के पुत्र बृहस्पतिने 'पदचन्द्रिका' (राय मुकुटमणि) बनायी, इसीको लोग रायमुकुट कहते हैं । जो सन् १४३१ ई० में बना था, इसके पूर्व १६ टीकायें थीं । 'बृहस्पति'के पुत्रके '१ विश्राम, २ राम' आदि नाम थे । 'रायमुकुट'में २७० व्यक्तियोंके प्रमापक वचन हैं, यह बात Aufrecht ने लिखी है । २८, १०९-११८ ॥

४. यह टीका १० टीकाओंके आधारपर ११५९ ई० सन् में लिखी गयी है और लगभग क्षी० स्वा० कृत टीकाके बराबर ही है । यह रायमुकुट आदि

३४ अमरपदमुकुर	...	रंगाचार्य ।
*३५ बृहद्वृत्ति	...	×
*३६ ×	...	अप्पय्यदीक्षित ।
*३७ गुरुबालप्रबोधिनी	...	भानुदीक्षित ।
*३८ ×	...	मान्यभट्ट ।
*३९ ×	...	लिंगमसूरि ।
*४० अमरकोषपदविवृति	...	×
*४१ कामधेनु	...	बंगदेशीय कोई विद्वान्

यद्यपि आधुनिक अनेक विद्वानोंने भी इस ग्रन्थपर अनेक संस्कृत तथा हिन्दी टीकायें लिखी हैं, तथापि उनमें प्रत्येक शब्दोंका प्रचलित हिन्दीमें अर्थ, लिंगज्ञान, वचनज्ञान, शब्दके प्रातिपदिकावस्थाका शुद्ध स्वरूप, पाठान्तर, कठिन शब्दोंकी विवेचना, शब्दसे सम्बद्ध विषय या अन्य आवश्यकीय बातोंका समावेश नहीं होनेसे एक बहुत कमी चिरकालसे मेरे हृदयमें खटक रही थी। इसीकी पूर्तिके लिये मैंने संस्कृत और हिन्दीमें इस ग्रन्थराजकी क्रमशः टीका और टिप्पणी लिखकर इसे पूज्यपाद विद्वन्मुकुटमणि दार्शनिकसार्वभौम साहित्य-दर्शनाद्याचार्य माध्वमतावलम्बी श्री १०८ **गोस्वामी दामोदरलालजी** महाराजको दिखलाया। पूज्यपाद गोस्वामीजी महाराजने इस टीकाकी भूरि-भूरि प्रशंसा की, पूज्य गोस्वामीजीकी बतलायी हुई शैलीसे मैंने इस **'मणिप्रभा'** नामक हिन्दी टीका और साथ में **'अमरकौमुदी'** नामक संस्कृत टिप्पणीमें अन्य आवश्यक बातोंका भी समावेश किया। सम्पूर्ण ग्रन्थ में लगभग सौ श्लोक क्षेपकके दिये गये हैं, मूल ग्रन्थमें आनेवाले शब्दोंके अतिरिक्त प्रसिद्ध २ बाहरी शब्द तथा मूल ग्रन्थमें आनेवाले शब्दोंके आंशिक समानाकार बाहरी

बंगदेशीय टीकाकारोंका आधार हुई। इसके बाद किन्तु अन्य बंगदेशीय टीकाकारोंके पूर्व 'सुभूतिचन्द्र या बौद्ध सुभूति' ने कामधेनु टीका बनायी जिसका बंगाली टीकाकर्ताओंने अधिकतर उल्लेख किया है। सन् ११७३ ई० में बनी हुई शरणदेवके 'दुर्घटवृत्ति' में 'सुभूति' का नाम मिलता है।

× इस निशानमें नाम नहीं कहा गया है।

शब्द में भी + ऐसे निशान कर दिये गये हैं, जिससे ग्रन्थकी उपयोगिता अधिक बढ़ गयी है। शीघ्रता आदिके कारण जो बातें छुट गयी थी, उनकी पूर्ति परिशिष्टमें की गयी है। यद्यपि परिशिष्टमें और भी अधिक बातोंको देनेका विचार था, किन्तु ग्रन्थाकारके बहुत बढ़ जानेसे वह विचार छोड़ देना पड़ा। मूल शब्दोंकी सूचीके अतिरिक्त बाहरी समानाकार शब्दोंकी तथा क्षेपक श्लोकोंमें आए हुए शब्दोंकी सूची भी साथमें दी गयी है, जो अन्यत्र किसी अमरकोषमें नहीं पायी जाती। इस प्रकार इस ग्रन्थको यथासाध्य सर्वावश्यकीय विषयोंसे परिपूर्ण बनानेकी भरपूर चेष्टा की गयी है।

आभारप्रदर्शन

इस भूमिकाको पूरा करनेके पहले उन महानुभावोंका मैं अतिशय आभारी हूँ, जिन्होंने इस टीकाके निर्माण करनेमें किसी तरह भी सहायता पहुँचायी है। उनमें सर्वप्रथम जिन ग्रन्थोंसे इस टीकाकी रचनामें सहायता ली गयी है, उन ग्रन्थकारोंके प्रति आभारप्रदर्शनपूर्वक कृतज्ञता अभिव्यक्त करता हूँ।

सम्मतिदाता

१ पूज्यपाद म० म० पं० श्री १०८ गोपीनाथ कविराजजी, प्रिंसिपल गवर्नमेण्ट सं० कालेज, बनारस—आपने अनेक ग्रन्थोंका नाम तथा प्रकरणादिका निर्देशकर टिप्पणी और परिशिष्ट बनानेमें मुझे बहुत सहायता पहुंचायी।

२ पूज्यपाद दार्शनिकसार्वभौम दर्शनसाहित्याचार्य श्री १०८ गोस्वामी दामोदरलालजी शास्त्री—आपको आदिष्ट शैलीद्वारा इस टीकाकी रचना हुई, तथा आपसे अन्य भी अनेक सम्मतियाँ मिलीं।

३ पू० पा० गवर्नमेण्ट सं० कालेजके प्रोफेसर व्याकरणाचार्य श्री गोपालशास्त्रीजी नेने—आपने द्वितीयकाण्ड तक इस टीकाका ३ प्रूफ देखा, तथा अन्यान्य अमूल्य सम्मतियाँ प्रदान की।

४ पं० नारायणदत्तजी त्रिपाठी मारवाड़ी सं० कालेजके प्रधानाध्यापक, व्याकरणाचार्य पोष्टाचार्य स्वर्णपदकप्राप्त—

५ पू० पा० पं० बंशीधरमिश्रजी आरामण्डलान्तर्गत गिरिधरबरांवनिवासी ज्यौतिषाचार्य, पोष्टाचार्य तथा ज्यौतिषतीर्थ—

आप लोगोंसे क्रमशः व्याकरण और ज्यौतिष सम्बन्धी बहुतसी सम्मतियाँ प्राप्त हुईं।

ग्रन्थद्वारा सहायतादाता

१ श्री पं० नन्दविहारीमिश्र आयुर्वेदाचार्य, विशारद, आरामण्डलान्तर्गत गिरिधरपरवनिवासी—आपने 'अमरविवेक' की प्राचीन पुस्तकद्वारा सहायता की।

२ श्री पं० ऋषिनन्दन पाण्डेय व्याकरणशास्त्री, काव्यतीर्थ, अध्यापक सं० पाठ० कसाप, आरा—आपने भाषाटीकासहित अमरकोषकी अतिप्राचीन पुस्तकके द्वारा सहायता की।

३ श्री पं० कृष्णपन्त साहित्याचार्य, अध्यक्ष विश्वनाथ संस्कृत पुस्तकालय, ललिताघाट, काशी—आपने अपने पुस्तकालयसे बहुतसी पुस्तकें समय-समय पर देकर बहुत सहायता की।

इनके अतिरिक्त अन्यान्य जिन महानुभाव विद्वानोंके द्वारा भी मुझे जो कुछ सहायता प्राप्त हुई है, उनका मैं बहुत आभारी होते हुए कृतज्ञता प्रकाश करता हूँ।

टीकाके सहायक ग्रन्थ

'साङ्केतिक चिह्न और शब्दका विवरण' शीर्षक लेखमें आये हुए ग्रन्थोंके अतिरिक्त अग्निपुराण, अत्रिस्मृति, यमस्मृति, हारीतस्मृति, याज्ञवल्क्यस्मृतिकी बालम्भट्टी टीका, आह्निकसूत्रावली, कल्पद्रुमकोश, हिन्दीशब्दसागर, श्रीधरकोष आदि ग्रन्थ तथा अमरकोषकी पी० ख्वा० कृत 'अमरकोषोद्घाटन', महेश्वरकृत 'अमरविवेक', भानुजिद्दीक्षितकृत 'व्याख्यासुधा (रामाश्रमी)' सर्वानन्दकृत 'टीकासर्वस्व', 'संक्षिप्तमाहेश्वरी', तथा एतद्व्याख्यानभूत 'अमरप्रकाश' द्वारा सहायता की गयी है। इनके अतिरिक्त अन्य बहुत ग्रन्थों द्वारा भी यत्र तत्र सहायता की गयी है, उन ग्रन्थकारों और टीकाकारोंका मैं विशेष आभारी हूँ।

अन्तमें 'काशीस्थ चौखम्बा–बनारस–काशी–हरिदास सं० सिरीज़' के अध्यक्ष बाबू 'जयकृष्णदास हरिदास गुप्त' महोदयको अनेक धन्यवाद देता हूँ,

जिन्होंने इस ग्रन्थका प्रकाशनभार लेकर संस्कृत साहित्य ग्रन्थोद्धारमें उत्साहपूर्ण अपनी उदारताका परिचय दिया है।

ग्रन्थ-सम्पादनके समय मानवसुलभ दृष्टिदोषवश एवं टाइपके अतिसूक्ष्माक्षर होनेसे तथा यन्त्र-सम्बन्धी दोषोंसे अर्थात् किसी प्रकारकी यदि अशुद्धि हो गयी हो तो—

'गच्छतः स्खलनं क्वापि भवत्येव प्रमादतः।
हसन्ति दुर्जनास्तत्र समादधति सज्जनाः' ॥

इस पद्यके अनुसार क्षीरग्राही हंसके समान विद्वज्जन उन अशुद्धियोंको सुधार कर मुझे अनुगृहीत करेंगे।

इति शम्।

रथयात्रा, सं० १९९४ }

विद्वत्पादाब्जचञ्चरीक—
हरगोविन्दशास्त्री

द्वितीय संस्करण

लोकशङ्कर भगवान् शङ्करकी असीम अनुकम्पासे स्व-प्रथम-प्रयास सम्पादित अमरकोषीय 'मणिप्रभा'के द्वितीय संस्करणको प्रकाशित होते हुए देखकर अनुवादक होनेके नाते मुझे परम प्रसन्नता हो रही है, क्योंकि कविकुल-शिरोमणि महाकवि कालिदास—जैसे विद्वान् भी सूत्रधारके मुखसे—

'आ परितोषाद्विदुषां न साधु मन्ये प्रयोगविज्ञानम् ।
बलवदपि शिक्षितानामात्मन्यप्रत्ययं चेतः ॥'

कहलवाते हुए कृतिकी सफलतामें सशङ्क होना अभिव्यक्त करते हैं, तब अपनी कृति—यह भी अध्ययनावस्थाकी प्रथम कृति—होनेके कारण मुझ जैसे अल्पज्ञको अपनी सफलतामें आशङ्कित होना अस्वाभाविक नहीं समझा जा सकता; परन्तु 'मणिप्रभा' युक्त इस अमरकोष ग्रन्थके प्रथम तथा द्वितीय काण्डोंका पाँच-पाँच, संस्करण प्रकाशित होना और इस सम्पूर्ण ग्रन्थके पुनः प्रकाशनार्थ अनेक वर्षोंसे पत्रादिद्वारा प्रेरणा करते रहना इस कृतिकी सफलता को स्पष्टतः अभिव्यक्त करता है ।

इस अमरकोषके ही नहीं, किन्तु 'मणिप्रभा' नामक मेरे राष्ट्रभाषाऽनुवाद-सहित अन्यान्य ग्रन्थों—रघुवंश, शिशुपालवध, नैषधचरित तथा मनुस्मृति आदि—को भी अन्यान्य विद्वज्जनसम्पादित विविध टीकाओं तथा अनुवादोंके रहते हुए भी अपनी नीर-क्षीर-विवेकिताद्वारा जिनलोगोंने अपनी गुणैकपक्ष-पातिताका स्पष्ट परिचय प्रदान किया है, उन परमादरणीय विद्वानोंका आभार मानता हुआ मैं उन्हें भूरिशः धन्यवाद देता हूँ ।

साथ ही वर्तमानमें शिक्षक-प्रशिक्षण महाविद्यालयके प्राचार्य एवं समाज (सोसल)-विभाग, विहार सरकारके भूतपूर्व उपनिर्देशक श्रीमान् माननीय 'डॉ० धर्मेन्द्र ब्रह्मचारी शास्त्री' महोदयका भी अत्यन्त आभारी होता हुआ उन्हें अनेकानेक धन्यवाद देना अपना परम कर्तव्य समझता हूँ; जिन्होंने मेरी

प्रार्थना स्वीकृतकर इस संस्करणका अपना पाण्डित्यपूर्ण 'प्राक्कथन' लिखनेकी अनुकम्पा की है।

इसके अतिरिक्त प्रायः पैंसठ वर्षोंसे संस्कृत साहित्यके विविध-विषयक ग्रन्थोंका प्रकाशनकर भारतीय आर्ष संस्कृतिके संरक्षण एवं संवर्द्धनके अन्यतम सेवाव्रती, चौखम्बा संस्कृत पुस्तकालय तथा चौखम्बा विद्याभवन, काशीके अध्यक्ष श्रीमान् माननीय सेठ 'जयकृष्ण दासजी गुप्त' महोदयको भी शुभाशीःपूर्वक भूरिशः धन्यवाद देता हूँ; जिन्होंने इस ग्रन्थका पुनर्मुद्रण करके सकल संस्कृतानुरागियोंके लिए इसे सुलभतम मूल्यमें प्रदान करते हुए त्रिवर्गको अर्जित करनेका सफल प्रयास किया है।

इस संस्करणके मुद्रणमें मेरे सुदूर प्रदेशमें रहनेके कारण प्रूफ संशोधन आदि कार्य करनेवाले मित्रवर्गको भी अनेकशः धन्यवाद प्रदान करता हूँ।

यद्यपि मैंने इस संस्करणमें दृष्टचर त्रुटियोंके निराकरणका पूर्णतया प्रयास किया है, एवं कतिपय स्थलोंमें अनेक विषयोंको विशदकर इस संस्करणको पूर्वापेक्षया अधिक उपयुक्त बनानेका यथाशक्य प्रयत्न किया है; तथापि इसका सम्पादन, अक्षरसंयोजन, संशोधन एवं मुद्रणादि सब कार्य मानवकृत होनेसे और जगत्स्रष्टा ईश्वरके अतिरिक्त प्राणिमात्रको सर्वथा दोषविनिर्मुक्त होना असम्भव होनेसे इस संस्करणमें भी सम्भावित त्रुटियोंके लिए गुणैकपक्षपाती विद्वद्वृन्दसे बद्धाञ्जलि हो क्षमायाचना करता हूँ कि वे जिस प्रकार इसे अपनाकर अन्यान्य ग्रन्थोंको लिखनेके लिए मुझे उत्साहित करनेकी असीम अनुकम्पा की है, उसी प्रकार भविष्यमें भी अनुकम्पा करते रहें।

रामनवमी सं० २०१४	विद्वज्जनवशंवदः— हरगोविन्दशास्त्री

साङ्केतिक चिह्न और शब्दके विवरण

मूलके सङ्केत

' ' इस चिह्नके बीचवाले अंश क्षेपक हैं, उनके अन्तमें ( ) इस कोष्ठके मध्यमें क्रमानुसार पङ्क्तिसंख्या लिखी गई है।

श्लोकोंके पहले या मध्य भागमें दिये गये अङ्क हिन्दी टीकाके प्रतीक हैं।

टीका और टिप्पणीके संकेत

=—सन्दिग्ध ('सु' विभक्तिमें प्रातिपदिकसे भिन्न रूपवाले) शब्दोंके प्रातिपदिकावस्थाका शुद्ध रूप।

+—पाठभेद या मतभेदसे उपलब्ध पर्याय; और ग्रन्थान्तरमें उपलब्ध आंशिक समानाकार (प्रायः मिलते जुलते हुए) या प्रसिद्धतम पर्यायवाचक शब्द।

[ ]—क्षेपक श्लोकोंकी हिन्दी टीका।

उन-उन ग्रन्थोंके काण्ड, वर्ग, श्लोक, परिच्छेद, अध्यायादि जाननेके लिये अङ्क दिये गये हैं।

पु या पु०—पुंलिंग

स्त्री या स्त्री०—स्त्रिलिंग

न या न०—नपुंसकलिंग

त्रि या त्रि०—त्रिलिंग

नि०—नित्य

ए० व०—एकवचन

द्विव०—द्विवचन

ब० व० या बहुव०—बहुवचन

शे०—शेष

म०—मत या मतभेद

उदा०—उदाहरण

स्वा०—स्वामी

क्षी० स्वा०—क्षीरस्वामी

महे०—महेश्वर

भा० दी०—भानुजिदीक्षित

मु०—मुकुट

भा०—भागुरि

प्रा०—प्राच्य

रा० कृ० दी०—रामकृष्णदीक्षित

बु० म०—बुधमनोहर

अ० वि०—अमरविवेक

व्या० सु०—व्याख्यासुधा (रामाश्रमी)

पा० सू०—पाणिनीयसूत्र

लि० सू०—लिंगसूत्र

उ० सू०—उणादिसूत्र

वा०—वार्तिक

यो० सू०—योगसूत्र

अभि० चिन्ता० या अ० चि० म०—अभिधानचिन्तामणि

या० स्मृ० या याज्ञ० स्मृ०—याज्ञवल्क्यस्मृति
मनु या मनुस्मृ०—मनुस्मृति
सा० द०—साहित्यदर्पण
गी०—श्रीमद्भगवद्गीता
वि० पु०—विष्णुपुराण
वै० सि० मं०—वैयाकरणसिद्धान्तलघुमञ्जूषा
सु० श्रु० क० स्था०—सुश्रुतकल्पस्थान
मा० नि०—माधवनिदान
अने० सं०—अनेकार्थसंग्रह
मे० या मेदि०—मेदिनीकोष
पृ०—पृष्ठ
श्लो०—श्लोक
अ०—अध्याय
चतु० चिन्ता०—चतुर्वर्गचिन्तामणि
दा० खं०—दानखण्ड
वृ० रत्ना०—वृत्तरत्नाकर
वीर० राजप्रक०—वीरमित्रोदयराजप्रकरण
कु० सं०—कुमारसम्भव
वाचस्प०—वाचस्पत्याभिधान
नि० सि०—निर्णयसिन्धु
रघु०—रघुवंश
*, †, ‡, §, इत्यादि चिह्न टिप्पणीके प्रतीक हैं।

देखनेका प्रकार—१ जिस शब्दके बाद जो संकेत है, उसीके साथ उस संकेतका सम्बन्ध है। २ संख्यासहित संकेतका पहलेवाले उतने शब्दोंके साथ सम्बन्ध है। ३ कहीं-कहीं एक ही शब्दमें एकाधिक भी संकेत हैं। ४ नामके अन्तमें लिखी हुई संख्यामें पाठान्तर, कोषान्तर आदिके कोष्ठमध्यगत पर्यायोंकी गणना नहीं है। उदाहरण—'स्वः (= स्वर्, अ०), स्वर्गः, नाकः, त्रिदिवः, त्रिदशालयः सुरलोकः (५ पु), द्यौः (= द्यो), द्यौः (= दिव्। २ स्त्री), 'त्रिविष्टपम्' (न। + त्रिविष्टपम्), 'स्वर्ग के ९ नाम हैं", यहाँ पर 'स्वः' के प्रातिपदिकावस्थाका शुद्ध रूप 'स्वर्' है और यह अव्यय है। 'स्वर्ग' आदि पाँच शब्द पुंल्लिंग हैं। पहले 'द्यौः' के प्रातिपदिकावस्थाका शुद्ध रूप 'द्यो' और दूसरेके प्रातिपदिकावस्थाका शुद्ध रूप 'दिव्' है, तथा ये दोनों शब्द 'स्त्रीलिंग' हैं। 'त्रिविष्टप' शब्द नपुंसक है, मतान्तरसे 'त्रिविष्टपम्' यह भी पर्याय है। 'स्वः' आदि ९ नाम 'स्वर्ग' के हैं, इसमें 'त्रिविष्टपम्' की गणना नहीं है। इसी तरह अन्यत्र भी समझना चाहिये॥

परिशिष्टके संकेत

परिशिष्टमें पहले मूल ग्रन्थमें आये हुए शब्दको देकर उसके काण्डाङ्क, वर्गाङ्क और श्लोकाङ्क दे दिये गये हैं, फिर उस शब्दसे सम्बद्ध विषय लिखकर प्रमापक ग्रन्थके नाम आदि दिये गये हैं ॥

शब्द-सूचीके संकेत

मूल ग्रन्थकी सूची देखनेका प्रकार—पहले शब्द, बादमें क्रमशः 'काण्डाङ्क, वर्गाङ्क और श्लोकाङ्क' दिये गये हैं। जैसे—'अ ३ ४ ११' अर्थात् 'अ' शब्द तृतीय काण्डके चतुर्थ अव्ययवर्गके ग्यारहवें श्लोकमें आया है। (देखिये पृ० ५१७) ॥

क्षेपक और टीकास्थ शब्दकी सूची देखनेका प्रकार—क्षेपक और टीकास्थ शब्दोंकी सूची ११६ पृष्ठसे आरम्भ होकर १४९ पृष्ठोंमें समाप्त हुई है। उनमेंसे जो शब्द क्षेपकमें आये हैं, उन शब्दोंके पहले अध्यायके क्रमसे चलने वाला क्षेपकाङ्क, क्षेपकका शब्द और बादमें मूल ग्रन्थके जिस स्थलमें वह क्षेपकका शब्द आया है, उस मूल ग्रन्थके काण्ड, वर्ग और श्लोकके अङ्क दिये गये हैं; इसमें अर्द्धश्लोककी गणना नहीं है। जैसे—'४१ अंशुमालिन् १ ३ ३०' यहाँ पहले क्षेपकका अङ्क, बादमें क्षेपकका 'अंशुमालिन्' शब्द, फिर प्रथम काण्डके तृतीय 'दिग्वर्ग'के ३० वें श्लोकके बाद वह 'अंशुमालिन्' शब्द मिलेगा। (देखिये पृष्ठ—११)।

कुछ शब्द क्षेपकसे सम्बद्ध होते हुए भी मूल क्षेपकमें नहीं आये हैं, किन्तु क्षेपकसे भी बाहरी हैं; ऐसे शब्दोंमें क्षेपकाङ्कके आगे + ऐसा चिह्न लगाया गया है। जैसे + '४२ + आश्विन १ ४ १३' है, इसे भी इसीप्रकार पृष्ठ ४० में देखिये। यह शब्द क्षेपकमें नहीं आया है, किन्तु क्षेपककी टीकामें आया है ॥

विषयानुक्रमणिका

प्रथमकाण्डे सङ्कलितश्लोकसंख्या २७८॥, द्वितीयकाण्डे सङ्कलितश्लोकसंख्या ७३३॥ तृतीयकाण्डे सङ्कलितश्लोकसंख्या ४८२ एवं सम्पूर्णग्रंथे सङ्कलितश्लोकसंख्या १४९४

चक्रसूची

क्षेपकश्लोकपंक्तिसंख्या

प्रथमकाण्डे क्षेपकपङ्क्तयः	५८	तृतीयकाण्डे क्षेपकपङ्क्तयः	९५
द्वितीयकाण्डे "	३३	एवं सम्पूर्णग्रन्थे	१८६

परिशिष्टसूची

॥ श्रीः ॥

नामलिङ्गानुशासनम्

नाम

अमरकोषः

प्रथमं काण्डम्

१ यस्य ज्ञानदयासिन्धोरगाधस्यानघा गुणाः ।
सेव्यतामक्षयो धीराः स श्रिये चामृताय च ॥ १ ॥

विश्वेषां करणैरगोचरमपि प्रज्ञादृशा पश्यतां
यत्प्रत्यक्षमपश्चिमं कृतिरिह स्वःश्रेयसे योगिनाम् ।
आरभ्याणु महत्तमावधि परं यद्व्यापकं सर्वतो
वन्दे निर्गुणमेव पाणियुगलं बद्ध्वाऽऽनतस्तन्महः ॥ १ ॥
आसृष्टि प्रलयावधि त्रिभुवने विस्तारसिन्धोः परं
यस्या द्रष्टुमपि क्षमो न यदि चेत्पारङ्गतौ का कथा ।
ब्रह्मश्रीशशिवादिभिश्च सततं ज्ञानाय योपास्यते
तां वाचामधिनायिकां भगवतीं श्रीशारदामाश्रये ॥ २ ॥
मन्थाचलाबिलपयोधिविनिस्सृतेन दृष्ट्वा ज्वलज्जगदिदं गरलेन शीघ्रम् ।
पीत्वा हसंस्तदभिरक्षितवान् भृशं यस्तन्नीलकण्ठचरणाम्बुजमाश्रयामि ॥३॥

१ श्री अमरसिंह अपने रचे जानेवाले इस ग्रन्थकी निर्विघ्नतापूर्वक समाप्ति तथा प्रसिद्धि होने के लिये और व्याख्याता तथा अध्येताओं (पढ़नेवालों) के उपदेशके लिये यथाचार[1] किए हुए मङ्गलाचरणको पहले लिखते हैं—'यस्य ज्ञान···' । हे पण्डितो ! अतिगम्भीर, ज्ञान और करुणाके समुद्र, जिसके निर्मल क्षमा आदि गुण हैं; उस अविनाशीकी आपलोग धन और मोक्ष के लिये सेवा करें ॥

---

१. 'प्रयोजनमनुद्दिश्य मन्दोऽपि न प्रवर्तते' इति न्यायात्। 'मङ्गलादीनि हि शास्त्राणि प्रथन्ते, वीरपुरुषाणि च भवन्ति, आयुष्मत्पुरुषाणि चाध्येतारश्च सिद्धार्था यथा स्युः' इति भाष्योक्तेश्च ॥

१ समाहृत्यान्यतन्त्राणि संक्षिप्तैः प्रतिसंस्कृतैः ।
सम्पूर्णमुच्यते वर्गैर्नामलिङ्गानुशासनम् ॥ २ ॥
२ प्रायशो रूपभेदेन साहचर्याच्च कुत्रचित् ।

---

१ ग्रन्थ-समाप्तिके लिये इष्टदेव 'जिनदेव' का स्मरण कर श्रोता आदिके उत्साहवर्धनार्थं साभिधेय प्रयोजनको कह रहे हैं-'समाहृत्य···'। नाम और लिङ्गको बतलानेवाले वररुचि आदिके तन्त्रों (कोशों) को एकत्रित कर विस्तार के थोड़ा होनेपर भी अधिक अर्थवाले, प्रत्येक पदकी प्रकृति और प्रत्ययोंको विचारपूर्वक संस्कार कर बनाये हुए वर्गों (प्रकरणों) से सम्पूर्ण नाम (स्वः, स्वर्गः, नाकः, आदि) और लिङ्ग (पुंल्लिङ्ग, स्त्रीलिङ्ग और नपुंसकलिङ्ग) को बतलानेवाले इस शास्त्रको मैं कहता हूँ। त्रिकाण्ड-उत्पलिनी आदि कोशोंमें केवल नाम (पर्याय) बतलाये गये हैं और वररुचि आदिके ग्रन्थोंमें केवल लिङ्ग बतलाये गये हैं; नामलिङ्गानुशासन[1] (अमरकोष) नामक इस शास्त्र (ग्रन्थ) में तो नाम (पर्याय) और लिङ्ग (पुंल्लिङ्ग······) ये सभी बतलाये गये हैं; अतः इसीको पढ़ना चाहिये।

२ अब 'प्रायशः' इत्यादिसे इस ग्रन्थमें लिङ्गादि जाननेका उपाय (परिभाषा) बतलाते हैं—प्रायः रूप (आकार) भेद अर्थात् 'ङीप्, ङीष्, टाप्, विसर्ग और अमादेश' आदिसे [2]लिङ्गों (स्त्रीलिङ्ग, पुंल्लिङ्ग और नपुंसकलिङ्ग) को जानना चाहिये। (उदाहरण—स्त्रीलिङ्ग जैसे—'शिवा भवानी रुद्राणी शर्वाणी सर्वमङ्गला।' (१।१।३७), यहाँ 'शिवा और सर्वमङ्गला' इन दो शब्दोंके आबन्त होनेसे तथा 'भवानी, रुद्राणी और शर्वाणी' इन तीनों शब्दोंके ङ्यन्त होनेसे 'सु' (प्रथमा विभक्तिके एकवचन) का लोप हो गया है; अतएव 'शिवा······' पाँचों शब्द स्त्रीलिङ्ग हैं। क्रमशः पुंल्लिङ्ग और नपुंसकलिङ्ग जैसे—'······प्रदोषो रजनीमुखम् (१।४।६)' यहाँ 'प्रदोष' शब्दकी

---

१. नाम च लिङ्गं च नामलिङ्गे, तयोरनुशासनमिति नामलिङ्गानुशासनम्। स्वरादिनाम्नां पुंस्त्वादिलिङ्गानां च व्युत्पादकमिति यावत् ॥

२. आदिपदेन यत्र 'वामोरूः' इत्यादावूङ्प्रत्ययः, कृतिरित्यादौ क्तिन्प्रत्ययश्च तस्य ग्रहणम्। एवञ्च 'लक्ष्मीः' इत्यादौ सुलोपाभावे स्त्रीत्वं 'दधि' इत्यादौ सुलोपेऽपि क्लीबत्वमेवेति यथाशास्त्रं व्यवस्था कार्या, नानुमानमात्रेणैव ॥

स्त्रीपुंनपुंसकं ज्ञेयं १ तद्विशेषविधेः क्वचित् ॥ ३ ॥

'सु' विभक्तिको रुत्व-विसर्ग होने से 'प्रदोष' शब्द पुंल्लिङ्ग और 'रजनीमुख' शब्दकी 'सु' विभक्तिको अमादेश होनेसे 'रजनीमुख' शब्द नपुंसकलिङ्ग है.) ॥ कहीं-कहीं साहचर्य (पासवाले शब्दके अनुसार) से तीनों लिङ्ग समझना चाहिए। (स्त्रीलिङ्ग जैसे—'तडित्सौदामनी विद्युच्चञ्चला चपला अपि (१।३।९)' यहाँ स्त्रीलिङ्गवाले 'सौदामनी' आदि शब्दोंके साहचर्यसे सन्दिग्ध 'तडित् और विद्युत्' ये दोनों शब्द स्त्रीलिङ्ग हैं। पुंल्लिङ्ग जैसे—'स्फूर्जथुर्वज्रनिर्घोषः (१।३।१०)' यहाँ 'वज्रनिर्घोष' शब्दके साहचर्यसे 'स्फूर्जथु' शब्द पुंल्लिङ्ग है। नपुंसकलिङ्ग जैसे—'इन्द्रायुधं शक्रधनुः (१।३।१०)' यहाँ 'इन्द्रायुध' शब्दके साहचर्यसे 'शक्रधनुष्' शब्द नपुंसकलिङ्ग है) ॥

१ कहीं-कहीं विशेष रूपसे कहनेपर स्त्रीलिङ्ग, पुंल्लिङ्ग और नपुंसकलिङ्ग जानना चाहिये। (स्त्रीलिङ्ग जैसे—'द्योदिवौ द्वे स्त्रियाम्······(१।२।१)' यहाँ 'स्त्रियाम्' इस विशेष शब्दसे 'द्यो और दिव्' ये दोनों शब्द स्त्रीलिङ्ग हैं। पुंल्लिङ्ग जैसे—'निधिर्ना शेवधिः······(१।१।७१)' यहाँ 'ना' इस विशेष शब्दसे 'निधि' शब्द पुंल्लिङ्ग है। नपुंसकलिङ्ग जैसे—'रोचिः शोचिरुभे क्लीबे (१।३।३४)' यहाँ 'क्लीबे' इस विशेष शब्दसे 'रोचिष् और शोचिष्' ये दोनों शब्द नपुंसकलिङ्ग हैं)॥

विशेषः—कहीं-कहीं सर्वनाम पदसे और विशेषण पदसे भी तीनों लिङ्ग जानने चाहिए। (सर्वनाम पदसे स्त्रीलिङ्ग जैसे—'दिशस्तु ककुभः काष्ठा आशाश्च हरितश्च ताः (१।३।१)' यहाँ 'ताः' इस स्त्रीलिङ्गवाले सर्वनाम पद से 'दिक्, ककुप्, काष्ठा, आशा और हरित्' ये पाँचों शब्द स्त्रीलिङ्ग हैं। सर्वनाम पदसे पुंल्लिङ्ग जैसे—'··········शुचिरयम् (१।४।१६)' यहाँ 'अयम्' इस सर्वनाम पदसे 'शुचि' शब्द पुंल्लिङ्ग है। सर्वनाम पदसे नपुंसकलिङ्ग जैसे—'····विषुवद्विषुवं च तत् (१।४।१४)' यहाँ 'तत्' इस सर्वनाम पदसे 'विषुवत् और विषुव' ये दोनों शब्द नपुंसकलिङ्ग हैं॥ विशेषण पदसे स्त्रीलिङ्ग जैसे—'·······संहूतिर्बहुभिः कृता (१।४।८)' यहाँ 'कृता' इस स्त्रीलिङ्ग विशेषण पदसे 'संहूति' शब्द स्त्रीलिङ्ग है)। विशेष पदसे लिङ्गके अतिरिक्त वचन आदिका भी ज्ञान होता है। (जैसे—'स्त्रियां बहुष्वप्सरसः·········(१।१।५२) यहाँ 'स्त्रियां और बहुषु' इन दो विशेष शब्दोंके कहनेसे 'अप्सरस्' शब्द केवल स्त्रीलिङ्ग

१ [1]भेदाख्यानाय न द्वन्द्वो नैकशेषो न सङ्करः ।

और बहुवचन ही होता है। दूसरा उदाहरण जैसे—'स्वरव्ययं············(१।१।६)' यहाँ 'अव्ययम्' इस विशेष पदसे 'स्वर्' शब्द अव्यय ही है। इसी तरह अन्यत्र भी समझना चाहिये) ॥

१ इस ग्रन्थमें प्रत्येक शब्दका लिङ्ग मालूम करनेके लिये उन शब्दोंके 'द्वन्द्व, एकशेष और सङ्कर' प्रायः नहीं किये गये हैं, जिनके लिङ्ग पहिले नहीं कहे हैं और भिन्न-भिन्न हैं, किन्तु जिन शब्दोंके लिङ्ग आदि कहींपर कह दिये गये हैं, उन्हींके 'द्वन्द्व, एकशेष और सङ्कर' किये गये हैं। (क्रमशः उदाहरण—पहला द्वन्द्व जैसे—जातिर्जातञ्च सामान्यं······(१।४।३१)' यहाँ 'जातिसामान्यजातानि' इस तरह और 'कुलिशं भिदुरं पविः' (१।१।४७)' यहाँ 'कुलिशभिदुरपवयः' इस तरह द्वन्द्व नहीं किया गया है; यहाँ पहले उदाहरणमें द्वन्द्व समास करनेपर [2]अन्तिम शब्दका लिङ्ग हो जानेसे 'जाति' शब्द स्त्रीलिङ्ग और 'जात तथा सामान्य' ये दोनों नपुंसकलिङ्ग हैं, यह मालूम नहीं हो सकता, इसी तरह दूसरे उदाहरणमें भी द्वन्द्व करनेपर 'कुलिश और भिदुर' ये दोनों शब्द नपुंसकलिङ्ग और 'पवि' शब्द पुंल्लिङ्ग है, यह मालूम नहीं पड़ सकता। दूसरा एकशेष जैसे—'ओकः सद्माश्रयश्चौकाः······(३।३।२३३)' यहाँ 'ओकस्' शब्दको 'सद्माश्रयश्चौकसौ' इस तरह और 'नभः खं श्रावणो नभाः (३।३।२३२)' यहाँ 'खश्रावणौ तु नभसी' इस तरह एकशेष नहीं किया गया है; अन्यथा पहले उदाहरणमें 'ओकस्' शब्द 'सद्म' अर्थात् गृह अर्थमें नपुंसक तथा 'आश्रय' अर्थमें पुंल्लिङ्ग है यह मालूम नहीं पड़ सकता, इसी तरह दूसरे उदाहरणमें भी 'नभस्' शब्द 'आकाश' अर्थमें नपुंसकलिङ्ग तथा 'श्रावण महीना' अर्थमें पुंल्लिङ्ग है यह ज्ञान नहीं हो सकता। तीसरा सङ्कर जैसे—'······स्तवः स्तोत्रं स्तुतिर्नुतिः (१।६।११)' यहाँ पुंल्लिङ्ग, नपुंसकलिङ्ग और स्त्रीलिङ्ग क्रमसे

---

१. उपाध्याय-गौड-मालाकार-श्रीभोजास्तु इमं विभिन्नक्रमेण व्याचख्युः, तद्व्याख्या च 'उपाध्यायश्च क्रमादृते·········इत्याद्येश्चार्थसूचनेति' क्षीरस्वामिकृतामरकोशोद्घाटनाख्यव्याख्यायां भा० दी० कृतव्याख्यासुधायाः, पं० शिवदत्तकृतटिप्पण्यां क्षीरस्वाम्यादिमतं, रायमुकुटकृत 'पदचन्द्रिका' रामकृष्णदीक्षितकृत 'पीयूष' व्याख्यां चानुपूर्व्येण विलिख्य पूर्वोक्तटिप्पणीकारमतं च लिखितमिति तत एव सकलं सविस्तरतोऽवधार्य्यम् ॥

२. 'परवल्लिङ्गं द्वन्द्वतत्पुरुषयोः (पा० सू० २।४।२६)' इति परवल्लिङ्गता स्यादित्याशयः ॥

कुतोऽत्र भिन्नलिङ्गानामनुक्तानां क्रमाद्दते ॥ ४ ॥

ही कहे गये हैं—'सङ्कर' अर्थात् मिश्रण करके 'स्तुतिः स्तोत्रं स्तवो नुतिः' इस तरह व्यतिक्रमसे नहीं कहा गया है। 'पीयूषममृतं सुधा (१।१।४८)' यहाँ 'पीयूषन्तु सुधाऽमृतम्' इस तरह सङ्कर अर्थात् संमिश्रण नहीं किया गया है; किन्तु पहले नपुंसकलिङ्गवाले 'पीयूष और अमृत' इन दो शब्दोंको कहनेके उपरान्त ही स्त्रीलिङ्गवाले 'सुधा' शब्दको कहा गया है; इसी तरह 'प्रश्नोऽनुयोगः पृच्छा च··· (१।६।१०)' इत्यादिमें भी समझना चाहिये। इस ग्रन्थमें जिन शब्दोंके कहींपर लिङ्ग कहे गये हैं; उन शब्दोंके तो '१ द्वन्द्व, २ एकशेष और ३ सङ्कर' प्रायः किये ही गये हैं। **पहला द्वन्द्व जैसे**—१ 'स्त्रियां बहुष्वप्सरसः (१।१।५२)'—२ 'यक्षैकपिङ्गैलविल···(१।१।६९)'—३ 'नैर्ऋतो यातुरक्षसी (१।१।६०)'—४ 'गन्धर्वो दिव्यगायने (३।३।१३३)'—५ 'स्यात्किन्नरः किम्पुरुषः (१।१।७१)' इन पाँच वाक्योंसे '१ अप्सरस् , २ यक्ष, ३ रक्षस्, ४ गन्धर्व और ५ किन्नर' इन पाँच शब्दोंके लिङ्ग कह दिये गये हैं; अतः 'विद्याधराप्सरोयक्षरक्षोगन्धर्वकिन्नराः (१।१।११)' यहाँ उक्त पाँच शब्दोंका द्वन्द्व किया ही गया है। समान लिङ्गवाले शब्दोंका तो यथावसर द्वन्द्व किया ही गया है;जैसे—'यक्षैकपिङ्गैलविलश्रीदपुण्यजनेश्वराः (१।१।६९)' यहाँ 'यक्ष, एकपिङ्ग, ऐलविल, श्रीद और पुण्यजनेश्वर' ये शब्द समानलिङ्ग अर्थात् पुंल्लिङ्ग ही हैं, अतः इनका द्वन्द्व किया ही गया है। **दूसरा एकशेष जैसे**—'पतिपत्न्योः प्रसूः श्वश्रूः श्वशुरस्तु पिता तयोः (२।६।३१)' इस वाक्यसे 'श्वश्रू और श्वशुर' इन दोनों शब्दोंके लिङ्ग कह दिये गये हैं; अतएव 'श्वश्रूश्वशुरौ श्वशुरौ (२।६।३७)' यहाँ 'श्वश्रू और श्वशुर' इन दोनों शब्दों का 'एकशेष' किया ही गया है। **तीसरा सङ्कर जैसे**—'श्रुतिः स्त्री वेद आम्नायस्त्रयी·········(१।६।३)' यहाँ पहले स्त्रीलिङ्गवाले 'श्रुतिः' शब्दको कहनेके उपरान्त पुंल्लिङ्गवाले 'वेद और आम्नाय' इन दो शब्दोंको कह कर फिर स्त्रीलिङ्गवाले 'त्रयी' शब्दको कहा गया है। 'प्रायशः' इस शब्दको कहनेसे 'पयः कीलालममृतं······(१।१०।३)'–'दुग्धं क्षीरं पयः समम्(२।९।५१)' इत्यादि वाक्योंसे यद्यपि 'पयस्' शब्दको नपुंसकलिङ्ग कह दिया गया है; तथापि 'पयः क्षीरं पयोऽम्बु च (३।३।२३३)' यहाँ 'अम्बुक्षीरे तु पयसी' इस तरह

१ त्रिलिङ्ग्यां त्रिष्विति पदं मिथुने तु द्वयोरिति।
२ निषिद्धलिङ्गं शेषार्थं—
३ त्वन्ताथादि न पूर्वभाक् ॥ ५ ॥

एकशेष नहीं करनेपर भी कोई दोष (प्रतिज्ञाहानि) नहीं है। इसी तरह अन्यान्य उदाहरण भी समझने चाहिये)॥

१ तीनों लिङ्ग (पुंलिङ्ग, स्त्रीलिङ्ग और नपुंसकलिङ्ग) हैं, यह बतलानेके लिये इस ग्रंथमें **'त्रिषु'**, पुँल्लिङ्ग और स्त्रीलिङ्ग दोनों लिङ्ग हैं, यह बतलानेके लिये **'द्वयोः'** ये शब्द कहे गये हैं। **(पहला तीनों लिङ्ग बतलानेके लिये जैसे—** '······मण्डलं त्रिषु (१।३।१५)' यहाँ 'त्रिषु' शब्द कहनेसे 'मण्डल' शब्दके तीनों लिङ्ग (पुंलिङ्ग, स्त्रीलिङ्ग और नपुंसकलिङ्ग) होते हैं। **दूसरा स्त्रीलिङ्ग बतलानेके लिये जैसे—** '······अशनिर्द्वयोः (१।१।४७)' यहाँ 'द्वयोः' शब्दके कहनेसे 'अशनि' शब्द पुंलिङ्ग और स्त्रीलिङ्ग होता है)॥

विशेषः—पुंल्लिङ्ग को बतलाने के लिये **'ना, पुमान्, पुंसि······'** स्त्रीलिङ्ग को बतलानेके लिये **'स्त्री, स्त्रियाम्······'** और नपुंसकलिङ्ग को बतलानेके लिये **'क्लीबम्······'** शब्द कहे गये हैं। इनके उदाहरण स्वयं समझ लेना चाहिये॥

२ जहाँ जिस लिङ्गका निषेध किया गया है, उस निषिद्ध (मना किये हुए) लिङ्गके अतिरिक्त शेष (बाकी) लिङ्ग उस शब्दके होते हैं। (**जैसे**—'संवत्सरो वत्सरोऽब्दो हायनोऽस्त्री······(१।४।२०)' यहाँ 'अस्त्री' इस शब्दसे 'संवत्सर' आदि चार शब्दोंके स्त्रीलिङ्गका निषेध करनेसे उक्त चार शब्द पुंलिङ्ग और नपुंसकलिङ्ग दोनों में हैं)॥

३ जिस शब्दके अन्तमें 'तु' या आदिमें 'अथ' शब्द हों, ऐसे, '१ नाम-पद, २ लिङ्गपद, ३ सर्वनामपद और ४ अव्ययपद' इन चारोंका पहलेवाले (पूर्वमें रहनेवाले) शब्दोंके साथमें सम्बन्ध नहीं होता है। (क्रमशः उदाहरण—**पहला (नामपद) त्वन्त** ('तु' अन्तवाला) जैसे—'···और्वस्तु वाडवो वडवानलः (१।१।५६)' यहाँ 'और्व' शब्दके आगे (अन्तमें) 'तु' शब्द है; अतः 'और्व' शब्दका सम्बन्ध आगेवाले 'वाडव' ही शब्दके साथ है, पूर्व (पहले) वाले शब्दके साथ नहीं। **दूसरा (लिङ्गपद) त्वन्त जैसे**— 'अन्तर्धा व्यवधा पुंसि त्वन्तर्धिरपवारणम् (१।३।१२)' यहाँ 'पुंसि' इस शब्दके

१. अथ स्वर्गवर्गः

१ स्वरव्ययं स्वर्गनाकत्रिदिवत्रिदशालयाः ।

अन्तमें 'तु' शब्द है; अत एव 'पुंसि' इस पदका आगेवाले 'अन्तर्धि' शब्दके साथ होनेसे वही (अन्तर्धि शब्द ही) पुंल्लिङ्ग है, पूर्व (पहलेवाला) नहीं। **तीसरा (सर्वनामपद) त्वन्त जैसे**—'गोष्ठं गोष्ठानकं तत्तु गौष्ठीनं भूतपूर्वकम् (२।९।१३)' यहाँ 'तत्' इस सर्वनाम पद के आगे 'तु' शब्द होनेसे उसका सम्बन्ध आगेवाले 'गौष्ठीन' शब्दके साथ है, पूर्ववाले 'गोष्ठानक' शब्दके साथ नहीं। **चौथा (अव्ययपद) त्वन्त जैसे**—'वियद्विष्णुपदं वा तु पुंस्याकाशविहायसी (१।२।२)' यहाँ 'वा' इस अव्यय पदके अन्तमें 'तु' शब्द है, अतः 'वा' पदका सम्बन्ध 'पुंसि' के साथ होनेसे 'आकाश और विहायस्' ये ही दो शब्द विकल्पसे पुंल्लिङ्ग होते हैं, पूर्ववाला 'विष्णुपद' शब्द नहीं। इसी तरहसे **पहला (नामपद) अथादि ('अथ' शब्द आदिमें हो ऐसा) जैसे**—'मोक्षोऽपवर्गोऽथाज्ञानमविद्या······(१।५।७)' यहाँ 'अज्ञान' शब्दके पूर्वमें (पहले) 'अथ' शब्द रहनेसे वह 'अज्ञान' शब्द आगेवाले 'अविद्या' शब्दका ही पर्याय है, पूर्ववाले 'अपवर्ग' शब्दका नहीं। **दूसरा (लिङ्गपद) अथादि जैसे**—'शस्तं चाथ त्रिषु द्रव्ये पापं पुण्यं···(१।४।२६)' यहाँ 'त्रिषु' इस लिंगपदके आदिमें 'अथ' शब्द रहनेसे पुंल्लिङ्ग, स्त्रीलिङ्ग और नपुंसकलिङ्गके अर्थमें प्रयुक्त 'त्रिषु' इस शब्दका आगेवाले 'द्रव्ये' इसके साथ सम्बन्ध होनेसे 'शस्त' शब्द द्रव्य ही अर्थमें त्रिलिंग है, पूर्ववाले शब्दोंका पर्यायवाचक (कल्याणमात्र का वाचक) होनेपर त्रिलिंग नहीं है। इसी तरह तीसरे और चौथे अर्थात् सर्वनामपद और अव्ययपदके भी अथादिका उदाहरण समझना चाहिये) ॥

विशेषः—यहाँ 'अथ' शब्द 'अथो' शब्दका उपलक्षण है, अतः 'अथ'के तुल्य 'अथो' शब्द भी जिसके आदिमें रहे, उसका सम्बन्ध भी पूर्ववाले शब्दके साथ नहीं होता है। (जैसे—'·········साम सान्त्वमथो समौ—' 'भेदोपजापावु·········(२।८।२१)' यहाँ 'समौ'के आदि में 'अथो' शब्दके रहने से 'समौ' इस शब्दका सम्बन्ध आगेवाले 'भेद और उपजाप' इन्हीं शब्दों के साथ होगा, पूर्ववाले 'सान्त्व' शब्द के साथ नहीं)। इसी तरह अन्यत्र भी अन्यान्य उदाहरणोंको स्वयं समझ लेना चाहिये ॥

१ स्वः (=स्वर् अ०), स्वर्गः, नाकः, त्रिदिवः, त्रिदशालयः, सुरलोकः

सुरलोको द्योदिवौ द्वे स्त्रियां क्लीबे त्रिविष्टपम् ॥ ६ ॥

१ अमरा निर्जरा देवास्त्रिदशा विबुधाः सुराः ।
सुपर्वाणः सुमनसस्त्रिदिवेशा दिवौकसः ॥ ७ ॥
आदितेया दिविषदो लेखा अदितिनन्दनाः ।
आदित्या ऋभवोऽस्वप्ना अमर्त्या अमृतान्धसः ॥ ८ ॥
बर्हिर्मुखाः क्रतुभुजो गीर्वाणा दानवारयः ।
वृन्दारका दैवतानि पुंसि वा देवताः स्त्रियाम् ॥ ९ ॥
२ आदित्यविश्ववसवस्तुषिताऽऽभास्वरानिलाः ।
महाराजिकसाध्याश्च रुद्राश्च गणदेवताः ॥ १० ॥

(५ पु), द्यौः (= द्यो), द्यौः (= दिव् । २ स्त्री), त्रिविष्टपम् (न । + त्रिपिष्टपम्), 'स्वर्ग' के ९ नाम हैं ॥

१ अमरः, निर्जरः, देवः, त्रिदशः, विबुधः, सुरः, सुपर्वा (=सुपर्वन्), सुमनाः (= सुमनस्), त्रिदिवेशः, दिवौकाः (= दिवौकस् । + दिवोकाः), आदितेयः, दिविषत् (=दिविषद्), लेखः, अदितिनन्दनः, आदित्यः, ऋभुः, अस्वप्नः, अमर्त्यः, अमृतान्धाः (= अमृतान्धस्), बर्हिर्मुखः, क्रतुभुक् (= क्रतुभुज्), गीर्वाणः (+ गीर्बाणः), दानवारिः, वृन्दारकः (२४ पु), दैवतम् (पु न), देवता (स्त्री), 'देवता' के २६ नाम हैं ॥

२ आदित्याः १२, विश्वे १०, वसवः ८, तुषिताः ३६ या ३६, आभास्वराः ६४, अनिलाः ४९, महाराजिकाः २२० या २३६ या ४०००, साध्याः १२, रुद्राः ११, (९ पु) 'गणदेवता' देवताओंके एक-एक गण (समूह) के ९ नाम हैं । इन गणदेवताओंके जितने-जितने भेद होते हैं, वे प्रत्येकके आगे लिख दिये गये हैं[१] ॥

---

१. 'आदित्या द्वादश प्रोक्ता विश्वेदेवा दश स्मृताः ॥
वसवश्चाष्ट संख्याताः षट्त्रिंशत्तुषिता मताः ॥ १ ॥
आभास्वराश्चतुःषष्टिर्वाताः पञ्चाशदूनकाः ॥
महाराजिकनामानो द्वे शते विंशतिस्तथा ॥ २ ॥
साध्या द्वादश विख्याता रुद्रा एकादश स्मृताः ॥' इति ॥
एषां नामानि परिशिष्टे द्रष्टव्यानि ।

१ विद्याधराऽप्सरोयक्षरक्षोगन्धर्वकिन्नराः ।
[1]पिशाचो गुह्यकः सिद्धो भूतोऽमी देवयोनयः ॥ ११ ॥
२ असुरा दैत्यदैतेयदनुजेन्द्रारिदानवाः ।
शुक्रशिष्या दितिसुताः पूर्वदेवाः सुरद्विषः ॥ १२ ॥
३ सर्वज्ञः सुगतो बुद्धो धर्मराजस्तथागतः ।
समन्तभद्रो भगवान्मारजिल्लोकजिज्जिनः ॥ १३ ॥
षडभिज्ञो दशबलोऽद्वयवादी विनायकः ।

१ विद्याधराः ('जीमूतवाहन,…'), अप्सरसः (स्त्री, नि० ब०, देवताओंकी स्त्रियाँ घृताची, मेनका, रम्भा,……), यक्षाः (कुबेर,……'), रक्षांसि (= रक्षस्, न । लङ्कावासी, माया करनेवाले), गन्धर्वाः (देवताओंके यहाँ गानेवाले-'तुम्बुरु,……'), किन्नराः (घोड़ेका मुँह तथा आदमीके शरीरवाले और आदमीका मुँह तथा घोड़ेके शरीरवाले), पिशाचाः (मांसभोजी भूतविशेष), [2]गुह्यकाः ('मणिभद्र,……'), सिद्धाः ('विश्वावसु……'), भूताः (शिव के गणविशेष—प्रमथ… । शे० ८ पु), 'देवयोनि' के १० नाम हैं । (इनका प्रयोग तीनों वचनोंमें होता है)॥

२ असुरः (+ आसुरः), दैत्यः, दैतेयः, दनुजः, इन्द्रारिः, दानवः, शुक्रशिष्यः, दितिसुतः, पूर्वदेवः, सुरद्विट् (= सुरद्विष् । १० पु) 'दैत्य' के १० नाम हैं ॥

३ सर्वज्ञः, सुगतः, बुद्धः, धर्मराजः, तथागतः, समन्तभद्रः, [3]भगवान् (= भगवत्), [4]मारजित्, लोकजित्, जिनः, [5]षडभिज्ञः, [6]दशबलः, अद्वयवादी

१. 'सिद्धगुह्यकभूता हि पिशाचा देवयोनयः' इति भागुरिः पपाठेति क्षी० स्वा० ॥

२. 'निधिं रक्षन्ति ये यक्षास्ते स्युर्गुह्यकसंज्ञकाः' ॥ इति ॥

३. 'ऐश्वर्यस्य समग्रस्य धर्मस्य यशसः श्रियः । वैराग्यस्याथ मोक्षस्य षण्णां भग इतीरणा ॥'
इति पूर्वोक्ताः षड् भगा यस्य स 'भगवान्' इति ॥

४. मारान् कामक्रोधादीन् बौद्धसम्मतान् स्कन्धमार–क्लेशमार–मृत्युमार–देवपुत्रमारांश्च जयतीति मारजित् ।

५. 'दिव्यं चक्षुःश्रोत्रम् १, परचित्तज्ञानम् २, पूर्वनिवासानुस्मृतिः ३, आत्मज्ञानम् ४, वियद्गमनम् ५, कायव्यूहसिद्धिः ६' इति षट्सु—'दानम् १, शीलम् २, क्षान्तिः ३, वीर्यम् ४, ध्यानम् ५, प्रज्ञा ६' इति षट्सु वा अभिज्ञा ज्ञानं यस्य स 'षडभिज्ञः' इति ॥

६. 'दानं १ शीलं २ क्षमा ३ वीर्यं ४ ध्यानं ५ प्रज्ञा ६ बलानि ७ च ॥
उपायः ८ प्रणिधि ९ र्ज्ञानं १० दश बुद्धबलानि वै ॥ १ ॥' इति ॥

मुनीन्द्रः श्रीघनः शास्ता मुनिः १शाक्यमुनिस्तु यः ॥ १४ ॥
स शाक्यसिंहः सर्वार्थसिद्धः शौद्धोदनिश्च सः ।
गौतमश्चार्कबन्धुश्च मायादेवीसुतश्च सः ॥ १५ ॥
२ ब्रह्माऽऽत्मभूः सुरज्येष्ठः परमेष्ठी पितामहः ।
हिरण्यगर्भो लोकेशः स्वयंभूश्चतुराननः ॥ १६ ॥
धाताऽब्जयोनिर्द्रुहिणो विरञ्चिः कमलासनः ।
स्रष्टा प्रजापतिर्वेधा विधाता विश्वसृड् विधिः ॥ १७ ॥
३ 'नाभिजन्माण्डजः पूर्वो निधनः कमलोद्भवः (१)
सदानन्दो रजोमूर्तिः सत्यको हंसवाहनः' (२)
४ विष्णुर्नारायणः कृष्णो वैकुण्ठो विष्टरश्रवाः ।
दामोदरो हृषीकेशः केशवो माधवः स्वभूः ॥ १८ ॥
दैत्यारिः पुण्डरीकाक्षो गोविन्दो गरुडध्वजः ।
पीताम्बरोऽच्युतः शार्ङ्गी विष्वक्सेनो जनार्दनः ॥ १९ ॥

(=अद्वयवादिन्), विनायकः, मुनीन्द्रः, श्रीघनः, शास्ता (=शास्तृ), मुनिः (१८ पु) 'बुद्ध' के १८ नाम हैं ॥

१ शाक्यमुनिः, शाक्यसिंहः, सर्वार्थसिद्धः, शौद्धोदनिः, गौतमः, अर्कबन्धुः, मायादेवीसुतः (७ पु), 'बुद्धके अवान्तरभेद, 'सप्तम बुद्ध' के ७ नाम हैं ॥

२ ब्रह्मा (ब्रह्मन्), आत्मभूः, सुरज्येष्ठः, परमेष्ठी (=परमेष्ठिन्), पितामहः, हिरण्यगर्भः, लोकेशः, स्वयम्भूः, चतुराननः, धाता(=धातृ), अब्जयोनिः, द्रुहिणः (= द्रुघणः), विरञ्चिः(+ विरिञ्चिः), कमलासनः, स्रष्टा (= स्रष्टृ), प्रजापतिः, वेधाः (वेधस्), विधाता (= विधातृ), विश्वसृट् (= विश्वसृज्), विधिः (२० पु), 'ब्रह्मा' के २० नाम हैं ॥

३ [नाभिजन्मा (=नाभिजन्मन्), अण्डजः, पूर्वः, निधनः, कमलोद्भवः, सदानन्दः, रजोमूर्तिः, सत्यकः, हंसवाहनः (९ पु), 'ब्रह्मा' के ९ नाम हैं ॥]

४ विष्णुः, नारायणः (+ नरायणः), कृष्णः, वैकुण्ठः, विष्टरश्रवाः (= विष्टरश्रवस्), दामोदरः, हृषीकेशः, केशवः, माधवः, स्वभूः, दैत्यारिः, पुण्डरीकाक्षः, गोविन्दः, गरुडध्वजः, पीताम्बरः, अच्युतः, शार्ङ्गी (=शार्ङ्गिन्), विष्व-

१. विपश्यी शिखी विश्वभूः ककुच्छन्दश्च काञ्चनः । काश्यपश्च, सप्तमस्तु शाक्यसिंहोऽर्कबान्धवः॥
तथा राहुलसूः सर्वार्थसिद्धो गौतमान्वयः । मायाशुद्धोदनसुतो देवदत्तग्रजश्च सः ॥
(अभि० चिन्ता० २।१४९-१५१)

उपेन्द्र इन्द्रावरजश्चक्रपाणिश्चतुर्भुजः ।
पद्मनाभो मधुरिपुर्वासुदेवस्त्रिविक्रमः ॥ २० ॥
देवकीनन्दनः शौरिः श्रीपतिः पुरुषोत्तमः ।
वनमाली बलिध्वंसी कंसारातिरधोक्षजः ॥ २१ ॥
विश्वम्भरः कैटभजिद्विधुः श्रीवत्सलाञ्छनः ।
१ 'पुराणपुरुषो यज्ञपुरुषो नरकान्तकः (३)
जलशायी विश्वरूपो मुकुन्दो मुरमर्दनः' (४)
२ वसुदेवोऽस्य जनकः स एवानकदुन्दुभिः ॥ २२ ॥
३ बलभद्रः प्रलम्बघ्नो बलदेवोऽच्युताग्रजः ।
रेवतीरमणो रामः कामपालो हलायुधः ॥ २३ ॥
नीलाम्बरो रौहिणेयस्तालाङ्को मुसली हली ।
सङ्कर्षणः सीरपाणिः कालिन्दीभेदनो बलः ॥ २४ ॥
४ मदनो मन्मथो मारः प्रद्युम्नो मीनकेतनः ।
कन्दर्पो दर्पकोऽनङ्गः कामः पञ्चशरः स्मरः ॥ २५ ॥

वसेनः (+ विश्वक्सेनः), जनार्दनः, उपेन्द्रः, इन्द्रावरजः, चक्रपाणिः, चतुर्भुजः, पद्मनाभः, मधुरिपुः, वासुदेवः, त्रिविक्रमः, देवकीनन्दनः, शौरिः (+ सौरिः), श्रीपतिः, पुरुषोत्तमः, वनमाली (=वनमालिन्), बलिध्वंसी (=बलिध्वंसिन्), कंसारातिः, अधोक्षजः, विश्वम्भरः, कैटभजित्, विधुः, श्रीवत्सलाञ्छनः (३९ पु), कृष्ण भगवान् के ३९ नाम हैं ॥

[१ पुराणपुरुषः, यज्ञपुरुषः, नरकान्तकः, जलशायी (=जलशायिन्), विश्वरूपः, मुकुन्दः, मुरमर्दनः (७ पु), कृष्णभगवान् के ७ नाम हैं ॥]

२ वसुदेवः, आनकदुन्दुभिः (२ पु), 'कृष्णके पिता' के २ नाम हैं ॥

३ बलभद्रः, प्रलम्बघ्नः, बलदेवः, अच्युताग्रजः, रेवतीरमणः, रामः, कामपालः, हलायुधः, नीलाम्बरः, रौहिणेयः, तालाङ्कः, मुसली (= मुसलिन् । + मुषली=मुषलिन्), हली (=हलिन्), सङ्कर्षणः, सीरपाणिः, कालिन्दीभेदनः, बलः (१७ पु), 'बलदेव' के १७ नाम हैं ॥

४ मदनः, मन्मथः, मारः, प्रद्युम्नः, मीनकेतनः, कन्दर्पः, दर्पकः, अनङ्गः, कामः, पञ्चशरः, स्मरः, शम्बरारिः (+ सम्बरारिः), मनसिजः, कुसुमेषुः,

शम्बरारिर्मनसिजः कुसुमेषुरनन्यजः ।
पुष्पधन्वा रतिपतिर्मकरध्वज आत्मभूः ॥ २६ ॥
१ 'अरविन्दमशोकं च चूतं च नवमल्लिका (५)
नीलोत्पलं च पञ्चैते पञ्चबाणस्य सायकाः (६)
२ उन्मादनस्तापनश्च शोषणः स्तम्भनस्तथा (७)
सम्मोहनश्च कामस्य पञ्चबाणाः प्रकीर्तिताः' (८)
३ ब्रह्मसूर्विश्वकेतुः स्यादनिरुद्ध उषापतिः ।
४ लक्ष्मीः पद्मालया पद्मा कमला श्रीर्हरिप्रिया ॥ २७ ॥
५ 'इन्दिरा लोकमाता मा क्षीरोदतनया रमा (९)
भार्गवी लोकजननी क्षीरसागरकन्यका' (१०)

अनन्यजः, पुष्पधन्वा (=पुष्पधन्वन्), रतिपतिः, मकरध्वजः, आत्मभूः (१९ पु), 'कामदेव' 'प्रद्युम्न' श्रीकृष्णपुत्रके १९ नाम हैं ॥

१ [अरविन्दम् , अशोकम् , चूतम्, नवमल्लिका (स्त्री), नीलोत्पलम् (शे० ४ न), ये ५ 'कामदेवके बाण' हैं ॥]

२ [उन्मादन, तापन, शोषण, स्तम्भन, सम्मोहन, ये क्रमसे पूर्वोक्त ५ 'कामदेवके बाणोंके धर्म' हैं ॥]

२ पङ्कम् (न पु), पाप्मा (= पाप्मन्, पु) पापम् किल्बिषम्, कल्मषम्, कलुषम्, वृजिनम्, एनः (= एनस्), अघम् , अंहः (= अंहस् । + अंघः, अंघस्), दुरितम्, दुष्कृतम् (१० न), 'पाप' के १२ नाम हैं ॥

३ धर्मः (पु न । + धर्मा = धर्मन्, पु), पुण्यम् , श्रेयः (= श्रेयस्), सुकृतम् (३ न) वृषः (पु) 'धर्म' के ५ नाम हैं ॥

४ मुत् (= मुद्), प्रीतिः (२ स्त्री), प्रमदः, हर्षः, प्रमोदः, आमोदः, संमदः, आनन्दथुः, आनन्दः, (७ पु), शर्म (= शर्मन्), शातम् (+ सातम्) सुखम् (३ न), 'हर्ष' के १२ नाम हैं ॥

५ श्वःश्रेयसम् (स्वःश्रेयसम्), शिवम् , भद्रम् (भन्द्रम्), कल्याणम्, मङ्गलम् , शुभम्, भावुकम्, भविकम्, भव्यम्, कुशलम् (+ कुषलम् । १० न), क्षेमम्' शस्तम् (२ न पु) 'कल्याण' के १२ नाम हैं ॥

६ 'पाप, पुण्य' शब्द और 'सुख' शब्दसे 'शस्त' शब्दतक १३ शब्द द्रव्यविशेष में प्रयुक्त होने पर त्रिलिङ्ग होते हैं । (जैसे—'पापो मनुष्यः, पापा नियमता, पापं दैन्यम् । पुण्यः प्रतापः, पुण्या सम्पत् , पुण्यं यशः । कल्याणो बन्धुः, कल्याणी भार्या, कल्याणं नित्यम्·······') ॥

७ मतल्लिका, मचर्चिका (२ नि० स्त्री) प्रकाण्डम् (नि० न । + पु)

प्रशस्तवाचकान्यमू१न्ययः शुभावहो विधिः ॥ २७ ॥
२ दैवं दिष्टं भागधेयं भाग्यं स्त्री नियतिर्विधिः ।
३ हेतुर्ना कारणं बीजं ४ निदानं त्वादिकारणम् ॥ २८ ॥
५ क्षेत्रज्ञ आत्मा पुरुषः ६ प्रधानं प्रकृतिः स्त्रियाम् ।
७ विशेषः कालिकोऽवस्था८गुणाः सत्त्वं रजस्तमः ॥ २९ ॥
९ जनुर्जननजन्मानि जनिरुत्पत्तिरुद्भवः ।
१० प्राणी तु चेतनो जन्मी जन्तुजन्युशरीरिणः ॥ ३० ॥

उद्धः, तल्लजः (२ पु), ये ५ किसी द्रव्यवाचक शब्दके साथ समस्त होकर अन्तमें रहनेसे उसकी श्रेष्ठताको प्रकट करते हैं। इनका स्वतन्त्र प्रयोग नहीं होता है। जैसे—'गोमतल्लिका, गोमचर्चिका, गोप्रकाण्डम्, गवोद्धः, गोतल्लजः,......')॥

१ अयः (पु) 'शुभकारक भाग्य' का १ नाम है॥

२ दैवम्, दिष्टम्, भागधेयम्, भाग्यम् (४ न), नियतिः (स्त्री), विधिः (पु), 'भाग्य' के ६ नाम हैं॥

३ हेतुः (पु), कारणम्, बीजम् (२ न), 'कारण' के ३ नाम हैं॥

४ निदानम् (न), 'मूल कारण' का १ नाम है॥

५ क्षेत्रज्ञः, आत्मा (=आत्मन्), पुरुषः (३ पु), 'शरीरकी अधिष्ठात्री देवता' के ३ नाम हैं॥

६ प्रधानम् (न), प्रकृतिः (स्त्री), 'सत्त्वगुण, रजोगुण और तमोगुणकी साम्यावस्था' के २ नाम हैं॥

७ अवस्था (स्त्री), 'समयकृत विशेष' अर्थात् 'उम्र'का १ नाम है। (जैसे—लड़कपन, जवानी, बुढ़ापा,......)॥

८ सत्त्वम्, रजः (=रजस्। +रजः=रज, पु), तमः (=तमस्) +तमः,=तम, पु । ३ न), ये ३ 'प्रकृतिके धर्म' हैं। इनका क्रमशः 'सत्त्वगुण, रजोगुण और तमोगुण' यह १-१ नाम है॥

९ जनुः (=जनुस्), जननम्, जन्म (=जन्मन्। +जन्मः=जन्म, पु। ३ न), जनिः (+पु), उत्पत्तिः (२ स्त्री), उद्भवः (पु), 'उत्पत्ति' अर्थात् 'पैदा होने या जन्म लेने' के ६ नाम हैं॥

१० प्राणी (=प्राणिन्), चेतनः, जन्मी (=जन्मिन्) जन्तुः, जन्युः, शरीरी

१ जातिर्जातं च सामान्यं २ व्यक्तिस्तु पृथगात्मता ।
३ चित्तं तु चेतो हृदयं स्वान्तं हृन्मानसं मनः ॥ ३१ ॥
इति कालवर्गः ॥ ४ ॥

५. अथ धीवर्गः ।

४ बुद्धिर्मनीषा धिषणा धीः प्रज्ञा शेमुषी मतिः ।
प्रेक्षोपलब्धिश्चित्संवित्प्रतिपज्ज्ञप्तिचेतनाः ॥ १ ॥
५ धीर्धारणावती मेधा ६ सङ्कल्पः कर्म मानसम् ।
७ 'अवधानं समाधानं प्रणिधानं तथैव च' (४४)

(= शरीरिन् । ६ पु), 'प्राणी'के ६ नाम हैं ॥

१ जातिः (स्त्री), जातम्, सामान्यम् (२ न), 'जाति'के ३ नाम हैं । ('जैसे—गोत्व, ब्राह्मणत्व, घटत्व,……') ॥

२ व्यक्तिः, पृथगात्मता (२ स्त्री), 'व्यक्ति'के २ नाम हैं । ('जैसे—गौ, मनुष्य, राम, श्याम,……') ॥

३ चित्तम्, चेतः (= चेतस्), हृदयम्, स्वान्तम्, हृत् (= हृद्), मानसम्, मनः (= मनस् । ७ न), 'मन या चित्त' के ७ नाम हैं ॥

इति कालवर्गः ॥ ४ ॥

५. अथ धीवर्गः ॥

४ बुद्धिः, मनीषा, धिषणा, धीः, प्रज्ञा, शेमुषी, मतिः, प्रेक्षा, उपलब्धिः, चित् (= चिद्), संवित् (= संविद्), प्रतिपत् (= प्रतिपद्), ज्ञप्तिः, चेतना (१४ स्त्री), 'बुद्धि' के १४ नाम हैं ॥

५ मेधा (स्त्री), 'धारणा शक्तिवाली बुद्धि' का १ नाम है ॥

६ संकल्पः (पु), 'संकल्प, मानसिक कर्म' का १ नाम है ॥

७ [अवधानम्, समाधानम्, प्रणिधानम् (३ न), 'समाधान' के ३ नाम हैं] ॥

---

* 'साङ्ख्ये बुद्धिमनोरैक्ये पर्यायाः, वैशेषिकादौ तु चतुर्दशापि बुद्धयर्थाः' इति क्षी० स्वा० ॥

१ चित्ताभोगो मनस्कारश्चर्चा सङ्ख्या विचारणा ॥ २ ॥
३ 'विमर्शो भावना चैव वासना च निगद्यते' (४५)
४ अध्याहारस्तर्क ऊहो ५ विचिकित्सा तु संशयः ।
सन्देहद्वापरौ ६ चाथ समौ निर्णयनिश्चयौ ॥ ३ ॥
७ मिथ्यादृष्टिर्नास्तिकता ८ व्यापादो द्रोहचिन्तनम् ।
९ समौ सिद्धान्तराद्धान्तौ १० भ्रान्तिर्मिथ्यामतिर्भ्रमः ॥ ४ ॥
११ संविदागूः प्रतिज्ञानं नियमाश्रवसंश्रवाः ।

---

१ चित्ताभोगः, मनस्कारः (२ पु), 'सुखादिमें मनके लगे रहने' के २ नाम हैं ॥

२ चर्चा, सङ्ख्या, विचारणा (३ स्त्री), 'प्रमाणोंके द्वारा किसी विषयके विचार करने' के ३ नाम हैं ॥

३ [विमर्शः (पु) [भावना, वासना (२ स्त्री), 'बीती हुई बात आदिके संस्कार' के ३ नाम हैं] ॥

४ अध्याहारः, तर्कः, ऊहः (३ पु), 'तर्क' के ३ नाम हैं ॥

५ विचिकित्सा (स्त्री), संशयः, सन्देहः, द्वापरः (३ पु), 'सन्देह' के ४ नाम हैं ॥

६ निर्णयः, निश्चयः (२ पु), 'निश्चय' के २ नाम हैं ॥

७ मिथ्यादृष्टिः, नास्तिकता (२ स्त्री), 'नास्तिकपना' के २ नाम हैं। ('ईश्वर या परलोक नहीं हैं, ऐसे ज्ञानको 'नास्तिकपना' कहते हैं') ॥

८ व्यापादः (पु), द्रोहचिन्तनम् (न), 'किसीसे द्रोह करनेका विचार करने' के २ नाम हैं ॥

९ सिद्धान्तः, राद्धान्तः (२ पु), 'सिद्धान्त' के २ नाम हैं। ('वाद-विवादके द्वारा किसी विषयको निश्चय करने या अपने अटल मतको 'सिद्धान्त' कहते हैं') ॥

१० भ्रान्तिः, मिथ्यामतिः (२ स्त्री), भ्रमः (पु), 'भ्रम' के ३ नाम हैं। ('जैसे—शुक्तिमें रजतका, रस्सीमें सर्पका ज्ञान होना 'भ्रम' है') ॥

११ संवित् (= संविद्), आगूः (= आगुर्, 'आगूः, आगुरौ, आगुरः' ऐसे रूप होते हैं। अथवा—आगूः, = आगू, 'आगूः, आग्वौ, आग्वः' इत्यादि

१ अङ्गीकाराभ्युपगमप्रतिश्रवसमाधयः ॥ ५ ॥
२ मोक्षे धीर्ज्ञानम् ३ अन्यत्र विज्ञानं शिल्पशास्त्रयोः ।
४ मुक्तिः कैवल्यनिर्वाणश्रेयोनिःश्रेयसामृतम् ॥ ६ ॥
मोक्षोऽपवर्गो ऽ५थाज्ञानमविद्याऽहम्मतिः स्त्रियाम् ।
६ रूपं शब्दो गन्धरसस्पर्शाश्च विषया अमी ॥ ७ ॥
गोचरा इन्द्रियार्थाश्च ७ हृषीकं विषयीन्द्रियम् ।
८ कर्मेन्द्रियं तु पाय्वादि—

'सम्पद्' शब्दके समान रूप होते हैं। (२ स्त्री), प्रतिज्ञानम् (न), नियमः, आश्रवः, संश्रवः (३ पु), 'प्रतिज्ञा' के ६ नाम हैं ॥

१ अङ्गीकारः (+ स्वीकारः), अभ्युपगमः, प्रतिश्रवः, समाधिः (४ पु), 'स्वीकार करने' के ४ नाम हैं ॥

२ ज्ञानम् (न), 'मोक्ष–विषयक बुद्धि' का १ नाम है ॥

३ विज्ञानम् (न), 'शिल्प (कारीगरी), अथवा शास्त्रविषयक बुद्धि' का १ नाम है। (मुकुटने 'मोक्षे' इसको निमित्त सप्तमी मानकर मोक्षनिमित्तक शिल्प-शास्त्र-विषयक बुद्धिको 'ज्ञान' तथा अन्यनिमित्तक शिल्प-शास्त्रविषयक बुद्धिको 'विज्ञान' अर्थ किया है) ॥

४ मुक्तिः (स्त्री), कैवल्यम्, निर्वाणम्, श्रेयः (= श्रेयस्), निःश्रेयसम्, अमृतम् (५ न), मोक्षः, अपवर्गः (२ पु), 'मोक्ष' के ८ नाम हैं ॥

५ अज्ञानम् (न), अविद्या, अहम्मतिः (२ स्त्री), 'अज्ञान' के ३ नाम हैं ॥

६ रूपम् (न), शब्दः, गन्धः, रसः, स्पर्शः (४ पु), ये ५ नेत्रादि एक-एक इन्द्रिय के एक-एक विषय' के नाम हैं। ('नेत्रका विषय 'रूप' जिह्वा का विषय 'रस' नासिकाका विषय 'गन्ध' कानका विषय 'शब्द' और त्वचा अर्थात् चमड़ेका विषय 'स्पर्श' है। इन्हींके गोचरः, विषयः, इन्द्रियार्थः (३ पु), ये ३ सामान्य नाम हैं ॥

७ हृषीकम्, विषयि (= विषयिन्), इन्द्रियम् (३ न), 'इन्द्रियों' के ३ नाम हैं। ('कर्मेन्द्रिय और ज्ञानेन्द्रिय भेदसे इन्द्रिय दो प्रकारके हैं; जिनका विवरण आगे किया जा रहा है') ॥

८ कर्मेन्द्रियम् (न), 'काम करनेवाली इन्द्रियों' का १ नाम है। ('पायु अर्थात् गुदा १, उपस्थ अर्थात् भग या लिङ्ग २, हाथ ३, पैर ४ और वाक् ५ ये कर्मेन्द्रिय अर्थात् काम करनेवाली इन्द्रियाँ हैं। 'मलत्याग करना,

—१ मनोनेत्रादि धीन्द्रियम् ॥ ८ ॥

२ तुवरस्तु कषायोऽस्त्री ३ मधुरो लवणः कटुः ।
तिक्तोऽम्लश्च रसाः पुंसि ४ तद्वत्सु षडमी त्रिषु ॥ ९ ॥
५ विमर्दोत्थे परिमलो गन्धे जनमनोहरे ।

भोग करना, ग्रहण करना, चलना और बोलना' इनमेंसे 1–1 नाम क्रमशः एक–एक इन्द्रियका[1] है') ॥

१ धीन्द्रियम् (न । + ज्ञानेन्द्रियम्), 'ज्ञानेन्द्रिय' का १ नाम है । ('मन १, कान २, नेत्र ३, जीभ ४, त्वचा ५ और नाक ६, ये ६ ज्ञानेन्द्रिय अर्थात् ज्ञान करनेवाली इन्द्रियाँ[2] हैं । 'जानना, सुनना, देखना, स्वाद लेना, स्पर्श-ज्ञान करना और सूँघना' इनमें से 1–1 काम क्रमशः 1–1 इन्द्रियका है') ॥

२ तुवरः (+ तूवरः, कुवरः । पु) कषायः, (पु न) 'कषाय' कसाव' के २ नाम हैं । (हर्रेमें 'कषाय' रस होता है) ॥

३ मधुरः, लवणः, कटुः, तिक्तः, अम्लः (+ अंब्लः, अम्लः । ५ पु), 'मीठा, खारा, कडुआ, तीता और खट्टा' ये पाँच और पहिला 'कषाय' ऐसे ६ रस हैं । ('इनमें पानी आदि 'मीठा', नमक, सोरा आदि 'खारा' मिर्च आदि 'कडुआ' नीम, चिरैता आदि 'तीता' और आम, नींबू, इमली आदि 'खट्टे' होते हैं । रसः (पु) है') ॥

४ ये 'तुवर, मधुर' आदि ७ नाम स्वतः रसवाचक रहनेपर पुंलिङ्ग हैं; किन्तु द्रव्यवाचक अर्थात् रसवाले पदार्थके अर्थमें प्रयुक्त होनेपर त्रिलिङ्ग हैं । जैसे—मधुरं जलम्, मधुरा आपः, मधुरो गुडः,........) ॥

५ परिमलः (पु), 'किसी पदार्थके संघर्ष अर्थात् रगड़से

१. तथा च कामन्दकः —'पायूपस्थे पाणिपादौ वाक्चेतीन्द्रियसंग्रहः ।
उत्सर्ग आनन्दादानगत्यालापाश्च तत्क्रियाः ॥ १ ॥' इति ॥

२. तदुक्तम्—'मनः कर्णस्तथा नेत्रं रसना च त्वचा सह ।
नासिका चेति षट् तानि धीन्द्रियाणि प्रचक्षते ॥ १ ॥' इति ॥

१ आमोदः सोऽतिनिर्हारी २ वाच्यलिङ्गत्वमागुणात् ॥ १० ॥
३ समाकर्षी तु निर्हारी ४ सुरभिर्घ्राण तर्पणः ।
इष्टगन्धः सुगन्धिः स्या५दामोदी मुखवासनः ॥ ११ ॥
६ पूतिगन्धिस्तु दुर्गन्धो ७ विस्रं स्यादामगन्धि यत् ।
८ शुक्लशुभ्रशुचिश्वेतविशदश्येतपाण्डराः ॥ १२ ॥
अवदातः सितो गौरो वलक्षो धवलोऽर्जुनः ।
हरिणः पाण्डुरः पाण्डुः —

उत्पन्न जनमनोहर गन्धविशेष या बकुलके गन्ध' का १ नाम है ।

१ [1]आमोदः (पु), 'अत्यन्त बढ़िया गन्ध या कस्तूरीके गन्ध' का १ नाम है ॥

२ यहां से 'गुणे शुक्लादयः पुंसि (१।५।१७)' के पूर्वतक सब शब्द त्रिलिङ्ग हैं॥

३ समाकर्षी (= समाकर्षिन्), निर्हारी (= निर्हारिन् । २ त्रि), 'दूरस्थ सुगन्धित पदार्थ' के २ नाम हैं ॥

४ [2]सुरभिः, घ्राणतर्पणः, इष्टगन्धः, सुगन्धिः (४ त्रि), 'सुगन्धि' के ४ नाम हैं (इनमें 'सुरभि' नाम 'चम्पकके गन्ध' का भी है) ॥

५ आमोदी (= आमोदिन्), [3] मुखवासनः (भागुरि म० अगुरुवासनः । २ त्रि), 'मुखको सुगन्धित करनेवाले पान आदि' के २ नाम हैं । ('मुखवासनः' नाम 'कपूरके गन्ध' का भी है') ॥

६ पूतिगन्धिः, दुर्गन्धः (२ त्रि), 'दुर्गन्धि, बदबू' के २ नाम हैं ॥

७ विस्रम् (त्रि), 'बिना पके हुए मांस आदिके गन्ध' का १ नाम है ॥

८ शुक्लः, शुभ्रः, शुचिः, श्वेतः, विशदः, श्येतः, पाण्डरः, अवदातः, सितः, गौरः, वलक्षः (+ अवलक्षः), धवलः, अर्जुनः, हरिणः, पाण्डुरः, पाण्डुः (१६ त्रि), 'सफेद, उजले' के १६ नाम हैं । ('मतान्तरसे 'शुक्ल' आदि १३ नाम 'सफेद' के हैं और अन्तवाले 'हरिणः' आदि ३ नाम 'पाण्डुर' अर्थात् 'कुछ पीलापन लिये हुए सफेद' के हैं') ॥

१-२-३. 'कस्तूरिकायामामोदः कर्पूरे मुखवासनः ।
बकुले स्यात्परिमलश्चम्पके सुरभिस्तथा ॥ १ ॥' इति ॥

—१ ईषत्पाण्डुस्तु धूसरः ॥ १३ ॥
२ कृष्णे नीलासितश्यामकालश्यामलमेचकाः ।
३ पीतो गौरो हरिद्राभः ४ पालाशो हरितो हरित् ॥ १४ ॥
५ लोहितो रोहितो रक्तः ६ शोणः कोकनदच्छविः ।
७ अव्यक्तरागस्त्वरुणः ८ श्वेतरक्तस्तु पाटलः ॥ १५ ॥
९ श्यावः श्यात्कपिशो १० धूम्रधूमलौ कृष्णलोहिते ।
११ कडारः कपिलः पिङ्गपिशङ्गौ कद्रुपिङ्गलौ ॥ १६ ॥
१२ चित्रं किर्मीरकल्माषशबलैताश्च कर्बुरे ।

---

१ ईषत्पाण्डुः, धूसरः (२ त्रि), 'धूसर' के २ नाम हैं ॥

२ कृष्णः, नीलः, असितः, श्यामः, कालः, श्यामलः, मेचकः (७ त्रि), 'काले' के ७ नाम हैं ॥

३ पीतः, गौरः, हरिद्राभः (३), 'पीले' के ३ नाम हैं ॥

४ पालाशः (+पलाशः), हरितः, हरित् (३ त्रि), 'हरे' के ३ नाम हैं ॥

५ लोहितः रोहितः, रक्तः (३ त्रि), 'लाल' के ३ नाम हैं ॥

६ शोणः (त्रि), 'लाल कमलके समान सुर्ख लाल' का १ नाम है ॥

७ अरुणः (त्रि), 'गुलाबी' का १ नाम हैं ॥

८ पाटलः (त्रि), 'सफेदी लिये हुए लाल रंग' का १ नाम है ॥

९ श्यावः, कपिशः (२ त्रि), 'फीके रंग' के २ नाम हैं ॥

१० धूम्रः, धूमलः, कृष्णलोहित, (३ त्रि), 'कालापनसे युक्त लाल' के ३ नाम हैं ॥

११ कडारः, कपिलः, पिङ्गः, पिशङ्गः, कद्रुः, पिङ्गलः (६ त्रि), 'भूरे' के ६ नाम हैं ॥

१२ चित्रम् (आ० वी० म० नपुं०), किर्मीरः (+कर्मीरः), कल्माषः, शबलः, एतः, कर्बुरः (६ त्रि), 'चितकबरे' के ६ नाम हैं । ('कौन २ रंग कैसे होते हैं, यह बात टिप्पणीमें स्पष्ट है' *) ॥

---

*श्वेतादिरागाणां व्यक्तं विवरणं शब्दार्णवे प्रोक्तम् । तद्यथा—
'श्वेतस्तु समपीतोऽसौ रक्तेतरजपारुचिः । बलक्षस्तु सितः श्यामः कन्दलीकुसुमोपमः ॥१॥

१ गुणे शुक्लादयः पुंसि गुणिलिङ्गास्तु तद्वति ॥ १७ ॥

इति धीवर्गः ॥ ५ ॥

६. अथ शब्दादिवर्गः ।

२ *ब्राह्मी तु भारती भाषा गीर्वाग्वाणी सरस्वती ।
व्याहार उक्तिर्लपितं भाषितं वचनं वचः ॥ १ ॥

१ इनमें से 'शुक्ल' आदि सब शब्द गुणवाचक रहनेपर पुंल्लिङ्ग ही होते हैं और गुणिवाचक होनेपर त्रिलिङ्ग होते हैं ('जैसे—शुक्लः पटः, शुक्ला शाटी, शुक्लं वस्त्रम्,………') ॥

इति धीवर्गः ॥ ५ ॥

६. अथ शब्दादिवर्गः ।

२ ब्राह्मी (+गौः, =गो), भारती, भाषा, गीः (गिर् । +गिरा), वाक् (=वाच्), वाणी (+वाणिः), सरस्वती, व्याहारः (पु), उक्तिः (शेष ८ स्त्री), लपितम्, भाषितम्, वचनम्, वचः (=वचस् । ४ न), 'वचन' अर्थात् 'बोलने' के १२ नाम हैं । ('इनमेंसे 'ब्राह्मी' से 'सरस्वती' तक ६ शब्द 'वचनके अधिष्ठात्री देवी' के भी नाम हैं') ॥

अर्जुनस्तु सितः कृष्णलेशवान् कुमुदच्छविः । पाण्डुस्तु पीतभागार्द्धः केतकीधूलिसन्निभः ॥१
धूसरस्तु सितः पीतलेशवान् बकुलच्छविः । मेचकः कृष्णनीलः स्यादतसीपुष्पसन्निभः ॥२
सितपीतहरिद्रक्तः कडारस्तृणवह्निवत् । अयं तद्रक्तपीताङ्गः कपिलो गोविभूषणः ॥४
हरितांशेऽधिकेऽसौ तु पिशङ्गः पद्मधूलिवत् । पिशङ्गस्त्वासितावेऽशांपिशो दीपशिखादिषु ॥५
पिङ्गलस्तु परिच्छायः पिङ्गे शुक्लाङ्गखण्डवत् ॥' इति ॥

१ 'ब्राह्मी गौर्भारती………' इति पाठान्तरम् ॥

१ अपभ्रंशोऽपशब्दः स्याच्छास्त्रे शब्दस्तु वाचकः ।
३ तिङ्सुबन्तचयो वाक्यं क्रिया वा कारकान्विता ॥ २ ॥
४ श्रुतिः स्त्री वेद आम्नायस्त्रयी ५ धर्मस्तु तद्विधिः ।

१ अपभ्रंशः, अपशब्दः (२ पु) 'अपभ्रंश' अर्थात् 'व्याकरण शास्त्रसे नहीं सिद्ध होनेवाले गगरी, घड़ा, इत्यादि भ्रष्ट (असंस्कृत) शब्द' के २ नाम हैं ॥

२ शब्दः (पु), 'व्याकरण आदि शास्त्रोंमें जो वाचक हैं उन'का १ नाम है । ('जैसे—'ओत-प्रोत तन्तुओंका वाचक 'पट' शब्द है, कम्बुग्रीवादि-संस्थान विशिष्टका वाचक 'घट' शब्द है,·········') ॥

३ वाक्यम् (न), 'वाक्य' का १ नाम है । ('तिङन्त समुदाय १, 'सुबन्त-समुदाय २, पद-समुदाय ३, या कारकान्वित क्रिया ४, को 'वाक्य' कहते हैं । क्रमशः उदाहरण—१ तिङन्त-समुदाय जैसे—'पचति, भवति,·········' । २ सुबन्त-समुदाय जैसे—'प्रकृतिसिद्धमिदं हि महात्मनाम्,······' । ३ पद-समुदाय जैसे—'देवदत्तो गच्छति, ओदनं पचति,······' । ४ कारकान्वित क्रिया जैसे—'रावणं जहि निशितेन शरेण,······') ॥

४ श्रुतिः, वेदः, आम्नायः (२ पु), त्रयी (शेष २ स्त्री), 'वेद' के ४ नाम हैं ॥

५ धर्मः (पु । मुकुट म० [1]'त्रयीधर्मः', पु,) 'धर्म' अर्थात् 'वेदोक्त यज्ञादि

१. 'ऋक्, साम, यजुः' इति प्रत्येकं वेदस्य पर्याय इत्युक्त्वा 'त्रयीधर्मः' इत्येकं 'वेद-विहितयागादिकर्मणः' पर्याय इत्युक्तम्, तत्र च त्रय्या धर्मस्त्रयीधर्मः, तथा त्रय्या विधिर्विधी-यमानो यागादिरिति विग्रहः प्रदर्शितस्तच्चिन्त्यम् । 'विद्या धर्मेण शोभते, धर्मक्षेत्रे कुरुक्षेत्रे (गी. १।१), धर्मान्नो वक्तुमर्हसि (मनु. १।२)। ब्रूहि धर्मानशेषतः (याज्ञ. स्मृ. १।१), धर्मादनिच् केवलात् (पा. सू. ५।४।१२४), इत्याद्यभियुक्तोक्तवचनेषु 'धर्म'शब्दस्यैव दर्शनात् । 'भीमः भीम-सेनः, सत्या, भामा, सत्यभामा', इतिवत्पदैकदेशस्यात्रापि प्रयोग इति तु नाशङ्क्यम् । लोके भीमादीनां पृथक् पृथक् प्रयोगदर्शनेनास्य 'त्रयीधर्म'शब्दस्य क्वापि तथाऽदर्शनेन वैषम्यात् । 'त्रयीधर्म'शब्दस्य प्रयोग उपलब्धे तु प्रतिपाद्यप्रतिपादकभावरूपं सम्बन्धं मत्वा षष्ठीतत्पुरुष-समासो बोध्यः । ब्राह्मणक्षत्रियवैश्यानां द्विजत्वेऽपि ब्राह्मणस्यापि द्विजत्ववदिहापि सामान्य-विशेषरूपेणोभयसम्भवात् '······वेदास्त्रयस्त्रयी (१।३।६)' इत्यनेन पौनरुक्त्यं नाशङ्क्यम् । '······धर्ममस्त्रियाम् (१।४।२४)' इत्यनेनापि न पौनरुक्त्यम् । तत्र धर्मपर्यायाणामत्र च धर्मस्वरूपस्य धर्मप्रमाणस्य चाभिधानेनादोषात् । अधिकन्तु परत्र द्रष्टव्यम् ॥

१ स्त्रियामृक्सामयजुषी इति वेदास्त्रयस्त्रयी ॥ ३ ॥
२ शिक्षेत्यादि श्रुतेरङ्गं३मोङ्कारप्रणवौ समौ।
४ इतिहासः पुरावृत्त५मुदात्ताद्यास्त्रयः स्वराः ॥ ४ ॥
६ आन्वीक्षिकी—

कर्म'का १ नाम है। ('स्मृतियोंके भी वेदमूलक होनेसे स्मृत्युक्त कर्म भी 'धर्म' ही है') ॥

१ ऋक् (= ऋच्, स्त्री), साम (= सामन्), यजुः (= यजुस् । २ न), अर्थात् 'ऋग्वेद, सामवेद और यजुर्वेद' ये ३ 'वेद' हैं, इन तीनोंका 'त्रयी' (स्त्री), यह १ नाम है ॥

२ शिक्षा (स्त्री), आदि ('आदि शब्दसे 'कल्प १, व्याकरण २, निरुक्त ३, ज्यौतिष ४ और छन्दः ५, इनका संग्रह है') को 'वेदाङ्गम्'[1] (न) 'वेदाङ्ग' अर्थात् 'वेदोंका अङ्ग' कहते हैं ॥

३ ओङ्कारः (+ॐकारः), प्रणवः, (२ पु), 'वेदारम्भ' अर्थात् 'ओंकार' के २ नाम हैं ॥

४ इतिहासः (पु), 'पुरावृत्तम् (न), 'इतिहास' के २ नाम हैं। ('पूर्व-कालमें बीती हुई कथाको 'इतिहास' कहते हैं, जैसे—'महाभारत,……') ॥

५ उदात्तः (पु), आदि ('आदि पदसे 'अनुदात्त और स्वरित' का संग्रह है'), ३ को 'स्वराः'[2] (पु), अर्थात् 'स्वर' कहते हैं ॥

६ आन्वीक्षिकी[3] (स्त्री), 'गौतम आदिकी रचित तर्कविद्या' का १ नाम है ॥

---

१. तदुक्तम्—'शिक्षा कल्पो व्याकरणं निरुक्तं ज्योतिषां गतिः।
छन्दोविचितिरित्येष षडङ्गो वेद उच्यते ॥ १ ॥' इति ॥

२. तदुक्तम्—'उदात्तश्चानुदात्तश्च स्वरितश्च स्वरास्त्रयः।
चतुर्थः प्रचितो नोक्तो यतोऽसौ छान्दसः स्मृतः ॥ १ ॥' इति ॥

३. आन्वीक्षिक्यादयश्चतस्रो विद्याः कामन्दके—
'आन्वीक्षिकी त्रयी वार्त्ता दण्डनीतिश्च शाश्वती।
विद्या ह्येताश्चतस्रस्तु लोकसंस्थितिहेतवः ॥ १ ॥' इति ॥

१ दण्डनीतिस्तर्कविद्याऽर्थशास्त्रयोः ।
२ आख्यायिकोपलब्धार्था ३ पुराणं पञ्चलक्षणम् ॥ ५ ॥

---

१ दण्डनीतिः (स्त्री), 'बृहस्पति आदिके रचित अर्थशास्त्र' का १ नाम है ॥

२ आख्यायिका, उपलब्धार्था (२ स्त्री), 'आख्यायिका' के २ नाम हैं। ('अनुभूत विषयको प्रतिपादन करनेवाले ग्रन्थको 'आख्यायिका'[1] कहते हैं, हैं, जैसे—'कादम्बरी, वासवदत्ता······') ॥

३ पुराणम् (न), 'पुराण' अर्थात् पांच लक्षणोंसे युक्त ग्रंथ' का १ नाम है। ('सर्ग १, प्रतिसर्ग अर्थात् संहार २, वंश ३, मन्वन्तर ४ और वंशवर्णन ५, इन पांच लक्षणोंसे युक्त ग्रन्थको 'पुराण'[2] कहते हैं। 'पद्मपुराण १, ब्रह्मपुराण ३, शिवपुराण ४, देवीभागवत पुराण ५, नारदपुराण ६, मार्कण्डेयपुराण ७, अग्निपुराण ८, भविष्यपुराण ९, ब्रह्मवैवर्तपुराण १०, लिङ्गपुराण ११, वाराहपुराण १२, स्कन्दपुराण १३, वामनपुराण १४, कूर्मपुराण १५, मत्स्यपुराण १६ गरुडपुराण १७, और ब्रह्माण्डपुराण १८, ये १८ 'पुराण'[3] हैं') ॥

तासां प्रतिपाद्यविषयाश्च विज्ञानादयस्तदाह—

'आन्वीक्षिक्यां तु विज्ञानं धर्माधर्मौ त्रयीस्थितौ ।
अर्थानर्थौ तु वार्त्तायां दण्डनीत्यां नयानयौ ॥ १ ॥' इति ॥

१. 'आख्यायिका कथावत्स्यात्कवेर्वंशादिकीर्तनम् ।
अस्यामन्यकवीनाञ्च वृत्तं पद्यं क्वचित्क्वचित् ॥ १ ॥
कथांशानां व्यवच्छेद आश्वास इति बध्यते ।
आर्यावक्त्रापवक्त्राणां छन्दसा येन केनचित् ॥ २ ॥
अन्यापदेशेनाश्वासमुखे भाव्यर्थसूचनम् ॥' इति ॥ सा द० ६।३३४॥

२. 'सर्गश्च प्रतिसर्गश्च वंशो मन्वन्तराणि च । वंशानुचरितं चैव पुराणं पञ्चलक्षणम् ॥१॥
इति अभि० चिन्ता० 'हैम' २।१६६ ॥

प्रतिसर्गः संहारोऽन्यत्स्पष्टम् । क्वचित् 'वंशानुचरितं चैवे'ति तृतीयपादस्थाने 'भूम्यादेश्चैव संस्थानम् इति पाठभेदः ।

३. तदुक्तं विष्णुपुराणे—

१ प्रबन्धकल्पना कथा २ प्रवह्लिका प्रहेलिका ।

---

१ कथा (स्त्री), 'कथा' अर्थात् '[१]वाक्यविस्तारकी कल्पनावाले ग्रन्थ'का १ नाम है । ('जैसे—'रामायण, कथासरित्सागर, बृहत्कथामञ्जरी,'' ''') ॥

२ प्रवह्लिका (+प्रवल्हिका, प्रवल्ही, प्रश्नदूती, विपादिका),[२] प्रहेलिका (२ स्त्री), 'पहेली, बुझौवल' के २ नाम हैं । (संस्कृतकी पहेली जैसे—'पानीयं पातुमिच्छामि त्वत्तः कमललोचने । यदि दास्यसि नेच्छामि न दास्यसि पिबाम्यहम्' । इस श्लोकमें दोनों 'दास्यसि' पदको दानार्थक मानकर 'दोगी' यह अर्थ करनेपर सन्देह होता है और एक 'दास्यसि' पदको उक्तार्थक तथा दूसरे 'दास्यसि' पदका 'दासी हो' यह अर्थ माननेपर संदेह दूर हो जाता है । हिन्दीकी पहेली जैसे—'सारी लुगड़ी जल गई, जला न एको तागा । घरके लड़के फँस गये, घर खिड़कीसे भागा' ॥ इस पद्यमें 'समूची लुगड़ी अर्थात् कन्थाके जलने पर एक तागाका भी नहीं जलना, चैतन्य गृहवासियोंका फंस जाना और अचैतन्य घरका भाग जाना, ये सब सन्देह उत्पन्न होते हैं; किन्तु 'जल गया' इस शब्दका 'जलमें गया' ऐसा अर्थ करनेपर एक तागाका भी नहीं जलना असन्देहार्थक है, तथा जालमें चैतन्य मछलियोंका फँस जाना और जालके छिद्ररूपी खिड़कीसे पानीरूपी मछलियोंके घरका भाग जाना ऐसा अर्थ करनेसे कोई सन्देह नहीं होता है, इसी तरह प्रत्येक भाषामें 'पहेली' होती है') ॥

अष्टादश पुराणानि पुराणज्ञाः प्रचक्षते । पाद्मं ब्राह्मं वैष्णवञ्च शैवं भागवतं तथा ॥१॥
तथाऽन्यन्नारदीयञ्च मार्कण्डेयञ्च सप्तमम् आग्नेयमष्टमं चैव भविष्यं नवमं स्मृतम् ॥२॥
दशमं ब्रह्मवैवर्तं लैङ्गमेकादशं तथा । वाराहं द्वादशञ्चैव स्कान्दञ्चात्र त्रयोदशम् ॥३॥
चतुर्दशं वामनकं कौर्मं पञ्चदशं स्मृतम् । मात्स्यञ्च गारुडञ्चैव ब्रह्माण्डञ्च ततः परम् ॥४॥' इति ॥

प्रत्येकपुराणस्य श्लोकसङ्ख्याविषयादिज्ञानार्थं विष्णुपुराणस्य त्रिपञ्चाशत्तमोऽध्यायो द्रष्टव्य इति ।

२. तदुक्तम्—'व्यक्तीकृत्य कमप्यर्थं स्वरूपार्थस्य गोपनम् ।
यत्र बाह्यार्थसम्बद्धं कथ्यते सा प्रहेलिका ॥ १ ॥' इति ॥

१ स्मृतिस्तु धर्मसंहिता २ समाहृतिस्तु संग्रहः ॥ ६ ॥
३ [1]समस्या तु समासार्था ४ किंवदन्ती जनश्रुतिः ।
५ वार्ता प्रवृत्तिर्वृत्तान्त उदन्तः स्याद्६थाह्वयः ॥ ७ ॥

---

१ स्मृतिः (स्त्री), 'स्मृति शास्त्र' अर्थात् 'मनु आदिके बनाये हुए धर्म-ग्रन्थ' का १ नाम है । (मनुस्मृति आदि २० या इससे भी अधिक[2] स्मृतियाँ हैं') ॥

२ समाहृतिः (स्त्री) [3]संग्रह (पु), 'संग्रह ग्रन्थ' के २ नाम हैं । ('जैसे—'हितोपदेश, पञ्चतन्त्र,······') ॥

३ समस्या, समासार्था (+असमासार्था' । २ स्त्री), 'समस्या' के २ नाम हैं । ('पद्यपूर्तिके लिये पद्यका थोड़ा अंश जो कहा जाय, उसे 'समस्या' कहते हैं, जैसे—'टटंटटंटंटटटंटटंटः' यह थोड़ा पद्यांश कहा गया है, इसे पूरा करनेपर 'राज्याभिषेके मदविह्वलाया हस्तच्युतो हेमघटो युवत्याः । सोपान-मार्गेषु करोति शब्दं टटंटटंटंटटटंटटंटः' यह पद्य होता है । यह भी प्रत्येक भाषामें होती है') ॥

४ किंवदन्ती, जनश्रुतिः (२ स्त्री), लोगोंमें बातचीतके चलने, शोर हो जाने, लोकनिन्दा या लोकोक्ति' के २ नाम हैं ॥

५ वार्ता, प्रवृत्तिः (२ स्त्री), वृत्तान्तः, उदन्तः (२ पु), 'बात' के ४ नाम हैं ॥

६ आह्वयः (पु), आख्या, आह्वा (२ स्त्री), अभिधानम् , नामधेयम् ,

---

१. 'समस्या त्वसमासार्था·········' इति पाठान्तरम् ॥

२. मनुर्यमो वसिष्ठोऽत्रिर्दक्षो विष्णुस्तथाऽङ्गिराः ।
उशना वाक्पतिर्व्यास आपस्तम्बोऽथ गौतमः ॥ १ ॥
कात्यायनो नारदश्च याज्ञवल्क्यः पराशरः ।
संवर्तश्चैव शङ्खश्च हारीतो लिखितस्तथा ॥ २ ॥' इति ॥
एता विंशतिराख्याता धर्मशास्त्रप्रवर्तकाः ।

क्वचित् 'नारदश्च' इत्यस्य स्थाने 'शातातपश्च'इति पाठः । 'मन्वादिस्मृतयो यास्तु षट्त्रिंशत्परिकीर्तिताः' इति भविष्यपुराणे गुहं प्रति विष्णूक्तेस्तासां षट्त्रिंशत्सङ्ख्या वा बोध्या ॥

३. 'विस्तरेणोपदिष्टानामर्थानां सूत्रभाष्ययोः ।
निबन्धो यः समासेन संग्रहं तं विदुर्बुधाः ॥ १ ॥' इति ॥

आख्याह्वे अभिधानं च नामधेयं च नाम च।
१ हूतिराकारणाह्वानं २ संहूतिर्बहुभिः कृता ॥ ८ ॥
३ विवादो व्यवहारः स्या४दुपन्यासस्तु वाङ्मुखम्।
५ उपोद्घात उदाहारः ६ शपनं शपथः पुमान् ॥ ९ ॥
७ प्रश्नोऽनुयोगः पृच्छा च ८ प्रतिवाक्योत्तरे समे।
९ मिथ्याभियोगोऽभ्याख्यान१०मथ मिथ्याभिशंसनम् ॥ १० ॥

नाम (= नामन्। ३ न। + संज्ञा, स्त्री), 'नाम' के ६ नाम हैं ॥

१ हूतिः, आकारणा (२ स्त्री), आह्वानम् (न), 'बुलाने या पुकारने' के ३ नाम हैं।

२ संहूतिः (स्त्री), 'इकट्ठा होकर बहुत लोगोंके पुकारने' का १ नाम है ॥

३ विवादः, व्यवहारः (२ पु), 'विवाद या झगड़ा' अर्थात् 'लेन, देन इत्यादि किसी विरुद्ध विषयोंको लेकर परस्पर विरुद्ध भाषण करने या मुकदमे-बाजी' के २ नाम हैं ॥

४ उपन्यासः (पु), वाङ्मुखम् (न), बातको प्रारम्भ करने' के २ नाम हैं ॥

५ उपोद्घातः, उदाहारः (२ पु), 'कही जानेवाली बातकी सिद्धिके लिये भूमिका बाँधने, या दृष्टान्त आदि देने' के २ नाम हैं ॥

६ शपनम् (न), शपथः (पु) 'शपथ कसम' के २ नाम हैं ॥

७ प्रश्नः, अनुयोगः, (२ पु), पृच्छा (स्त्री), 'प्रश्न' के २ नाम हैं ॥

८ प्रतिवाक्यम् , उत्तरम् (२ न), 'उत्तर, जबाब' के २ नाम हैं ॥

९ मिथ्याभियोगः (पु), अभ्याख्यानम् (न), 'किसीपर झूठा आक्षेप करने' के २ नाम हैं ॥ (जैसे—'कुछ नहीं लिये हुए किसी आदमीपर तुमने अमुक चीज ली है, इत्यादि आक्षेप करना,........') ॥

१० मिथ्याभिशंसनम् (न), अभिशापः (पु । + शापः), 'किसीके ऊपर पापविषयक झूठा सन्देह करने' के २ नाम हैं। ('जैसे—किसीने परदारागमन या मद्यपान इत्यादि नहीं किया है ; किन्तु उसपर परदारागमन या मद्यपान आदि करनेका सन्देह करना,..............') ॥

अभिशापः १ प्रणादस्तु शब्दः स्यादनुरागजः ।
२ [1]यशः कीर्तिः समज्ञा च ३ स्तवः स्तोत्रं नुतिः स्तुतिः ॥ ११ ॥
४ आम्रेडितं द्विस्त्रिरुक्त५मुच्चैर्घुष्टं तु घोषणा ।
७ काकुः स्त्रियां विकारो यः शोकभीत्यादिभिर्ध्वनेः ॥ १२ ॥
७ अवर्णाक्षेपनिर्वादपरीवादापवादवत् ।
उपक्रोशो जुगुप्सा च कुत्सा निन्दा च गर्हणे ॥ १३ ॥
८ पारुष्यमतिवादः स्याद्—

१ प्रणादः (पु), 'गुणके प्रेमसे कहे हुए शब्द' अर्थात् 'वाहवाही या शाबासी देने' का २ नाम है ॥

२ यशः (= यशस् , न), कीर्त्तिः, समज्ञा (+ समाज्ञा, समज्या । २ स्त्री), 'कीर्ति यश' के ३ नाम हैं । (जीवित व्यक्तिकी ख्यातिको 'यश' तथा मृत व्यक्तिकी ख्यातिको 'कीर्त्ति' कहते हैं, ऐसा मनुस्मृतिके टीकाकार कुल्लूक भट्टने कहा है[2] ॥

३ स्तवः (पु), स्तोत्रम् (न), नुतिः, स्तुतिः (+ प्रशंसा । २ स्त्री), 'स्तुति' के ४ नाम हैं ॥

४ [3]आम्रेडितम् (न), 'एक ही शब्दको दो या तीन बार कहने' का १ नाम है । (जैसे—साँप साँप दौड़ो दौड़ो,······') ॥

५ उच्चैर्घुष्टम् (न), घोषणा (स्त्री), ऊँचे स्वरसे घोषणा कहने' के २ नाम हैं ।

६ काकुः (स्त्री), 'शोक डर या काम इत्यादिके कारण विकृत ध्वनिसे बोलने' का १ नाम हैं । 'जैसे—उपकृतं बहु तत्र किमुच्यते'······' अर्थात् किसी बुराई करनेवालेसे—'आपने हमारा बड़ा उपकार किया' इत्यादि वचन कहना······') ॥

७ अवर्णः, आक्षेपः, निर्वादः, परीवादः (+ परिवादः), अपवादः (+ अववादः), उपक्रोशः (६ पु), जुगुप्सा, कुत्सा, निन्दा (३ स्त्री), गर्हणम् (न), 'निन्दा, शिकायत' के १० नाम हैं ॥

८ पारुष्यम् (न), अतिवादः (पु), 'कटु वचन या कड़ाईसे बोलने' के २ नाम हैं ॥

१. 'यशः कीर्तिः समज्या च······' इति पाठान्तरम् ।

२. एतदर्थं मनुस्मृतेर्मन्वर्थमुक्तावली (८।१२७) टीका द्रष्टव्या ।

३. तस्य परमाम्रेडितम् (पा० सू० ८।१।२) इत्यनेनेत्यवधेयम् ॥

—१ भर्त्सनं त्वपकारगीः।
२ यः सनिन्द उपालम्भस्तत्र स्यात्परिभाषणम् ॥ १४ ॥
३ तत्र त्वाक्षारणा यः स्यादाक्रोशो मैथुनं प्रति।
४ स्यादाभाषणमालापः ५ प्रलापोऽनर्थकं वचः ॥ १५ ॥
६ अनुलापो मुहुर्भाषा ७ विलापः परिदेवनम्।
८ विप्रलापो विरोधोक्तिः ९ संलापो भाषणं मिथः ॥ १६ ॥
१० सुप्रलापः सुवचन ११ मपलापस्तु निह्नवः।

१ भर्त्सनम् (न), अपकारगीः (= अपकारगिर्, स्त्री), 'फटकारने' के २ नाम हैं ॥

२ परिभाषणम् (न), 'शिकायत करते हुए दोषको कहने' का १ नाम है ॥

३ आक्षारणा (स्त्री। + न), 'परपुरुषगमन या परस्त्री-गमन-विषयक दोष लगाने' का १ नाम है ॥

४ आभाषणम् (न), आलापः (पु), 'प्रेमसे बात करने' के २ नाम हैं ॥

५ प्रलापः (पु), 'प्रलाप करने, बड़बड़ाने' का १ नाम है ॥

६ अनुलापः (पु), मुहुर्भाषा (स्त्री), 'एक ही विषयको बार-बार कहने' के २ नाम हैं ॥

७ विलापः (पु। + विलपनम्, न), परिदेवनम् (न। + स्त्री), रोते हुए बोलने' के २ नाम हैं ॥

८ विप्रलापः (पु), विरोधोक्तिः (स्त्री), 'परस्पर विरुद्ध बात कहने' के २ नाम हैं ॥

९ संलापः (पु), 'परस्परमें बात करने' का १ नाम है। ('आलाप' एक आदमी भी कर सकता है; किन्तु 'संलाप' एक आदमी नहीं कर सकता, यही आलाप और संलापमें भेद है') ॥

१० सुप्रलापः (पु), सुवचनम् (न), 'मीठे वचन' के २ नाम हैं ॥

११ अपलापः, निह्नवः (२ पु), 'असल विषयको छिपानेके लिये मुकर जाने' के २ नाम हैं ॥

१ [1]"चोद्यमाक्षेपाभियोगौ २ शापाक्रोशौ दुरेषणा (४६)
३ अस्त्री चाटु चटु ४ श्लाघा प्रेमणा मिथ्याविकत्थनम्' (४७)
५ सन्देशवाग्वाचिकं स्याद्वाग्भेदास्तु त्रिषूत्तरे ॥ १७ ॥
७ [2]रुषती वागकल्याणी ८ स्यात्कल्या तु शुभात्मिका ।
९ अत्यर्थमधुरं सान्त्वं—

१ [चोद्यम् (न), आक्षेपः, अभियोगः (२ पु), 'आक्षेप' के ३ नाम हैं] ॥

२ [शापः, आक्रोशः (२ पु), दुरेषणा (स्त्री), 'शाप देने' के ३ नाम हैं] ॥

३ [चाटु, चटु (२ पु न), 'मुंहदेखी बात कहने, चापलूसी करने' के २ नाम हैं] ॥

४ [श्लाघा (स्त्री) 'प्रेमसे झूठी स्तुति करने' का १ नाम है] ॥

५ सन्देशवाक् (= सन्देशवाच्, स्त्री), वाचिकम् (न) 'संदेश कहने' के २ नाम हैं ॥

६ यहां से '……त्रिषु तद्वति (१।६।२२) तक सब शब्द त्रिलिङ्ग हैं ॥

७ रुषती (त्रि । + रुशती, उषती मु० म० । यह 'रुषती' स्त्रीलिङ्गका रूप है, पुंल्लिङ्गमें 'रुषन्' और नपुंसकलिङ्गमें 'रुषत्' रूप होता है । इसी तरह आगे कहे जानेवाले शब्दोंके भी तीनों लिङ्गमें भिन्न २ रूप होंगे, उन्हें स्वयं समझ लेना चाहिये'), 'अशुभ वचन' का १ नाम है ॥

८ कल्या (त्रि । + काल्या), 'शुभ वचन' का १ नाम है ॥

९ सान्त्वम् (त्रि), 'अत्यन्त मधुर वचन' का १ नाम है ॥

१. 'चोद्यमाक्षेप………विकत्थनम्' अयमंशः क्षी० स्वा० टीकायामुपलभ्यते ॥

२. 'रुषती वागकल्याणी……' इति मुकुटसम्मतं पाठान्तरम् । अत्र '(रुषती) हिंस्रेत्यर्थः, न तां वदेद्रुषतीं (गां) पापकोक्याम्, अत एव 'रुषती'ति असभ्यः पाठः' इति क्षी० स्वा० । 'मुकुटस्तु 'उषती'ति पाठे 'उष दाहे' इत्यस्य शत्रन्तस्य 'उषती' इति रूपमाह, तन्न । तस्माच्छपि 'कर्तरि शप्' (पा० सू० ३।१।६८) 'पुगन्तलघु—(पा० सू० ७।३।८६) इति गुणस्य 'शप्श्यनोर्नित्यम्' (पा० सू० ७।१।८१) इति नुमश्च प्रसङ्गात्' इति भा० दी० । तन्नेति भा० दी० प्रतीकमादाय 'गुणस्य संज्ञापूर्वकत्वेन नुम आगमशासनत्वेन तेनैव वारितत्वेनाकिञ्चित्करमेतत् । पीयूषव्याख्यायामपि 'उषती' इति पाठं प्रदर्श्य 'रुशती' इत्येके—इत्युक्तम्' इति शि० द० इत्युक्तम् ॥

—१ सङ्गतं हृदयङ्गमम् ॥ १८ ॥

२ निष्ठुरं परुषं ३ ग्राम्यमश्लीलं ४ सूनृतं प्रिये।

सत्येऽ५थ सङ्कुलक्लिष्टे परस्परपराहते ॥ १९ ॥

६ लुप्तवर्णपदं ग्रस्तं ७ निरस्तं त्वरितोदितम्।

८ [1]अम्बूकृतं सनिष्ठीव९मबद्धं स्यादनर्थकम् ॥ २० ॥

१० अनक्षरमवाच्यं स्या११दाहतं तु मृषार्थकम्।

---

१ सङ्गतम्, हृदयङ्गमम् (२ त्रि), 'संगतियुक्त वचन, मौकेकी बात' के २ नाम हैं ॥

२ निष्ठुरम्, परुषम् (२ त्रि), 'निष्ठुर वचन' के २ नाम हैं ॥

३ ग्राम्यम्, अश्लीलम् (२ त्रि), 'भाँड़ आदिके कहे हुए सभ्यता-विरुद्ध वचन' के २ नाम हैं ॥

४ सूनृतम् (त्रि), 'सत्य और प्रिय वचन' का १ नाम है ॥

५ सङ्कुलम्, क्लिष्टम्, परस्परपराहतम् (भा० दी० म० । ३ त्रि), 'विरुद्धार्थक या बेमौकेकी बात' के ३ नाम हैं ॥

६ लुप्तवर्णपदम्, ग्रस्तम् (भा० दी० म० । २ त्रि), 'रोगी, बालक या असमर्थके कहे हुए अधूरे वचन' के २ नाम हैं।

७ निरस्तम्, त्वरितोदितम् (भा० दी० म० । २ त्रि), शीघ्रतासे कहे हुए वचन' के २ नाम हैं ॥

८ अम्बूकृतम्, सनिष्ठीवम् (भा० दी० म० सनिष्ठेवम् । २ त्रि), 'थूकका छींटा निकलते हुए कहे गये वचन' के २ नाम हैं ॥

९ अबद्धम् (+ अबध्यम्), अनर्थकम् (भा० दी० म० । २ त्रि), 'अनर्थक वचन' अर्थात् 'बिना मतलबकी बात' के २ नाम हैं ॥

१० अनक्षरम्, अवाच्यम् (२ त्रि), 'नहीं कहने योग्य वचन' के २ नाम हैं ॥

११ आहतम्, मृषार्थकम् (भा० दी० म० । २ त्रि), 'अत्यन्त झूठे वचन' के २ नाम हैं। (जैसे–बन्ध्याका वह लड़का, आकाशपुष्पका मुकुट पहने हुए, मृगतृष्णाके जलमें स्नानकर, कच्छपीदुग्धको पीनेके उपरान्त, शशशृङ्गके बाणको

---

१. 'अम्बूकृतं सनिष्ठेवमबध्यं स्यादनर्थकम्' इति पाठान्तरम् ॥

१ ¹"सोल्लुण्ठनं तु सोत्प्रासं २ भणितं रतिकूजितम् (४८)
३ श्राव्यं हृद्यं मनोहारि विस्पष्टं प्रकटोदितम्"(४९)
४ अथ म्लिष्टमविस्पष्टं ५ वितथं त्वनृतं वचः ॥ २१ ॥
६ सत्यं तथ्यमृतं सम्यगमूनि त्रिषु तद्वति ।
७ शब्दे निनादनिनदध्वनिध्वानरवस्वनाः ॥ २२ ॥
स्वाननिर्घोषनिर्ह्रादनादनिस्वाननिस्वनाः ।
आरवारावसंरावविरावा ८ अथ मर्मरः ॥ २३ ॥
स्वनिते वस्त्रपर्णानां ९ भूषणानां तु शिञ्जितम् ।

बजाकर अष्टम स्वरसे गान किया तो, उसे परार्द्धसे अधिक रुपया पारितोषिक मिला'………') ॥

१ [सोल्लुण्ठनम्, सोत्प्रासम् (२ त्रि), 'हँसीकी बात'के २ नाम हैं] ॥

२ [भणितम् (+ मणितम्), रतिकूजितम् (२ त्रि), 'रति-कालमें किये हुए शब्द'के २ नाम हैं] ॥

३ [श्राव्यम्, हृद्यम्, (मनोहारि = मनोहारिन्), विस्पष्टम्, प्रकटोदितम् (५ त्रि), 'स्पष्ट वचन' के ५ नाम हैं। (म० से 'श्राव्यम्' आदि ३ नाम 'मनोहर वचन' के हैं और शेष 'विस्पष्टम्' आदि २ नाम उक्तार्थक हैं')] ॥

४ म्लिष्टम्, अविस्पष्टम् (२ त्रि) 'अस्पष्ट वचन' के २ नाम हैं ॥

५ वितथम्, अनृतम् (२ त्रि), झूठे वचन' के २ नाम हैं ॥

६ सत्यम्, तथ्यम्, ऋतम्, सम्यक् (= सम्यञ्च्। ४ त्रि), 'सत्य वचन' के ४ नाम हैं। ये चार शब्द द्रव्यवाचक होनेपर त्रिलिङ्ग होते हैं। ('जैसे-सत्यः पुरुषः, सत्या नारी, सत्यं कुलम्, ………') ॥

७ शब्दः, निनादः, निनदः, ध्वनिः, ध्वानः, रवः, स्वनः, स्वानः, निर्घोषः, निर्ह्रादः, नादः, निस्वानः, निस्वनः, आरवः, आरावः, संरावः, विरावः (१७ पु), 'शब्द' के १७ नाम हैं ॥

८ मर्मरः (पु), 'कपड़े या सूखे पत्तोंके शब्द' का १ नाम है ॥

९ शिञ्जितम् (न। + स्वामी म० 'शिञ्जा'), 'आभूषणके शब्द'का १ नाम है ॥

---

१. 'सोल्लुण्ठनं……प्रकटोदितम्' अयमंशः क्षी० स्वा० टीकायामुपलभ्यते। 'सोल्लुण्ठनं……कूजितम्' इत्येतावन्मात्रोंऽशो भा० दी० व्याख्यातम् ॥

१ निक्वाणो निक्वणः क्वाणः क्वणः क्वणनमित्यपि ॥ २४ ॥
वीणायाः क्वणिते २ प्रादेः प्रक्वाणप्रक्वणादयः।
३ कोलाहलः कलकलः ४ तिरश्चां वाशितं रुतम् ॥ २५ ॥
५ स्त्री प्रतिश्रुत्प्रतिध्वाने ६ गीतं गानमिमे समे।
इति शब्दादिवर्गः ॥ ६ ॥

७. अथ नाट्यवर्गः।

७ निषादर्षभगान्धारषड्जमध्यमधैवताः ।

---

१ निक्वाणः, निक्वणः, क्वाणः, क्वणः (४ पु), क्वणनम् (न), 'वीणा आदिके शब्द' के ५ नाम हैं ॥

२ इन 'निक्वाण' आदि शब्दोंके 'प्र' आदि (आदिसे 'उप, सु' इत्यादिका संग्रह है) उपसर्ग जोड़नेसे बने हुए 'प्रक्वाणः' प्रक्वणः' आदि (आदि शब्दसे 'प्रक्वणनम्, उपक्वणः, उपक्वाणः, उपक्वणनम्......' का संग्रह है) शब्द भी उसी अर्थमें होते हैं। ('भा० दी० मतमें 'शिञ्जितम्.......' आदि ५ नाम 'भूषणादिके शब्द' के हैं, 'प्रक्वाण' आदि 'वीणादिके शब्द' के हैं'') ॥

३ कोलाहलः, कलकलः (२ पु०), 'कोलाहल, शोरगुल' के २ नाम हैं ॥

४ वाशितम् (+वासितम् । न), 'पक्षियोंके चहचहाने' अर्थात् शब्द करने'का १ नाम है ॥

५ प्रतिश्रुत् (स्त्री), प्रतिध्वानः (+ प्रतिध्वनिः। पु), प्रतिध्वनित शब्द' के २ नाम हैं। ('ऐसा शब्द पहाड़ आदिकी गुफामें या मन्दिरोंमें होता है') ॥

६ गीतम्, गानम् (२ न), 'गाना' के २ नाम हैं ॥

इति शब्दादिवर्गः ॥ ६ ॥

७. अथ नाट्यवर्गः ॥

७ निषादः, ऋषभः, गान्धारः, [२]षड्जः, [३]मध्यमः, धैवतः,

---

१. चिन्त्यमेतत्, 'क्वणो वीणायाञ्च' (पा० सू० ३।३।६५) इति 'च'कारस्य, 'नौ अनुपसर्गे' इत्यनुकर्षणार्थकत्वात् क्षी० स्वा० महे० रा० कृ० दी० क्रमपूर्वव्याख्यानस्यैवौचित्यात् ॥

२ 'नासां कण्ठमुरस्तालुं जिह्वां दन्तांश्च संस्पृशन्।
षड्भ्यः संजायते यस्मात्तस्मात्षड्ज इति स्मृतः' ॥ १ ॥ इति ॥

३ 'तद्वदेवोत्थितो वायुरुरःकण्ठसमाहतः।
नाभिं प्राप्तो महानादो मध्यस्थस्तेन मध्यमः' ॥ २ ॥ इति ॥

पञ्चमश्चेत्यमी सप्त तन्त्रीकण्ठोत्थिताः स्वराः ॥ १ ॥
१ काकली तु कले सूक्ष्मे २ ध्वनौ तु मधुरास्फुटे।
कलो ३ मन्द्रस्तु गम्भीरे ४ तारोऽत्युच्चैस्त्रयस्त्रिषु ॥ २ ॥
५ [1]'नृणामुरसि मध्यस्थो द्वाविंशतिविधो ध्वनिः (५०)
स मन्द्रः कण्ठमध्यस्थस्तारः शिरसि गीयते' (५१)
६ समन्वितलयस्त्वेकतालो ७ वीणा तु वल्लकी।

---

[2]पञ्चमः (७ पु), ये ७ 'वीणा आदिके तार तथा प्राणियोंके कण्ठसे निकले हुए स्वरोंके भेद' हैं।

१ काकली (+ काकलिः। स्त्री), 'मधुर ध्वनि' का १ नाम है॥

२ कलः (त्रि), 'अस्पष्ट मधुर ध्वनि' का १ नाम है॥

३ मन्द्रः (+ मद्रः। त्रि), 'गम्भीर ध्वनि' का १ नाम है॥

४ तारः (त्रि), 'अत्यन्त ऊँचे शब्द' का १ नाम है॥

५ [मनुष्योंके हृदयमें बाइस प्रकारकी ध्वनियाँ रहती हैं, उनमें कण्ठके बीच वालोंको 'मन्द्रः', (त्रि) 'मन्द्र' और शिरके बीचमें रहनेवालोंको 'तारः' (त्रि), 'तार' कहते हैं] ॥

६ एकतालः (पु), 'गीत और बाजाओंके लयको एक स्वरमें मिलाने' का १ नाम है॥

७ वीणा, वल्लकी, विपञ्ची (३ स्त्री), [3]'वीणा' के ३ नाम हैं॥

---

१. 'नृणामुरसि.........'गीयते' इत्यंशः केवलं महेश्वरव्याख्याते पुस्तके समुपलभ्यते, किन्तु सर्वैरप्यव्याख्यातोऽयमित्यवधेयम्॥

२. 'वायुः समुद्गतो नाभेरुरोहृत्कण्ठमूर्धसु ।
विचरन् पञ्चमस्थानप्राप्त्या पञ्चम उच्यते' ॥ १ ॥ इति ॥

अथ प्रसङ्गात्कुतः २ स्थानात्कस्य २ स्वरस्याविर्भाव इत्यत्र नारदोक्तिः प्रदर्श्यते—

'षड्जं रौति मयूरस्तु गावो नर्दन्ति चर्षभम्।
अजाविकौ च गान्धारं क्रौञ्चो वदति मध्यमम् ॥ १ ॥
पुष्पसाधारणे काले कोकिलो रौति पञ्चमम्।
अश्वस्तु धैवतं रौति निषादं रौति कुञ्जरः' ॥ २ ॥ इति ॥

पुष्पसाधारणे काले वसन्तर्तौ इत्यर्थः ॥

३. कस्य २ वीणायाः कानि २ नामानीत्यत्र हैमोक्तं प्रदर्श्यते—

विपञ्ची १ सा तु तन्त्रीभिः सप्तभिः परिवादिनी ॥ ३ ॥
२ ततं वीणादिकं वाद्य ३ मानद्धं मुरजादिकम् ।
४ ¹वंशादिकं तु सुषिरं ५ कांस्यतालादिकं घनम् ॥ ४ ॥
६ चतुर्विधमिदं वाद्यं वादित्रातोद्यनामकम् ।

---

१ परिवादिनी (स्त्री), 'सितार' अर्थात् 'सात तारवाली वीणा' का १ नाम है ॥

२ ततम् (न), 'वीणा आदि बाजाओं' का १ नाम है । ('आदि पदसे 'सैरन्ध्री, रावणहस्त, एकतारा, सारंगी, इसराज, बेला, तानपूरा,……' का संग्रह है') ॥

३ आनद्धम् (+ अवनद्धम् । न), 'जो चमड़ेसे मढ़े गये हों, उन मुरज आदि बाजाओं' का १ नाम है । ('जैसे—मुरज, पटह, ढोल, तबला,……') ॥

४ सुषिरम् (+ शुषिरम् । न), 'वंशी आदि बाजाओं' का १ नाम है । ('आदि पदसे 'शङ्ख, मुरली, तुरही, सींगा, बेन……' का संग्रह है') ॥

५ घनम् (न), 'घड़ी, घण्टा आदि बाजाओं' का १ नाम है । ('आदि पदसे 'घण्टी, झाल, झांझ, मंजीरा,…' का संग्रह है') ॥

६ वादित्रम्, आतोद्यम् (२ न), पूर्वोक्त 'तत १, आनद्ध २, सुषिर ३ और घन ४' इन ²'चार प्रकारके बाजाओं' के २ नाम हैं ॥

'शिवस्य वीणा नालम्बी सरस्वत्यास्तु कच्छपी ॥
नारदस्याथ महती गणानान्तु प्रभावती ।
विश्वावसोस्तु बृहती तुम्बुरोस्तु कलावती ।
चाण्डालानां तु कण्डोलवीणा चाण्डालिकाऽपि सा' ॥ इति ॥

अ० चि० म० 'हैम' २ । २०२–२०४ ॥

१. 'वंशादिकं तु शुषिरं………' इति भा० दी० प्राच्यसम्मतं पाठान्तरम्, क्षी० स्वा० महे० सम्मतं तु मूलोक्तमित्यवधेयम् ॥

२. तथा च भरतः—
'ततश्चैवावनद्धं च घनं शुषिरमेव च । चतुर्विधं तु विज्ञेयमातोद्यं लक्षणान्वितम्' ॥१॥ इति ॥

१ मृदङ्गा मुरजा २ भेदास्त्वङ्क्यालिङ्ग्योर्ध्वकास्त्रयः ॥ ५ ॥
३ स्याद्यशःपटहो ढक्का ४ [1]भेरी स्त्री दुन्दुभिः पुमान्।
५ आनकः पटहोऽस्त्री ६ स्यात्कोणो वीणादिवादनम् ॥ ६ ॥
७ वीणादण्डः प्रवालः स्यात् ८ ककुभस्तु प्रसेवकः।
९ कोलम्बकस्तु कायोऽस्या १० उपनाहो निबन्धनम् ॥ ७ ॥

---

१ मृदङ्गः, मुरजः (२ पु) 'मृदङ्ग' के नाम हैं।

२ अङ्क्यः, आलिङ्ग्यः, ऊर्ध्वकः (३ पु) ये तीन 'मृदङ्गके भेद हैं। (हरीतकीके समान आकारवाला [2]'अङ्क्य', यवके मध्यभागके समान आकारवाला [3]'ऊर्ध्वक' और गोपुच्छके समान आकारवाला[4] आलिङ्ग्य होता है') ॥

३ यशःपटहः (पु), ढक्का (स्त्री) 'नगाड़ा' के दो नाम हैं ॥

४ भेरी (+ भेरिः, भम्भा। स्त्री), दुन्दुभिः (पु। आनकः, दुन्दुभिः। २ पु) 'दुन्दुभिः' के २ नाम हैं ॥

५ आनकः, पटहः, (२ पु), 'पटह' के २ नाम हैं ॥

६ कोणः (पु), 'वीणा, बेला, सारङ्गी या इसराज आदि बजानेके लिये काठकी बनाई हुई धनुही' का १ नाम है ॥

७ वीणादण्डः (भा० दी० म०), प्रवालः (२ पु) 'वीणादण्ड' के २ नाम हैं ॥

८ ककुभः, प्रसेवकः (२ पु) 'वीणाके नीचेवाले, चमड़ा आदिसे ढके हुए भाण्ड' के २ नाम हैं ॥

९ कोलम्बकः (पु), 'वीणाका ढाँचा' अर्थात् 'ताररहित वीणाके दण्डादि समुदाय' का १ नाम है ॥

१० उपनाहः (पु), निबन्धनम्, (न। भा० दी० म०), जहाँ वीणाका तार बाँधा जाता है, उस जगह' के २ नाम हैं ॥

---

१. '.........भेर्यामानकदुन्दुभी' इति भा० दी० सम्मतः पाठः। तत्र भेर्यानकदुन्दुभिशब्दान् पृथक् २ व्याख्याय 'द्वे भेर्याः' इति तदुक्तिश्चिन्त्या 'त्रीणि भेर्याः' इत्युक्तेरौचित्यात्॥

२. ३. ४. तदुक्तम्—'हरीतक्याकृतिस्त्वङ्क्यो यवमध्यस्तथोर्ध्वकः।
आलिङ्ग्यश्चैव गोपुच्छसमानः परिकीर्तितः' ॥ १ ॥ इति ॥

१ वाद्यप्रभेदा डमरु-मड्डु-डिण्डिम-झर्झराः।
मर्दलः पणवोऽन्ये च २ नर्तकीलासिके समे॥ ८॥
३ विलम्बितं द्रुतं मध्यं तत्त्व ४ मोघो ५ घनं क्रमात्।
६ तालः कालक्रियामानं ७ लयः साम्य ८ मथास्त्रियाम्॥ ९॥
ताण्डवं नटनं नाट्यं लास्यं नृत्यं च नर्तने।
९ तौर्यत्रिकं नृत्यगीतवाद्यं नाट्यमिदं त्रयम्॥ १०॥

---

१ डमरुः, मड्डुः, डिण्डिमः, झर्झरः, मर्दलः, पणवः (६ पु), आदि ('आदि पदसे 'गोमुखः, हुडुकः……' का संग्रह है') 'डमरु, मड्डु अर्थात् जलतरङ्ग, डुगडुगी, झांझ, मर्दल, ढोल आदि बाजाओं' का क्रमशः १-१ नाम है॥

२ नर्तकी, लासिका (२ स्त्री। वस्तुतः ये दोनों शब्द त्रिलिङ्ग हैं, किन्तु स्त्रीलिङ्गमें रूपप्रदर्शन के लिये स्त्रीलिङ्ग कहा गया है, पु० में 'नर्तकः' 'लासकः' न० में 'नर्तकम् , लासकम्' ऐसे रूप होते हैं'), 'नाचने वाले' के २ नाम हैं॥ ('जैसे—'कत्थक, छोकड़ा, वेश्या……')॥

३ तत्त्वम् (न), 'विलम्बसे नाचने, गाने और बजाने' का १ नाम है॥

४ ओघः (पु) 'जल्दी २ नाचने, गाने और बजाने' का १ नाम है॥

५ घनम् (न), 'सामान्य समय (मध्यम गति) से नाचने, गाने और बजाने' का १ नाम है॥

६ तालः (पु), 'ताल' अर्थात् 'जिसमें समय और क्रियाकी कमी-बेशीका प्रमाण रहता है, उसका १ नाम है॥

७ लयः (पु), 'लय' अर्थात् 'जिसमें गाने बजाने और हाथ, भ्रू आदि चलाकर भाव दिखलानेके लिये समय और क्रियाकी कमी-बेशीका प्रमाण रहता है उसका १ नाम है॥

८ ताण्डवम् (पु न), नटनम् , नाट्यम्, लास्यम्, नृत्यम् (+ नृत्तम्), नर्तनम् (५ न), 'नाचने' के ६ नाम हैं॥

९ तौर्यत्रिकम्, नाट्यम् (२ न), 'नाचना, गाना और बजाना; इन तीनोंके समुदाय' के २ नाम हैं॥

१ भ्रकुंसश्च भ्रुकुंसश्च भ्रूकुंसश्चेति नर्तकः ।
स्त्रीवेषधारी पुरुषो २ नाट्योक्तौ ३ गणिकाऽज्जुका ॥ ११ ॥
४ भगिनीपतिरावुत्तो ५ भावो विद्वान् ६ थावुकः ।
जनको ७ युवराजस्तु कुमारो भर्तृदारकः ॥ १२ ॥
८ राजा भट्टारको देव ९ स्तत्सुता भर्तृदारिका ।
१० देवी कृताभिषेकाया ११ मितरासु तु भट्टिनी ॥ १३ ॥

---

१ भ्रकुंसः, भ्रुकुंसः, भ्रूकुंसः (+ भ्रूकुंसः । ३ पु), 'स्त्रीका रूप बनाकर नाचनेवाले पुरुष' के ३ नाम हैं ॥

२ 'नाट्योक्तौ' इस पदका 'अङ्कहारः' (१।७।१६) के पहलेतक अधिकार होनेसे आगे कहे जानेवाले नामोंका प्रयोग नाटकमें ही होगा, अन्यत्र नहीं ॥

३ गणिका, अज्जुका (२ स्त्री) 'वेश्या' के २ नाम हैं ॥

४ आवुत्तः (+ आवृत्तः । पु), 'बहनोई' अर्थात् 'बहनके पति' का १ नाम है ॥

५ भावः (पु), 'विद्वान्' का १ नाम है ॥

६ थावुकः (पु), 'पिता' का १ नाम है ॥

७ युवराजः, कुमारः (२ पु । म० कुमारः, भर्तृदारकः) 'युवराज' के २ नाम हैं ॥

८ भट्टारकः, देवः (२ पु), 'राजा' के २ नाम हैं ॥

९ भर्तृदारिका (स्त्री), 'राजकुमारी' का १ नाम है ॥

१० देवी (स्त्री), 'पटरानी' का १ नाम है ॥

११ [1]भट्टिनी (स्त्री), 'राजाकी दूसरी सामान्य स्त्रियों' का १ नाम है ॥

---

[1]अयमत्र प्रयोगक्रमः—

'गणिकानुचरैरज्जुकेति नाम्ना नृपेण सा । युवराजस्तु सर्वेण कुमारो भर्तृदारकः ॥ १ ॥
भट्टारको वा देवो वा वाच्यो भृत्यजनेन सः । ब्राह्मणेन तु नाम्नैव राजन्नित्यृषिभिः स च ॥ २ ॥
वयस्य राजन्निति वा विदूषक इमं वदेत् । अभिषिक्ता तु राज्ञाऽसौ देवीत्यन्या तु भोगिनी ॥ ३ ॥
भट्टिनीत्यपरैरन्या नीचैर्गोस्वामिनीति सा' ॥ इति ॥

१ अब्रह्मण्यमवध्योक्तौ २ [1]राजश्यालस्तु राष्ट्रियः ।
३ अम्बा माताऽथ बाला स्याद्वासू[2]रार्यस्तु मारिषः ॥ २५ ॥
६ अत्तिका भगिनी ज्येष्ठा ७ निष्ठानिर्वहणे समे ।

---

१ अब्रह्मण्यम् (न), 'सर्वथा अवध्य ब्राह्मण इत्यादिको मारनेके दोषको कहने' का १ नाम है ॥

२ राष्ट्रियः (पु), 'राजाके शाले' का १ नाम है । ('इसे प्रायः नगरके कोतवालीका अधिकार मिलता है') ॥

३ अम्बा, माता (= मातृ । २ स्त्री), 'माता' के २ नाम हैं । ('नाट्योक्तौ' इस शब्दका अधिकार प्रायिक या विधि और नियम[2] है; अत एव नाटकस्थलसे भिन्न स्थलमें भी 'अम्बा, माता' इन शब्दोंका प्रयोग होता है' ॥)

४ बाला, वासूः (२ स्त्री) 'कुमारी' के २ नाम हैं ॥

५ आर्यः, मारिषः (+ मार्षकः । २), 'अपनेसे श्रेष्ठ या सूत्रधारके पार्श्ववर्ती' के २ नाम हैं ॥

६ अत्तिका (+ अत्तिका । स्त्री), 'बड़ी बहन' का १ नाम हैं ॥

७ निष्ठा (स्त्री) [3]निर्वहणम् (न), 'नाटकके 'निर्वहण' नामक पांचवें सन्धि-विशेष या आरम्भ किये हुये विषयको पूरा करने' के २ नाम हैं ॥

---

[1] 'राजशालस्तु' इति महे० सम्मतः पाठः ।

[2] नाट्यातिरिक्तस्थलेऽपि 'अम्बा' शब्दस्य, नाट्यस्थलेऽपि 'मातृ' शब्दस्य प्रयोगोपलब्धेर्नाट्यस्थलेऽम्बाशब्दस्य प्रचुरप्रयोगात्प्रायिकत्वम्, 'भद्रिन्यज्जुकारिके'त्यादीनान्तु नियमः । अत एव—
'अथैषां रूपकादीनामुक्तीर्वक्ष्याम्यशेषतः । कासुचिन्नियमस्तत्र विधिरेव तु कासुचित्' ॥ १ ॥
इति शब्दार्णवोक्तयोर्विधिनियमयोः सङ्गतिरित्यवधेयम् ॥

[3] तदुक्तं साहित्यदर्पणे—
'मुखं १ प्रतिमुखं २ गर्भो ३ विमर्शः ४ उपसंहृतिः ५ ।
इति पञ्चास्य भेदाः स्युः क्रमात्' । सा० द० ६ । ७५–७६ ॥
उपसंहृतिर्निर्वहणमित्यर्थः । एतल्लक्षणञ्चोक्तं सुधाकरेण—
'मुखसन्ध्यादयो यत्र विकीर्णा बीजसंयुताः । महाप्रयोजनं यान्ति तन्निर्वहणमुच्यते' ॥१॥ इति

१ हण्डे २ हञ्जे ३ हलाऽऽह्वानं नीचां चेटीं सखीं प्रति ॥ १५ ॥
४ अङ्गहारोऽङ्गविक्षेपो ५ व्यञ्जकाभिनयौ समौ ।
६ निर्वृत्ते त्वङ्गसत्त्वाभ्यां द्वे त्रिष्वाङ्गिकऽसात्त्विके ॥ १६ ॥
८ शृङ्गारवीरकरुणाद्भुतहास्यभयानकाः ।

१ हण्डे (अ), 'नीचको बुलाने' का १ नाम है ॥

२ हञ्जे (अ), 'चेटी (दासी) को बुलाने' का १ नाम है ॥

३ हला (अ), 'सखीको बुलाने' का १ नाम है ॥

४ अङ्गहारः, अङ्गविक्षेपः (२ पु) 'नृत्य विशेष' के २ नाम हैं। ('नाट्योक्तौ' इस पदका अधिकार यहाँतक है, अतः आगे कहे जानेवाले शब्दों का प्रयोग नाटकसे भिन्न स्थलमें भी होगा') ॥

५ व्यञ्जकः, अभिनयः (२ पु) 'इशारा आदिसे मनके अभिप्रायको प्रकट करने' के २ नाम हैं ॥

६ आङ्गिकम् (त्रि), 'अङ्गके द्वारा किये गये कटाक्ष आदि' का १ नाम है ॥

७ सात्त्विकम् (त्रि), 'सत्त्वगुणसे उत्पन्न स्तम्भ आदि गुणों' का १ नाम है । ('स्तम्भ १, स्वेद (पसीना) २, रोमाञ्च ३, स्वरभङ्ग ४, वेपथु (कम्पन) ५, वैवर्ण्य ६, अश्रु ७ और प्रलय (मूर्च्छा) ८, ये ८ [1]'सात्त्विक गुण' हैं ॥

८ शृङ्गारः, वीरः, करुणः, अद्भुतः, हास्यः, भयानकः, बीभत्सः, रौद्रः

यथा वा साहित्यदर्पणे—
"बीजवन्तो मुखाद्यर्था विप्रकीर्णा यथायथम् । एकार्थमुपनीयन्ते यत्र निर्वहणं हि तत्' ॥ १ ॥
इति सा० द० ६ । ८१—८२ ॥

१. तदुक्तम्—'स्तम्भः १ स्वेदोऽ२थ रोमाञ्चः ३ स्वरभङ्गोऽ४थ वेपथुः ५ ।
वैवर्ण्यं६मश्रु७प्रलय८ इत्यष्टौ सात्त्विका गुणाः ॥ १ ॥
इति सा० द० ३ । १३५-१३६ ॥

बीभत्सरौद्रौ च रसाः १ शृङ्गारः शुचिरुज्ज्वलः ॥ १७ ॥
२ उत्साहवर्धनो वीरः ३ कारुण्यं करुणा घृणा ।
कृपा दयाऽनुकम्पा स्यादनुक्रोशोऽप्यथो हसः ॥ १८ ॥
हासो हास्यं च ५ बीभत्सं विकृतं त्रिष्विदं द्वयम् ।
६ विस्मयोऽद्भुतमाश्चर्यं चित्रमप्यथ भैरवम् ॥ १९ ॥
दारुणं भीषणं भीष्मं घोरं भीमं भयानकम् ।

(८ पु) ये ८ 'शृङ्गार, वीर आदि' 'रसाः' (पु) अर्थात् 'रस' हैं। ('च' शब्दसे नवम 'शान्तः' (पु) अर्थात् [1]"शान्त' रसका और मुनीन्द्रके मतसे दशम 'वात्सल्यम्' (न) अर्थात् [2]"वात्सल्य' रसका भी संग्रह है') ॥

१ शृङ्गारः, शुचिः, उज्ज्वलः, (३ पु), 'शृङ्गार रस' के ३ नाम हैं ॥

२ उत्साहवर्द्धनः, वीरः, (२ पु), 'वीर रस' के २ नाम हैं ॥

३ कारुण्यम् (न), करुणा, घृणा, कृपा, दया, अनुकम्पा (५ स्त्री), अनुक्रोशः (पु), 'करुण रस या दया' के ७ नाम हैं ॥

४ हसः, हासः (+हासिका, स्त्री । २ पु), हास्यम् (न), 'हास्य रस' के ३ नाम हैं ॥

५ बीभत्सम्, विकृतम् (+वैकृतः । २ त्रि), 'बीभत्स रस' के २ नाम हैं ॥

६ विस्मयः (पु), अद्भुतम्, आश्चर्यम्, चित्रम् (३ त्रि), 'आश्चर्य या अद्भुत रस' के ४ नाम हैं ॥

७ भैरवम्, दारुणम्, भीषणम्, भीष्मम्, घोरम्, भीमम्, भयानकम्,

---

१. साहित्यदर्पणे 'शान्त'स्यापि नवमरसत्वमङ्गीकृतम् । तथथा —
'शृङ्गार १ हास्य २ करुण ३ रौद्र ४ वीर ५ भयानकाः ६ ।
बीभत्सो ७ऽद्भुत ८ इत्यष्टौ रसाः शान्त९स्तथा मतः' ॥ १ ॥
इति सा० द० ३ । १८२ ॥

२. मुनीन्द्रेण 'वात्सल्य'स्यापि दशमरसत्वमङ्गीकृतम् । तथथा—
'स्फुटं चमत्कारितया वत्सलं च रसं विदुः' । इति सा० द० ३ ॥ २७ ।

भयङ्करं प्रतिभयं १ रौद्रं तूग्रममी त्रिषु ॥ २० ॥
चतुर्दश २ दरस्त्रासो भीतिर्भीः साध्वसं भयम् ।
४ विकारो मानसो भावो५ऽनुभावो भावबोधकः ॥ २१ ॥
६ गर्वोऽभिमानोऽहङ्कारो७मानश्चित्तसमुन्नतिः ।
८ 'दर्पोऽवलेपोऽवष्टम्भश्चित्तोद्रेकः स्मयो मदः' (५२)
९ अनादरः परिभवः परीभावस्तिरस्क्रिया ॥ २२ ॥
रीढाऽवमाननाऽवज्ञाऽवहेलनमसूर्क्षणम् ।

भयङ्करम्, प्रतिभयम्, (९ त्रि), 'भयानक रस' के ९ नाम हैं ॥

१ रौद्रम्, उग्रम्, (२ त्रि), 'उग्र रस' के २ नाम हैं ॥

२ 'अद्भुतम्' यहाँसे लेकर 'उग्रम्' यहाँतक १४ शब्द 'रस'के अर्थमें प्रयुक्त होनेपर पुंल्लिङ्ग हैं और 'रसवाले'के अर्थमें प्रयुक्त होनेपर त्रिलिङ्ग हैं ॥

३ दरः, त्रासः (२ पु), भीतिः, भीः (+ भिया । २ स्त्री), साध्वसम्, भयम् (२ न), 'डर' के ६ नाम हैं ॥

४ भावः (पु), 'रत्यादिरूप मनके विकार-विशेष' का १ नाम है ॥

५ अनुभावः (पु), 'मनके विकारके प्रकाशक रत्यादिसूचक रोमाञ्च आदि' का १ नाम है ॥

६ गर्वः, अभिमानः, अहङ्कारः (३ पु), 'अभिमान, घमण्ड' के ३ नाम हैं ॥

७ मानः (पु), चित्तसमुन्नतिः (भा० दी० म० । स्त्री), 'मान, चित्तोन्नति' के २ नाम हैं । ('महे० आदिके मतसे १ ही नाम है । 'गर्व' आदि ५ शब्द एकार्थक हैं, यह भी किसी किसी का मत है') ॥

८ [दर्पः, अवलेपः, अवष्टम्भः, चित्तोद्रेकः, स्मयः, मदः (६ पु), 'घमण्ड' के ६ नाम हैं] ॥

९ अनादरः, परिभवः, परीभावः (३ पु), तिरस्क्रिया, रीढा, अवमानना, अवज्ञा (४ स्त्री), अवहेलनम् (+ अवहेला, स्त्री), असूर्क्षणम् (+ सु०, सु० मभो०, महे० 'असूक्षणम्, असुक्षणम्, संसूक्षणम्, संसुक्षणम्' । २ न), 'अनादर' के ९ नाम हैं ॥

१ मन्दाक्षं ह्रीस्त्रपा व्रीडा लज्जा २ साऽपत्रपाऽन्यतः ॥ २३ ॥
३ क्षान्तिस्तितिक्षा४ऽभिध्या तु [1]परस्य विषये स्पृहा ।
५ अक्षान्तिरीर्ष्या६ऽसूया तु दोषारोपो गुणेष्वपि ॥ २४ ॥
७ वैरं विरोधो विद्वेषो ८ मन्युशोकौ तु शुक्स्त्रियाम् ।
९ पश्चात्तापोऽनुतापश्च विप्रतीसार इत्यपि ॥ २५ ॥

१ मन्दाक्षम् (+ मन्दास्यम् । न), ह्रीः, त्रपा, व्रीडा (+ व्रीडः, पु), लज्जा (४ स्त्री), 'लज्जा' के ५ नाम हैं ॥

२ अपत्रपा (स्त्री), 'पिता आदि दूसरेसे लज्जा करने' का १ नाम है ॥

३ क्षान्तिः, तितिक्षा (२ स्त्री), 'दूसरेकी उन्नतिको सहन करने' के २ नाम हैं ॥

४ अभिध्या (स्त्री), 'दूसरेकी सम्पत्ति आदिको चाहने' का १ नाम है ॥

५ अक्षान्तिः, ईर्ष्या (२ स्त्री), 'ईर्ष्या' अर्थात् 'दूसरे की सम्पत्तिको नहीं सहने' के २ नाम हैं ॥

६ असूया (स्त्री), 'औद्धत्यसे किसीके गुण-विषयक काममें भी दोष निकालने' का १ नाम है । ('जैसे—किसीके दयार्द्र होकर पुण्य करनेपर 'यह नामके लिये पुण्य करता है' इत्यादि दोष निकालनेको [2]''असूया' कहते हैं') ॥

७ वैरम् (न), विरोधः, विद्वेषः (२ पु), 'वैर करने' के ३ नाम हैं ॥

८ मन्युः, शोकः (२ पु), शुक् (= शुच्, स्त्री), 'शोक' के ३ नाम हैं ॥

९ पश्चात्तापः, अनुतापः, विप्रतीसारः (+ विप्रतिसारः । ३ पु), 'पछताने' के ३ नाम हैं ॥

१. '.........परस्य विषये स्पृहा' इति पाठान्तरम् ॥

२. तदुक्तम्—'असूयाऽन्यगुणर्द्धीनामौद्धत्यादसहिष्णुता ।
दोषोद्घोषभ्रूविभेदाऽवज्ञाक्रोधेङ्गितादिकृत्' ॥ १ ॥ इति सा० द० ३।१६६॥

१ कोपक्रोधामर्षरोषप्रतिघा रुट्क्रुधौ स्त्रियौ ।
२ शुचौ तु चरिते शील३मुन्मादश्चित्तविभ्रमः ॥ २६ ॥
४ प्रेमा ना प्रियता हार्दं प्रेम स्नेहो५ऽथ दोहदम् ।
इच्छा काङ्क्षा स्पृहेहा तृड् वाञ्छा लिप्सा मनोरथः ॥ २७ ॥
कामोऽभिलाषस्तर्षश्च ६ सोऽत्यर्थं लालसा द्वयोः ।
७ उपाधिर्ना धर्मचिन्ता ८ पुंस्याधिर्मानसी व्यथा ॥ २८ ॥
९ स्याच्चिन्ता स्मृतिराध्यान१०मुत्कण्ठोत्कलिके समे ।
११ उत्साहोऽध्यवसायः स्यात् १२ स वीर्यमतिशक्तिभाक् ॥ २९ ॥
१३ कपटोऽस्त्री व्याजदम्भोपधयश्छद्मकैतवे ।

---

१ कोपः, क्रोधः, अमर्षः, रोषः, प्रतिघः (५ पु), रुट् (= रुष् । + रुषा), क्रुध् (+ क्रुधा । स्त्री), 'क्रोध' के ७ नाम हैं ॥

२ शीलम् (न), 'शील' अर्थात् 'आचरण शुद्ध रखने'का १ नाम है ॥

३ उन्मादः, चित्तविभ्रमः (२ पु), 'पागलपन' के २ नाम हैं

४ प्रेमा (= प्रेमन्, पु), प्रियता (स्त्री), हार्दम्, प्रेम (= प्रेमन् २ न), स्नेहः (पु) 'प्रेम' के ५ नाम हैं ॥

५ दोहदम् (न), इच्छा, काङ्क्षा, स्पृहा, ईहा, तृट् (= तृष्), वाञ्छा, लिप्सा (७ स्त्री), मनोरथः, कामः, अभिलाषः, तर्षः (४ पु), 'इच्छा, चाहना' के १२ नाम हैं । ('म० से 'दोहदम्' यह १ नाम 'गर्भिणीकी इच्छा' का है और शेष १२ नाम उक्तार्थक हैं') ॥

६ लालसा (पु स्त्री), 'लालसा' अर्थात् 'अधिक चाहना' का १ नाम है ॥

७ उपाधिः (पु), धर्मचिन्ता (स्त्री) 'धर्मविषयक चिन्ता' के २ नाम हैं ॥

८ आधिः (पु), 'मानसिक दुःख' का १ नाम है ॥

९ चिन्ता, स्मृतिः (२ स्त्री), आध्यानम् (न), 'याद करने' के ३ नाम हैं ॥

१० उत्कण्ठा, उत्कलिका (२ स्त्री), 'उत्कण्ठा' के २ नाम हैं ॥

११ उत्साहः, अध्यवसायः (२ पु) 'उत्साह' के २ नाम हैं ॥

१२ वीर्यम् (न), 'सामर्थ्ययुक्त उत्साह' का १ नाम है ॥

१३ कपटः (पु न), व्याजः, दम्भः उपधिः (३ पु), छद्म (= छद्मन्),

कुसृतिर्निकृतिः शाठ्यं १ प्रमादोऽनवधानता ॥ ३० ॥
२ कौतूहलं कौतुकं च कुतुकं च कुतूहलम् ।
३ स्त्रीणां विलासविब्वोकविभ्रमा ललितं तथा ॥ ३१ ॥
हेला लीलेत्यमी हावाः क्रियाः शृङ्गारभावजाः ।

कैतवम्, कुसृतिः, निकृतिः, (२ स्त्री), शाठ्यम् (+ शठनम् । शेष २ न), 'धूर्तता, कपट, दगाबाज़ी' के ९ नाम हैं ॥

१ प्रमादः (पु), अनवधानता (स्त्री), 'असावधानी' के २ नाम हैं ॥

२ कौतूहलम्, कौतुकम्, कुतुकम्, कुतूहलम् (४ न), 'कौतूहल' अर्थात् 'खेल, तमाशा, जादू, ……' के ४ नाम हैं ॥

३ विलासः, विब्वोकः, विभ्रमः (३ पु), ललितम् (न), हेला, लीला (२ स्त्री), ये ६ 'स्त्रियोंके शृङ्गार, भाव अर्थात् रत्यादि और मनोविकारसे उत्पन्न क्रियाविशेष' हैं, इनका 'हावः' (पु) 'हाव' यह १ नाम है। ('नाटकरत्नकोष' में—'लीला १, विलास २, विच्छित्ति ३, विभ्रम ४, किलकिञ्चित ५, मोट्टायित ६, कुट्टमित ७, विब्वोक ८, ललित ९ और विहृत १० ये १० स्त्रियोंकी स्वभावज क्रियाएँ हैं, यह कहा है¹। साहित्यदर्पण' में—'भाव १, हाव २, हेला ३, शोभा ४, कान्ति ५, दीप्ति ६, माधुर्य ७, प्रगल्भता ८, औदार्य ९, धैर्य १०, लीला ११, विलास १२, विच्छित्ति १३, बिब्बोक १४, किलकिञ्चित १५, मोट्टायित १६, कुट्टमित १७, विभ्रम १८, ललित १९, मद २०, विहृत २१, तपन २२, मौग्ध्य २३, विक्षेप २४, कुतूहल २५, हसित २६, चकित २७, और केलि २८, ये २८ जवानीमें स्त्रियोंके सात्विक भावसे उत्पन्न अलङ्कार होते हैं, ऐसा कहा है; उनमें 'भाव' आदि ३ 'आङ्गिक अलङ्कार' हैं, 'शोभा' आदि ७ विना यत्नके उत्पन्न अलङ्कार, हैं और 'लीला' आदि १८ 'स्वभावज अलङ्कार' हैं। पूर्वोक्त २८ अलङ्कारों में 'भाव' आदि १० अलङ्कार पुरुषोंके भी हो सकते हैं, किन्तु स्त्रियोंमें ही इनको

१. तदुक्तं नाटकरत्नकोषे—

'लीला विलासो विच्छित्तिर्विभ्रमः किलकिञ्चितम् ।
मोट्टायितं कुट्टमितं बिब्बोको ललितं तथा ॥ १ ॥
विहृतं चेति मन्तव्या दश स्त्रीणां स्वभावजाः' ॥ इति ॥

१ द्रवकेलिपरीहासाः क्रीडा लीला च नर्म च ॥ ३२ ॥
२ व्याजोऽपदेशो लक्ष्यं च ३ क्रीडा खेला च कूर्दनम् ।
४ घर्मो निदाघः स्वेदः स्यात्५प्रलयो नष्टचेष्टता ॥ ३३ ॥

अधिक शोभा होती है, ऐसा भी कहा है[1]) ॥

१ द्रवः, केलिः (+केली, स्त्री,), परीहासः (+परिहासः । ३ पु), क्रीडा, लीला (+खेला । स्त्री), नर्म (=नर्मन् न), 'क्रीडामात्र' के ६ नाम हैं ॥

२ व्याजः, अपदेशः (२ पु), लक्ष्यम् (+लक्षम् । न), 'बहाना करने' के ३ नाम हैं ॥

३ क्रीडा, खेला (२ स्त्री), कूर्दनम् (न), 'लड़कपनके खेल' के ३ नाम हैं । (म० प्रथम दो नाम उक्तार्थक और तीसरा नाम 'कूदने' का है ।

४ घर्मः, निदाघः, स्वेदः (३ पु), भा० दी० म० 'घाम' के और मु० म० 'पसीने' के ३ नाम हैं ॥

५ प्रलयः (पु) नष्टचेष्टता (+मूर्च्छा । स्त्री), 'बेहोशी' के २ नाम हैं ॥

---

१. तदुक्तम्—

'यौवने सत्त्वजास्तासामष्टाविंशतिसङ्ख्यकाः ।
अलङ्कारास्तत्र भावहावहेलास्त्रयोऽङ्गजाः ॥ १ ॥
शोभा कान्तिश्च दीप्तिश्च माधुर्यं च प्रगल्भता ।
औदार्यं धैर्यमित्येते सप्तैव स्युरयत्नजाः ॥ २ ॥
लीला विलासो विच्छित्तिर्विब्वोकः किलकिञ्चितम् ।
मोट्टायितं कुट्टमितं विभ्रमो ललितं मदः ॥ ३ ॥
विहृतं तपनं मौग्ध्यं विक्षेपश्च कुतूहलम् ।
हसितं चकितं केलिरित्यष्टादशसंख्यकाः ॥ ४ ॥
स्वभावजाश्च, भावाद्या दश पुंसां भवन्त्यपि ॥'

(इति सा० द० ३।८९–९२॥)

एतेषां लक्षणोदाहरणान्यत्र ग्रन्थविस्तरभिया नोक्तानीत्यतस्तानि सा० द० ३।९३–१२० तमे श्लोके द्रष्टव्यानि ॥

१ अवहित्थाऽऽकारगुप्तिः २ समौ संवेगसंभ्रमौ ।
३ स्यादाच्छुरितकं हासः सोत्प्रासः ४ स मनाक्स्मितम् ॥ ३४ ॥
मध्यमः स्याद्विहसितं ६ रोमाञ्चो [1]रोमहर्षणम् ।
७ क्रन्दितं रुदितं क्रुष्टं ८ जृम्भस्तु त्रिषु जृम्भणम् ॥ ३५ ॥
९ विप्रलम्भो विसंवादो १० रिङ्गणं स्खलनं समे ।
११ स्यान्निद्रा शयनं स्वापः स्वप्नः संवेश इत्यपि ॥ ३६ ॥

---

१ अवहित्था (+न), आकारगुप्तिः (२ स्त्री), 'अपने आकारको छिपाने' के २ नाम हैं ॥

२ संवेगः, सम्भ्रमः (२ पु) 'हर्ष आदिके कारण शीघ्रता करने' के २ नाम हैं ॥

३ आच्छुरितकम् (न । काश्य म० 'अवच्छुरितम्') 'साभिप्राय हँसने' का १ नाम है ॥

४ [2]स्मितम् (न), 'साभिप्राय मुस्कुराने' का १ नाम है ॥

५ [3]विहसितम् (न) 'साधारण हँसने' का १ नाम है ॥

२ संकीर्णः (+वर्णसङ्कर । पु), 'वर्णसङ्कर' अर्थात् 'भिन्न २ जातिवाले माता-पिताके संश्लेषसे उत्पन्न 'अम्बष्ठ, करण' आदि जाति-विशेष' का १ नाम है॥

३ करणः (पु), 'शूद्रवर्णकी स्त्री और वैश्य वर्णके पुरुषसे उत्पन्न सन्तान' का १ नाम है ॥

४ अम्बष्ठः (पु), 'वैश्य वर्णकी स्त्री और ब्राह्मण वर्णके पुरुषसे उत्पन्न सन्तान' का १ नाम है ॥

५ उग्रः (पु), 'शूद्र वर्णकी स्त्री और क्षत्रिय वर्णके पुरुषसे उत्पन्न सन्तान' का १ नाम है ॥

६ मागधः (पु), 'क्षत्रिय वर्णकी स्त्री और वैश्य वर्णके पुरुषसे उत्पन्न सन्तान' का १ नाम है ॥

७ माहिष्यः (+माहिषः । पु), 'वैश्य वर्णकी स्त्री और क्षत्रिय वर्णके पुरुषसे उत्पन्न सन्तान' का १ नाम है ॥

८ क्षत्ता (= क्षत्तृ पु), 'क्षत्रिय वर्णकी स्त्री और शूद्र वर्णके पुरुषसे उत्पन्न सन्तान' अर्थात् 'बढ़ई' का १ नाम है ॥

---

१. तदुक्तं नारदेन—
'वृषो हि भगवान् धर्मस्तस्य यः कुरुते लवम् । वृषलं तं विजानीयात्—' इति ॥
मनुरपि (८।१६) 'लव' स्थाने 'ह्यलम्' इति पठित्वा तदेवाह ॥

२. '—पद्भ्यां शूद्रो अजायत' इति श्रुत्युक्तेरित्यवधेयम् ॥

१ ब्राह्मण्यां क्षत्रियात्सूतस्तस्यां वैदेहको विशः ॥ ३ ॥
३ रथकारस्तु माहिष्यात्करण्यां यस्य सम्भवः ।
४ स्याच्चण्डालस्तु जनितो ब्राह्मण्यां वृषलेन यः ॥ ४ ॥

---

१ सूतः (पु), 'ब्राह्मण वर्णकी स्त्री और क्षत्रिय वर्णके पुरुषसे उत्पन्न सन्तान' अर्थात् 'सारथिका काम करनेवाले' का १ नाम है ॥

२ वैदेहकः (वैदेहः, विदेहः । पु), 'ब्राह्मण वर्णकी स्त्री और वैश्य वर्णके पुरुषसे उत्पन्न सन्तान' का १ नाम है ॥

३ रथकारः (पु), 'करणी स्त्री (शूद्र वर्णकी स्त्री और वैश्य वर्णके पुरुषसे उत्पन्न कन्या) और माहिष्य जातिके पुरुष (वैश्य वर्णकी स्त्री और क्षत्रिय वर्णके पुरुषसे उत्पन्न पुत्र) से उत्पन्न सन्तान' का १ नाम है ॥

४ चण्डालः (+ चाण्डालः । पु) 'ब्राह्मण वर्णकी स्त्री और शूद्र वर्णके पुरुषसे उत्पन्न सन्तान' अर्थात् 'चाण्डाल' का १ नाम है । ('इन सब (श्लो० २-४ के [1]प्रमाण टिप्पणी में स्पष्ट हैं और सुगमतया जाति-ज्ञानके लिये चक्र देखिये') ॥

---

१. याज्ञवल्क्यस्मृतौ पूर्वोक्ता अन्याश्च सङ्करजातय उक्तास्तथा हि—

'विप्रान्मूर्द्धावसिक्तस्तु क्षत्रियायां विशः स्त्रियाम् ।
अम्बष्ठः शूद्र्यां निषादो जातः पाराशवोऽपि वा ॥ १ ॥
वैश्याशूद्र्योस्तु राजन्यान्माहिष्योग्रौ सुतौ स्मृतौ ।
वैश्यात्तु करणः शूद्र्यां विन्नास्वेष विधिः स्मृतः ॥ २ ॥
ब्राह्मण्यां क्षत्रियात्सूतो वैश्याद्वैदेहिकस्तथा ।
शूद्राज्जातस्तु चाण्डालः सर्वधर्मबहिष्कृतः ॥ ३ ॥
क्षत्रिया मागधं वैश्याच्छूद्रात्क्षत्तारमेव च ।
शूद्रादायोगवं वैश्या जनयामास वै सुतम् ॥ ४ ॥
माहिष्येण करण्यां तु रथकारः प्रजायते ।
असत्सन्तस्तु विज्ञेयाः प्रतिलोमानुलोमजाः' ॥ ५ ॥

इति याज्ञ० स्मृति० १ । ९१-९५ ॥

एतद्भिन्नानां वर्णसङ्कराणामुत्पत्तिमूलं कर्माणि च मनुस्मृतौ (१० । ८—५२), औशनसीस्मृतौ, गौतमस्मृतेश्चतुर्थाध्याये, वसिष्ठस्मृतेरष्टादशाध्याये च सविस्तरं द्रष्टव्यम् ॥

९ कारुः शिल्पी २ संहतस्तैर्द्वयोः श्रेणिः सजातिभिः ।

---

१ कारुः, शिल्पी (= शिल्पिन् । २ पु), 'कारीगर' के २ नाम हैं। ('बढ़ई १, कुम्हार २, नाई ३, धोबी ४ और चमार ५ ये पांच[१] 'शिल्पी' हैं) ॥

२ श्रेणिः (पु स्त्री), 'एक जातिके कारीगरोंके समूह' का १ नाम है ॥

अनुलोमज-प्रतिलोमजजात्युत्पत्तिबोधचक्रम् ।

संख्या	पितृजातेः	मातृजातौ जातः	पुत्रजातिः
१	विप्रात्	क्षत्त्रियायाम्	मूर्द्धाभिषिक्तः
२	,,	वैश्यायाम्	अम्बष्ठः
३	,,	शूद्रायाम्	निषादःपाराशवो वा
४	क्षत्त्रियात्	वैश्यायाम्	माहिष्यः
५	,,	शूद्रायाम्	उग्रः
६	वैश्यात्	,,	करणः
७	क्षत्त्रियात्	ब्राह्मण्याम्	सूतः
८	वैश्यात्	,,	वैदेहकः
९	शूद्रात्	,,	चण्डालः
१०	वैश्यात्	क्षत्त्रियायाम्	मागधः
११	शूद्रात्	,,	क्षत्ता
१२	,,	वैश्यायाम्	आयोगवः
१३	माहिष्यात्	करण्याम्	रथकारः

१. तदुक्तम्—

'तक्षा च तन्तुवायश्च नापितो रजकस्तथा।
पञ्चमश्चर्मकारश्च कारवः शिल्पिनो मताः' ॥ १ ॥ इति ॥

१ [1]कुलकः स्यात्कुलश्रेष्ठी २ मालाकारस्तु मालिकः ॥ ५ ॥
३ कुम्भकारः कुलालः स्यात् ४ पलगण्डस्तु लेपकः ।
५ [2]तन्तुवायः कुविन्दः स्यात् ६ तुन्नवायस्तु सौचिकः ॥ ६ ॥
७ रङ्गाजीवश्चित्रकरः ८ शस्त्रमार्जोऽसिधावकः ।
९ पादूकृच्चर्मकारः स्याद् १० व्योकारो लोहकारकः ॥ ७ ॥
११ नाडिन्धमः स्वर्णकारः कलादो रुक्मकारकः ।

---

१ कुलकः (+कुलिकः), कुलश्रेष्ठी (=कुलश्रेष्ठिन् । २ पु), 'खानदानी (कुलीन) कारीगर' के २ नाम हैं ॥

२ मालाकारः, मालिकः (२ पु), 'माली' के २ नाम हैं ।

३ कुम्भकारः, कुलालः (२ पु), 'कुम्हार' के २ नाम हैं ।

४ पलगण्डः, लेपकः (२ पु), 'मकान आदिमें चूना आदि लगानेवाले जाति-विशेष' के २ नाम हैं ॥

५ तन्तुवायः (+तन्त्रवायः, तन्त्रवापः), कुविन्दः (+कुपिन्दः २ पु), 'जुलाहा' अर्थात् 'कपड़ा बुननेवाले' के २ नाम हैं ॥

६ तुन्नवायः, सौचिकः (२ पु), 'दर्जी' के २ नाम हैं ॥

७ रङ्गाजीवः, चित्रकरः (२ पु), 'रंगसाज' अर्थात् 'कपड़ेको रंगने या छापकर चित्रकारी आदि करनेवाले' के २ नाम हैं ॥

८ शस्त्रमार्जः असिधावकः (२ पु), 'सान चढ़ानेवाले या शस्त्रों की सफाई और मरम्मत आदि करनेवाले' के २ नाम हैं ॥

९ पादूकृत् (+पादकृत्, पादुकाकृत्), चर्मकारः (२ पु), 'चमार' के २ नाम हैं ॥

१० व्योकारः, लोहकारकः (+लोहकारः, अयस्कारः, अयस्करः । २ पु) 'लुहार' के २ नाम हैं ॥

११ नाडिन्धमः, स्वर्णकारः, कलादः, रुक्मकारकः (+रुक्मकारः, मुष्टिकः, हैममुष्टिकः । ४ पु), 'सुनार' के ४ नाम हैं ॥

---

१. 'कुलिकः' इति पाठान्तरम् ॥ २. 'तन्त्रवायः' इति 'तन्त्रवापः' इति पाठान्तरे ॥

१ स्याच्छाङ्खिकः काम्बविकः २ शौल्विकस्ताम्रकुट्टकः ॥ ८ ॥
३ तक्षा तु वर्धकिस्त्वष्टा [1]रथकारश्च काष्ठतट् ।
४ ग्रामाधीनो ग्रामतक्षः ५ कौटतक्षोऽनधीनकः ॥ ९ ॥
६ क्षुरी मुण्डी दिवाकीर्त्तिनापितान्तावसायिनः ।
७ निर्णेजकः स्याद्रजकः ८ शौण्डिको मण्डहारकः ॥ १० ॥
९ जाबालः स्यादजाजीवो—

---

१ शाङ्खिकः, काम्बविकः (२ पु), 'शङ्खकी चूड़ी आदि बनानेवाले' के २ नाम हैं ॥

२ शौल्विकः ताम्रकुट्टकः (२ पु) 'तमेड़ा' अर्थात 'ताँबेके बर्तन आदि बनानेवाले' के २ नाम हैं ॥

३ तक्षा (= तक्षन्), वर्धकिः, त्वष्टा (= त्वष्टृ), रथकारः काष्ठतट् (= काष्ठतक्ष् । + स्थपतिः । ५ पु), 'बढ़ई' के ५ नाम हैं ॥

४ ग्रामाधीनः (भा० दी०), ग्रामतक्षः (२ पु), 'गाँवके बढ़ई' के २ नाम हैं ॥

५ कौटतक्षः, अनधीनकः (भा० दी० । २ पु), 'स्वतन्त्र बढ़ई' के २ नाम हैं ॥

६ क्षुरी (= क्षुरिन् । + क्षुरमर्दी = क्षुरमर्दिन्), मुण्डी (= मुण्डिन् । + मुण्डिः, मुण्डकः), दिवाकीर्त्तिः, नापितः, अन्तावसायी (= अन्तावसायिन् । + चण्डिलः । ५ पु) 'हज़ाम' के ५ नाम हैं ॥

७ निर्णेजकः, रजकः (२ पु), 'धोबी' के २ नाम हैं ॥

८ शौण्डिकः मण्डहारकः (+ सुराजीवी = सुराजीविन् , कल्यपालः, पानवणिक = पानवणिज् , ध्वजः, वारिवासः । २ पु), 'कलवार या मद्य बनानेवाले' के २ नाम हैं ॥

९ जाबालः, अजाजीवः (२ पु), 'गँडेरिये या भेंड़िहारे' के २ नाम हैं ॥

---

१. 'रथकारस्तु' इति पाठान्तरम् , अत्र पाठे 'स्वन्ताथादि न पूर्वभाक्' (१ । १ । ५) इति पूर्वप्रतिज्ञाविरोधात् 'रथकार' शब्दस्य 'तक्षणः' पर्यायता न स्यादित्यवधेयम् ॥

—१ [1]देवाजीवस्तु देवलः ।
२ स्यान्माया शाम्बरी ३ मायाकारस्तु [2]प्रतिहारकः ॥ ११ ॥
४ शैलालिनस्तु शैलूषा जायाजीवाः कृशाश्विनः ।
भरता इत्यपि नटा ५ श्चारणास्तु कुशीलवाः ॥ १२ ॥
६ मार्दङ्गिका मौरजिकाः ७ पाणिवादास्तु पाणिघाः ।
८ वेणुध्माः स्युर्वैणविका ९ वीणावादास्तु वैणिकाः ॥ १३ ॥
१० जीवान्तकः शाकुनिको ११ द्वौ वागुरिकजालिकौ ।

---

१ देवाजीवः (+ देवाजीवी = देवाजीविन्), देवलः, (२ पु), 'पण्डा, पुजारी आदि' के २ नाम हैं ॥

२ माया, शाम्बरी (२ स्त्री), 'जादू' के २ नाम हैं ॥

३ मायाकारः, प्रतिहारकः (+ प्रतिहारकः, प्रातिहारिकः । २ पु), 'जादूगर' के २ नाम हैं ॥

४ शैलाली (= शैलालिन्), शैलूषः, जायाजीवः, कृशाश्वी (= कृशाश्विन्), [3]भरतः (+ भारतः), नटः (६ पु), 'नट' के ६ नाम हैं ॥

५ चारणः, कुशीलवः (२ पु) 'कत्थक' के २ नाम हैं ॥

६ मार्दङ्गिकः मौरजिकः (२ पु), 'मृदङ्ग बजानेवाले' के २ नाम हैं ॥

७ पाणिवादः, पाणिघः (२ पु), 'हाथकी ताली बजाकर मृदङ्ग, तबला आदि बाजाओंके अनुकरणको करनेवाले' के २ नाम हैं ॥

८ वेणुध्मः, वैणविकः (२ पु), 'वंशी या मुरली बजानेवाले' के २ नाम हैं ॥

९ वीणावादः, वैणिक (२ पु), 'वीणा बजानेवाले' के २ नाम हैं ॥

१० जीवान्तकः, शाकुनिकः (२ पु), 'बहेलिये या चिड़ियोंको मारनेवाले' अर्थात् 'चिड़ीमार' के २ नाम हैं ॥

११ वागुरिकः, जालिकः (२ पु), 'जालसे पशु-पक्षी, मछली आदिको फँसानेवाले' के २ नाम हैं ॥

---

१. 'देवाजीवी तु' इति पाठान्तरम् ॥ २. 'प्रातिहारकः' इति पाठान्तरम् ॥

३. यथाह बृहस्पतिः—'कृशाश्वेन च यत्प्रोक्तं नटसूत्रमधीयते ।
रङ्गावतारी शैलूषो नटो भरतभारतौ' ॥ १ ॥ इति ॥

१ वैतंसिकः कौटिकश्च मांसिकश्च समं त्रयम् ॥ १४ ॥
२ भृतको भृतिभुक्कर्मकरो वैतनिकोऽपि सः ।
३ वार्तावहो वैवधिको ४ भारवाहस्तु भारिकः ॥ १५ ॥
५ विवर्णः पामरो नीचः प्राकृतश्च पृथग्जनः ।
[1]निहीनोऽपसदो जाल्मः क्षुल्लकश्चेतरश्च सः ॥ १६ ॥
६ भृत्ये [2]दासेरदासेयदासगोप्यकचेटकाः ।
नियोज्यकिङ्करप्रैष्यभुजिष्यपरिचारकाः ॥ १७ ॥
७ [3]पराचितपरिस्कन्दपरजातपरैधिताः ।
८ मन्दस्तुन्दपरिमृज आलस्यः शीतकोऽलसोऽनुष्णः ॥ १८ ॥

---

१ वैतंसिकः, कौटिकः, मांसिकः (३ पु), 'मांस बेचनेवाले वधिक आदि' के ३ नाम हैं ॥

२ भृतकः, भृतिभुक् (=भृतिभुज्), कर्मकरः, वैतनिकः (४ पु), 'मजदूर या वेतन लेनेवाले नौकर' के ४ नाम हैं ॥

३ वार्तावहः, वैवधिकः (+ विवधिकः, वीवधिकः । २ पु), 'काँवर या बहँगी ढोनेवाले' के २ नाम हैं ॥

४ भारवाहः, भारिकः (+ भारी = भारिन् । २ पु), 'बोझ ढोनेवाले कुली आदि' के २ नाम हैं ॥

५ विवर्णः, पामरः, नीचः, प्राकृतः, पृथग्जनः, निहीनः, अपसदः (+ अपशदः), जाल्मः, क्षुल्लकः (+ खुल्लकः), इतर (१० पु), 'नीच' के १० नाम हैं ॥

६ भृत्यः, दासेरः, दासेयः, दासः (+ दाशः), गोप्यकः, चेटकः (+ चेडकः), नियोज्यः, किङ्करः, प्रैष्यः (+ प्रेष्यः), भुजिष्यः, परिचारकः (११ पु), 'नौकर, भृत्य' के ११ नाम हैं ॥

७ पराचितः, परिस्कन्दः (+ परिष्कन्दः, परिस्कन्नः, परिष्कन्नः), परजातः (+ पराजितः), परैधितः (४ पु), 'दूसरेके द्वारा पालित' के ४ नाम हैं ॥

८ मन्दः, तुन्दपरिमृजः (+ तुन्दपरिमार्जः,) आलस्यः, शीतकः, अलसः (+ आलसः), अनुष्णः (६ पु), 'आलसी' के ६ नाम हैं ॥

---

१. 'निहीनोऽपशदो' इति पाठान्तरम् ॥ २. 'दासेरदासेयदाश—' इति पाठान्तरम् ॥
३. 'पराचितपरैधिताः' इति पाठान्तरम् ॥

१ दक्षे तु चतुरपेशलपटवः सूत्थान उष्णश्च ।
२ चण्डालप्लवमातङ्गदिवाकीर्तिजनङ्गमाः ॥ १९ ॥
निषादश्वपचावन्तेवासिचाण्डालपुक्कसाः ।
३ भेदाः किरातशबरपुलिन्दा म्लेच्छजातयः ॥ २० ॥
४ व्याधो मृगवधाजीवो मृगयुर्लुब्धकोऽपि सः ।
५ कौलेयकः सारमेयः कुक्कुरो मृगदंशकः ॥ २१ ॥
शुनको भषकः श्वा स्यात् ६ अलर्कस्तु स योगितः ।
७ श्वा विश्वकद्रुर्मृगयाकुशलः ८ सरमा शुनी ॥ २२ ॥

---

१ दक्षः, चतुरः, पेशलः, पटुः, सूत्थानः, उष्णः (+ निरालसः । ६ पु), 'चालाक, चतुर' के ६ नाम हैं ॥

२ चण्डालः, प्लवः, मातङ्गः, दिवाकीर्त्तिः, जनङ्गमः (+ जलङ्गमः), निषादः, [1]श्वपचः (+ श्वपाकः), अन्तेवासी (= अन्तेवासिन्), चाण्डालः, पुक्कसः (+ पुष्कसः, बुक्कसः । १० पु), 'चाण्डाल' के १० नाम हैं ॥

३ किरातः, शबरः (+ शवरः), पुलिन्दः (+ पुलिङ्गः । ३ पु), ये तीन 'म्लेच्छजातिः (स्त्री), [2] 'म्लेच्छ (चाण्डाल) के जाति-विशेष' हैं ॥

४ व्याधः, मृगवधाजीवः, मृगयुः, लुब्धकः (४ पु), 'व्याध' के ४ नाम हैं ॥

५ कौलेयकः, सारमेयः, कुक्कुरः (+ कुकुरः, कुर्कुरः), मृगदंशकः (+ मृगदंशः), शुनकः (+ शुनः, शुनिः), भषकः, श्वा (= श्वन् । + श्वानः, कपिलः, शिवारिः, मण्डलः, कृतज्ञः । ७ पु), 'कुत्ते' के ७ नाम हैं ॥

६ अलर्कः (पु), 'पागल या रोगी कुत्ते' का १ नाम है ॥

७ विश्वकद्रुः (पु), 'शिकारी कुत्ते' का १ नाम है ॥

८ सरमा, शुनी (स्त्री), 'कुतिया' के २ नाम हैं ॥

---

१. 'श्वपचो डोम्बः बुक्कसो मृतपः' इत्यवान्तरभेदोऽत्र न विवक्षित इत्यवधेयम् ॥

२. तदुक्तम्—'गोमांसभक्षको यस्तु लोकबाह्यं च भाषते ।
सर्वाचारविहीनोऽसौ म्लेच्छ इत्यभिधीयते' ॥ १ ॥ इति ॥

१ विट्चरः सूकरो ग्राम्यो २ वर्करस्तरुणः पशुः ।
३ आच्छोदनं मृगव्यं स्यादाखेटो मृगया स्त्रियाम् ॥
४ दक्षिणारुर्लुब्धयोगाद्दक्षिणेर्मा कुरङ्गकः ।
५ चौरैकागारिकस्तेनदस्युतस्करमोषकाः ॥ २४ ॥
प्रतिरोधिपरास्कन्दिपाटच्चरमलिम्लुचाः ।
६ चौरिका स्तैन्यचौर्ये च स्तेयं ७ लोप्त्रं तु तद्धने ॥ २५ ॥
८ वीतंसस्तूपकरणं बन्धने मृगपक्षिणाम् ।
९ उन्माथः कूटयन्त्रं स्याद् १० वागुरा मृगबन्धनी ॥ २६ ॥

---

१ विट्चरः (पु), 'ग्रामके सूअर' का १ नाम है ॥

२ वर्करः (पु); 'जवान पशु' का १ नाम है ॥

३ आच्छोदनम् , मृगव्यम् (+ मृगव्या स्त्री । २ न), आखेटः (पु), मृगया (+ पापर्द्धिः । स्त्री), 'शिकार' के ४ नाम हैं ॥

४ दक्षिणेर्मा (= दक्षिणेर्मन् पु), 'व्याधके मारनेसे दहने भागमें घाववाले मृग आदि पशु' का १ नाम है ॥

५ चौरः (+ चोरः, चोरटः), ऐकागारिकः, स्तेनः, दस्युः, तस्करः, मोषकः, प्रतिरोधी (= प्रतिरोधिन् । + प्रतिरोधकः), परास्कन्दी (= परास्कन्दिन्), पाटच्चरः, मलिम्लुचः (+ पारिपन्थिकः, रात्रिचरः । १० पु), 'चोर' के १० नाम हैं ॥

६ चौरिका (+ चोरिका । स्त्री), स्तैन्यम् , चौर्यम् , स्तेयम् (३ न), 'चोरी' के ४ नाम हैं ॥

७ लोप्त्रम् (+ लोत्रम् , लोतम् , चोरितम् । न), 'चोरीके धन या वस्तु आदि' का १ नाम है ॥

८ वीतंसः (+ वितंसः । पु) 'फन्दा' अर्थात् 'पशु-पक्षियोंको फँसानेके लिये जाल आदि साधन-विशेष' का १ नाम है ॥

९ उन्माथः (पु), कूटयन्त्रम् (+ पाशयन्त्रम् । न), 'पशु-पक्षियोंको फँसानेवाले यन्त्र-विशेष' के २ नाम हैं ॥

१० वागुरा, मृगबन्धनी (२ स्त्री), 'पशु या मृगको फँसानेके जाल-विशेष' के २ नाम हैं ॥

१ [1]शुल्बं वराटकं स्त्री तु रज्जुस्त्रिषु वटी गुणः ।
२ उद्घाटनं घटीयन्त्रं सलिलोद्वाहनं प्रहेः ॥ २७ ॥
३ पुंसि वेमा [2]वायदण्डः ४ सूत्राणि नरि तन्तवः ।
५ वाणिर्व्यूतिः स्त्रियौ तुल्ये ६ पुस्तं लेप्यादिकर्मणि ॥ २८ ॥
७ [3]पाञ्चालिका पुत्रिका स्याद्वस्त्रदन्तादिभिः कृता ।
८ [4]'स्यात्सालभञ्जिका स्तम्भे—

१ शुल्बम् (+ सुम्बम् , शुम्बम् , शुम्बम् , ३ न; शुल्बा, सुल्बी, २ स्त्री), वराटकम् (+ वटाकरः । + पु । २ न), रज्जुः (स्त्री), वटी (त्रि । + स्त्री), गुणः (+ वटीगुणः त्रि । पु), 'रस्सी' के २ नाम हैं ॥

२ उद्घाटनम् (+ उद्घाननम्), घटीयन्त्रम् (२ न), 'कुएँसे पानी निकालेवाले पुरवट मोट, रँहट आदि साधन' के २ नाम हैं ॥

३ वेमा (= वेमन् । + न), वायदण्डः (+ वापदण्डः । २ पु), 'जुलाहोंके शास्त्र-विशेष' अर्थात् 'जिससे कपड़ा बुनते समय सूत बराबर किया जाता है उस हथियार' के २ नाम हैं ॥

४ सूत्रम् (न), तन्तुः (पु । + सूत्रतन्तुः), 'सूत' के २ नाम हैं ॥

५ वाणिः, व्यूतिः (+ व्युतिः । २ स्त्री), 'कपड़े आदिको बुनने' के २ नाम हैं ॥

६ [5]पुस्तम् (न), 'मिट्टी, कपड़े या चमड़े आदिसे लीपने या पुतली बनाने' का १ नाम है ॥

७ पाञ्चालिका (+ पञ्चालिका), पुत्रिका (२ स्त्री), 'हाथी-दाँत या कपड़े आदिकी पुतली' के २ नाम हैं ॥

८ [सालभञ्जिका (+ सालभञ्जी । स्त्री), 'लकड़ीकी पुतली' का १ नाम है]॥

१. 'शुल्बं वराटकः' इति 'सुम्बं वटाकरः' इति च पाठान्तरे, द्वितीयं पाठान्तरं 'स्वामि' सम्मतमिति मा० दी० । परन्तेन तथा पाठान्तरानुक्ते मा० दी० चिन्त्यः ।

२. 'वापदण्डः' इति पाठान्तरम् ॥ ३. 'पञ्चालिका' इति पाठान्तरम् ॥

४. 'स्यात्सालभञ्जिका······त्रिषु' इत्ययमंशः मा० दी० क्षी० स्वा० मूले नोपलभ्यते, किन्तु क्षी० स्वा० व्या.ख्याने मूलेरूपेणोपलभ्यते । 'जतुत्रपु······त्रिषु' इत्युत्तरार्द्धं तु मही० व्याख्याने मूले चोपलभ्यत इत्यवधेयम् ॥

५. तदुक्तम्—'मृदा वा दारुणा वाथ वस्त्रेणाप्यथ चर्मणा ।
लोहरत्नैः कृतं वापि पुस्तमित्यभिधीयते' ॥ १ ॥ इति ॥

—१ लेप्येनाञ्जलिकारिका (३२)

२ जतुत्रपुविकारे तु जातुषं त्रापुषं त्रिषु (३३)

३ पिटकः पेटकः [1]पेटा मञ्जूषा४ऽथ [2]विहङ्गिका ॥ २९ ॥

भारयष्टि५स्तदालम्बि शिक्यं काचो६ऽथ पादुका।

पादूरुपानत्स्त्री ७ सैवानुपदीना पदायता ॥ ३० ॥

८ नध्री वध्री वरत्रा स्या९दश्वादेस्ताडनी कशा।

१० चाण्डालिका तु [3]कण्डोलवीणा चण्डालवल्लकी ॥ ३१ ॥

---

१ [अञ्जलिकारिका (स्त्री), 'लेप्यमयी पुतली' का १ नाम है] ॥

२ जातुषम्, त्रापुषम् (२ त्रि), 'लाह और राँगेकी पुतली' का क्रमशः १—१ नाम है ॥

३ पिटकः, पेटकः (२ पु), पेटा (+पेडा मुकु०, पीडा क्षी० स्वा०), मञ्जूषा (२ स्त्री), 'पेटी, झँपोली, बक्स आदि' के ४ नाम हैं। 'क्षी० स्वा० के मतसे पहलेवाले २ नाम 'छोटी झाँपी' के और अन्तवाले २ नाम 'बड़े झाँपी, बक्स आदि' के हैं) ॥

४ विहङ्गिका (+विहङ्गमा), भारयष्टिः (२ स्त्री), 'बहँगीके डण्डे' के २ नाम हैं ॥

५ शिक्यम् (न) काचः (पु), 'बहँगीके डण्डेमें लटकते हुए सिकहर' के २ नाम हैं ॥

६ पादुका, पादूः, उपानत् (= उपानह् । +पादत्राणम् ३ स्त्री), 'जूता खड़ाऊँ, बूट, सिलेपड़, चट्टी आदि' के ३ नाम हैं ॥

७ अनुपदीना (स्त्री) 'पैतावा या पूरे पैरके जूते'(बूट)'का १ नाम है ॥

८ नध्री, वध्री, वरत्रा (३ स्त्री), 'चमड़ेकी रस्सी' के ३ नाम हैं ॥

९ कशा (स्त्री) 'कोड़ा या चाबुक' का १ नाम है ॥

१० चाण्डालिका (+चण्डालिका), कण्डोलवीणा (+कण्टोलवीणा, कण्डोली), चण्डालवल्लकी (३ स्त्री), 'चण्डाल आदि नीचोंके किंगरी नामक बाजा' के ३ नामक हैं ॥

---

१. 'पाडा' इति 'पेडा' इति च क्रमशः क्षी० स्वा० मुकु० संमतं पाठान्तरम् ॥

२. 'विहङ्गमा' इति मुकुटसंमतं पाठान्तरम् ॥ ३. 'कण्टोलवीणा' इति पाठान्तरम् ॥

१ नाराची स्यादेषणिका २ शाणस्तु निकषः कषः ।
३ व्रश्चनः [1]पत्रपरशु ४ रीषिका तूलिका समे ॥ ३२ ॥
५ तैजसावर्तनी मूषा ६ भस्त्रा चर्मप्रसेविका ।
७ [2]आस्फोटनी वेधनिका ८ कृपाणी कर्त्तरी समे ॥ ३३ ॥
९ वृक्षादनी वृक्षभेदी १० टङ्कः [3]पाषाणदारणः ।
११ क्रकचोऽस्त्री करपत्रम्—

---

१ नाराची, एषणिका (२ स्त्री), 'सोना-चाँदी तोलनेवाले काँटे' के २ नाम हैं ॥

२ शाणः, निकष, कषः (३ पु), 'कसौटी या सान' के ३ नाम हैं ॥

३ व्रश्चनः (+ वृश्चनः), पत्रपरशुः (२ पु), 'सोना-चाँदी आदि काटनेकी छेनी आदि हथियार' के २ नाम हैं ॥

४ ईषिका (+ एषिका, इषिका, इषीका), तूलिका (+ तुलिः । २ स्त्री), 'कूँची, चित्रमें रंग भरनेकी कलम' के २ नाम हैं ॥

५ तैजसावर्तनी (+ आवर्तनी), मूषा (+ मूषी, मुषा, मुषी । २ स्त्री), 'सोना-चाँदी गलानेकी घरिया (मिट्टीके पात्र-विशेष)' के २ नाम हैं ॥

६ भस्त्रा, चर्मप्रसेविका (+ चर्मप्रसेवकः पु । २ स्त्री), 'भाथी' के २ नाम ॥

७ आस्फोटनी (+ लास्फोटनी); वेधनिका (+ वेधनी । २ स्त्री), 'मोती-मणि आदि छेदनेवाली बर्मी' के २ नाम हैं ॥

८ कृपाणी, कर्त्तरी (२ स्त्री), 'सोना चाँदी आदि काटनेवाली कैंची' के २ नाम हैं ॥

९ वृक्षादनी (स्त्री), वृक्षभेदी (= वृक्षभेदिन् पु), 'काष्ठ काटनेवाले बसूला, बटाली आदि हथियार' के २ नाम हैं ॥

१० टङ्कः (+ तङ्कः । पु न), पाषाणदारणः (+ पाषाणदारकः । पु), 'पाषाण तोड़नेवाले टांकी, छेनी, घन आदि हथियार' के २ नाम हैं ॥

११ क्रकचः (पु न), करपत्रम् (न), 'लकड़ी चीरनेवाले आरा, शाह या आरी आदि हथियार' के २ नाम हैं ॥

---

१. 'पत्रपरशुरेषिका' इति पाठान्तरम् ॥ २. 'लास्फोटनी' इति मुकुटः इति मा० दी० ॥
३. 'पाषाणदारकः' इति पाठान्तरम् ॥

—१ आरा चर्मप्रभेदिका ॥ ३४ ॥
२ सूर्मी स्थूणायःप्रतिमा ३ शिल्पं कर्म कलादिकम्।
४ प्रतिमानं प्रतिबिम्बं प्रतिमा प्रतियातना प्रतिच्छाया ॥ ३५ ॥
प्रतिकृतिरर्चा पुंसि प्रतिनिधि ५ रुपमोपमानं स्यात्।
६ वाच्यलिङ्गाः समस्तुल्यः सदृक्षः सदृशः सदृक् ॥ ३६ ॥
साधारणः समानश्च ७ स्युरुत्तरपदे त्वमी।
निभसंकाशनीकाशप्रतीकाशोपमादयः ॥ ३७ ॥
८ कर्मण्या तु विधाभृत्याभृतयो भर्म वेतनम्।

---

१ आरा, चर्मप्रभेदिका (२ स्त्री), 'चमड़ा काटनेवाले हथियार' के २ नाम हैं॥

२ सूर्मी (+ सूर्मिः), स्थूणा, अयःप्रतिमा (३ स्त्री), 'लोहेकी मूर्त्ति' के ३ नाम हैं॥

३ शिल्पम् (न), 'कला (कारीगरी) आदि कौशलके काम' का १ नाम है॥

४ प्रतिमानम्, प्रतिबिम्बम् (२ न), प्रतिमा, प्रतियातना, प्रतिच्छाया, प्रतिकृतिः, अर्चा (५ स्त्री), प्रतिनिधिः (पु), 'प्रतिमा, फोटो, तस्वीर' के ८ नाम हैं॥

५ उपमा (स्त्री), उपमानम् (न), 'उपमा, मिसाल' के २ नाम हैं। ('किसी २ के मतसे 'प्रतिमानम्,······' ७ नाम एकार्थक हैं')॥

६ समः, तुल्यः, सदृक्षः; सदृशः, सदृक् (= सदृश्), साधारणः, समानः (७ त्रि), 'सदृश, समान, बराबर' के ७ नाम हैं॥

७ निभः, संकाशः, नीकाशः, प्रतीकाशः, उपमा, आदि (+ भूतः, रूपः, कल्पः, देशः, देशीयः। ५ त्रि), ये, ५ शब्द किसी शब्दके उत्तरमें रहनेपर उसके सदृश अर्थको कहते हैं'। ('जैसे-'राजनिभः, राजसंकाशः,······' अर्थात् 'राजाके समान'। उत्तरपद शब्द समासमें रूढ है. अत एव 'चन्द्रेण निभः' यहांपर यद्यपि 'चन्द्र' शब्दके उत्तरमें 'निभ' शब्द है, तथापि सदृश अर्थका बोध नहीं करता')॥

८ कर्मण्या (+ भर्मण्या), विधा, भृत्या, भृतिः (४ स्त्री,) भर्म (= भ-

भरण्यं भरणं मूल्यं निर्वेशः पण इत्यपि ॥ ३८ ॥
१ सुरा हलिप्रिया हाला परिस्रुद्वरुणात्मजा ।
गन्धोत्तमाप्रसन्नेराकादम्बर्यः परिस्रुता ॥ ३९ ॥
मदिरा कश्यमद्ये चाप्य २ वदंशस्तु भक्षणम् ।
३ शुण्डा पानं मदस्थानं ४ मधुवारा मधुक्रमाः ॥ ४० ॥
५ मध्वासवो माधवको मधु[1] माध्वीकमद्वयोः ।
६ मैरेयमासवः सीधुः—

र्मन्), वेतनम्, भरण्यम्, भरणम्, मूल्यम् (५ न), निर्वेशः, पणः (२ पु), 'वेतन तनख़ाह या मज़दूरी' के ११ नाम हैं ॥

१ सुरा, हलिप्रिया, हाला, परिस्रुत्, वरुणात्मजा (+ वारुणी), गन्धोत्तमा, प्रसन्ना इरा, कादम्बरी, परिस्रुता (+ परिस्रुता), मदिरा (+ मदिष्ठा, स्वादुरसा । ११ स्त्री), कश्यम्, मद्यम् (+ कश्यम्, हारहूरम्, कपिशायनम् । २ न), 'मदिरा, शराब' के १३ नाम हैं ॥

२ अवदंशः (+ उपदंशः, चक्षणम्, चर्वणम् । पु), 'मदिरा पीनेके समय रुचि बढ़नेके लिये नमकीन चना आदि चबाने' का १ नाम है ॥

३ शुण्डा (स्त्री), पानम् (+ शुण्डापानम्), मदस्थानम् (२ न), 'मदिरा पीनेके स्थान' के ३ नाम हैं ॥

४ मधुवारः, मधुक्रमः (२ पु), 'मदिरा पीनेके बारी' के २ नाम हैं ॥

५ मध्वासवः, माधवकः (२ पु), मधु, माध्वीकम् (+ मार्द्वीकम् । २ न), 'महुएके शराब' के ४ नाम हैं । ('किसी २ के मतसे प्रथम २ नाम उक्तार्थक और अन्तवाले २ नाम 'दाखके शराब' के हैं ॥

६ [2]मैरेयम् (न), आसवः (पु), सीधुः (+ शीधुः । पु न), ऊख (गन्ना) के रस या शाक आदिसे बने हुए मदिरा' के ३ नाम हैं ॥

१. 'मार्द्वीकमद्वयोः' इति भा० दी० सम्मतं 'मार्द्वीकमद्ययोः इति च क्षी० स्वा० सम्मतं पाठान्तरम् । 'अत्र 'मद्य'स्योक्तत्वात् 'अद्वयोः' इत्येवं पाठः' इत्ययुक्तम्, सामान्यविशेषरूपत्वेनादोषात्' इति क्षी० स्वा० ॥

२. 'शीधुरिक्षुरसैः पक्वैरपक्वैरासवो भवेत् । मैरेयं धातकीपुष्पगुडधानाम्लसंहितम्' ॥१॥ इति माधवोक्तभेदाविवक्षयेयमुक्तिः ॥

—१ मेदको जगलः समौ ॥ ४१ ॥
२ सन्धानं स्यादभिषवः ३ किण्वं पुंसि तु[1] नग्नहूः ।
४ [2]कारोत्तरः सुरामण्ड ५ आपानं पानगोष्ठिका ॥ ४२ ॥
६ चषकोऽस्त्री पानपात्रं ७ सरकोऽप्यनुतर्षणम् ।
८ [3]धूर्तोऽक्षदेवी कितवोऽक्षधूर्तो द्यूतकृत्समाः ॥ ४३ ॥
९ स्युर्लग्नकाः प्रतिभुवः १० सभिका द्यूतकारकाः ।

---

१ मेदकः, जगलः (२ पु), 'मदिराके काढ़े या मदिरा बनानेके लिये पीसे हुए पदार्थ विशेष' के २ नाम हैं ॥

२ सन्धानम् (न), अभिषवः (पु) 'मदिरा बनाने' के २ नाम हैं ॥

३ किण्वम् (न), नग्नहूः (+ नग्नहुः । पु), 'चावल आदिको उबाल (औंट) कर तैयार किये हुए मदिराके बीज' के २ नाम हैं ॥

४ कारोत्तरः (+ कारोत्तमः), सुरामण्डः (भा० दी० । २ पु), मदिराके माँड़ (ऊपरी हिस्सा)' के २ नाम हैं ॥

५ आपानम् (न), पानगोष्ठिका (+ पानगोष्ठी । स्त्री), 'मदिरा पीनेके जमाव (अड्डा), के २ नाम हैं ॥

६ चषकः (पु न), पानपात्रम् (न), 'मदिरा पीनेके प्याले के २ नाम हैं ॥

७ सरकः (पु न), अनुतर्षणम् (न), 'मदिरा पीने या परोसने (बाँटने), के २ नाम हैं । 'मुकु० के मतमे 'चषकः,……' ४ नाम 'मदिरा पीनेके प्याले' के ही हैं') ॥

८ धूर्तः (+ धार्तः), अक्षदेवी (= अक्षदेविन्); कितवः, अक्षधूर्तः, द्यूतकृत् (५ पु), 'जुवाड़ी या जुवा खेलनेवाले' के ५ नाम हैं ॥

९ लग्नकः, प्रतिभूः (२ पु), 'मध्यस्थ, बीचवान, जामिनदार' के २ नाम हैं ॥

१० सभिकः, द्यूतकारकः (२ पु), 'नालदार' अर्थात् 'जुवा खेलानेवाले के २ नाम हैं ॥

---

१. 'नग्नहुः' इति पाठान्तरम् ॥ २. 'कारोत्तमः' इति पाठान्तरम् ॥
३. 'धार्तोऽक्षदेवी' इति पाठान्तरम् ॥

१ द्यूतोऽस्त्रियामक्षवती कैतवं पण इत्यपि ॥ ४४ ॥
२ पणोऽक्षेषु ग्लहो ३ऽक्षास्तु देवनाः पाशकाश्च ते ।
४ परिणायस्तु शारीणां समन्तान्नयनेऽस्त्रियाम् ॥ ४५ ॥
५ अष्टापदं शारिफलं ६ प्राणिद्यूतं समाह्वयः ।
७ उक्ता भूरिप्रयोगत्वादेकस्मिन्येऽत्र यौगिकाः ॥ ४६ ॥

---

१ द्यूतः (पु न), अक्षवती (स्त्री), कैतवम् (न), पणः (पु), 'जुआ' के ४ नाम हैं ॥

२ पणः, ग्लहः (२ पु), 'जुएमें दावपर रक्खे हुए रुपया आदि' के २ नाम हैं ॥

३ अक्षः, देवनः, पाशकः (+ प्राशकः । ३ पु), 'पाशा' के ३ नाम हैं ॥

४ परिणायः (पु न), 'शारी (गोटी) को चलने' के २ नाम हैं ॥

५ अष्टापदम् (पु न), शारिफलम् (न), बिसात' अर्थात् 'गोटियोंको रखने (खेलनेके समय बिछाने) के लिये कपड़े या काष्ठके बने हुए आधार—विशेष' के २ नाम हैं ॥

६ प्राणिद्यूतम् (भा० दी० । न),[1] समाह्वयः (पु), 'बाजी रखकर पशु-पक्षियों (मुर्गा, तीतर, भेंडा आदि) को लड़ाने' के २ नाम हैं ॥

७ ग्रन्थकार 'उक्ता—' इस श्लोकसे सब लिङ्गवाले शब्दोंके सब लिङ्गोंके नहीं कहनेके दोषका निवारण करते हैं । इस 'शूद्रवर्ग' में अवयवार्थक (मार्दङ्गिक, मौरजिक आदि) शब्द काव्य, पुराण और कोषोंमें प्रायः पुंलिङ्गमें ही उपलब्ध होनेके कारण यहाँ भी वे पुंलिङ्गमें ही कहे गये हैं, वे (मार्दङ्गिक मौरजिक आदि) शब्द उसके धर्म और योग आदिके वशसे अन्य जातिमें वृत्ति होने पर तदनुसार (वृत्तिके अनुसार) स्त्रीलिङ्ग और नपुंसक भी होते हैं, ऐसा जानना चाहिये । और अवयवार्थको छोड़कर समुदायमें शक्त (कुम्भकार कुलाल, करण आदि) जो शब्द यहाँ (शूद्रवर्गमें) केवल पुंलिङ्गमें ही कहे गये हैं, वे (कुम्भकार, कुलाल, करण आदि) शब्द शूद्र आदि शब्दोंके समान

---

१. तदुक्तम्—

'अप्राणिभिः कृतं यत्तु लोके तद् द्यूतमुच्यते ।
प्राणिभिः क्रियते यत्तु स विज्ञेयः समाह्वयः' ॥ १ ॥ इति ॥

ताद्धर्म्यादन्यतो वृत्तावूह्या लिङ्गान्तरेऽपि ते।

इति शूद्रवर्गः ॥ १० ॥

अथ काण्डसमाप्तिः—

१ [1]इत्यमरसिंहकृतौ नामलिङ्गानुशासने।
द्वितीयकाण्डो भूम्यादिः साङ्ग एव समर्थितः ॥ १ ॥

इत्यमरसिंहविरचिते 'नामलिङ्गानुशासना'परपर्यायके
अमरकोषे' द्वितीयो भूम्यादिकाण्डः समाप्तः ॥

स्त्रीवाचक होनेपर[2] स्त्रीलिङ्गमें और नपुंसकमें वृत्ति होनेपर नपुंसकलिङ्गमें प्रयुक्त होते हैं, ऐसा समझना चाहिये। ('उदाहरण क्रमशः। यौगिक शब्द, तीनो लिङ्गमें जैसे—मार्दङ्गिकः पुरुषः, मार्दङ्गिका स्त्री, मार्दङ्गिकं कुलम्; मौरजिकः पुरुषः, मौरजिकी स्त्री, मौरजिकं कुलम्;……। रूढ शब्द, तीनों लिङ्गों में जैसे—कुम्भकारः पुरुषः, कुम्भकारी स्त्री, कुम्भकारं कुलम्; कुलालः पुरुषः, कुलाली स्त्री, कुलालं कुलम्, करणः पुरुषः, करणी स्त्री, करणं कुलम्;……। इसी प्रकार अन्यान्य शब्दोंके उदाहरणको समझना चाहिये') ॥

इति शूद्रवर्गः ॥ १० ॥

अथ काण्डसमाप्तिः—

१ श्री अमरसिंहके बनाये हुए नाम (भूः, भूमिः, अचला……) और लिङ्ग (पुंल्लिङ्ग, स्त्रीलिङ्ग और नपुंसकलिङ्ग) को बतलानेवाले 'नामलिङ्गानुशासन' अर्थात् 'अमरकोष' नाम इस ग्रन्थमें 'भूमि आदि ('आदि शब्दसे पुर, शैल, वनौषधि, आदि १० वर्गोंका संग्रह है') वर्गोंवाला यह दूसरा काण्ड (भाग) अङ्ग (मूल, शाखा, नगर, आदि और उपाङ्ग मृत्सा आदि) के सहित समर्थित होकर सम्पूर्ण हुआ ॥

इति पण्डितप्रवरश्री'रामस्वार्थमिश्र' तनुजश्री 'हरगोविन्दमिश्र' विरचितायां 'मणिप्रभा'ख्या'मरकोष' व्याख्यायां द्वितीयो भूम्यादिकाण्डः समाप्तः ॥

---

१. अयं क्षेपकश्लोकः क्षी० स्वा० मूलपुस्तके नोपलभ्यते, महे० मा० दी० पुस्तकयोर्मूलमात्रमुपलभ्यत इत्यवधेयम् ॥

२. 'जातेरस्त्रीविषयादयोपधात् (पा० सू० ४।१।६३) इत्यनेनेति ज्ञेयम् ॥

अथ तृतीयकाण्डम्

वर्गभेदान् कथयति—

१ विशेष्यनिघ्नैः संकीर्णैर्नानार्थैरव्ययैरपि ।
लिङ्गादिसंग्रहैर्वर्गाः सामान्ये [1]वर्गसंश्रयाः ॥ १ ॥

---

१ सर्वसाधारण होनेसे 'सामान्यकाण्ड' नामक इस प्रकरणमें विशेष्य (स्त्री, दारा, कलत्र आदि पहले कहे हुए शब्द) के अधीन लिङ्ग और वचन-वाले 'सुकृती साधु……' शब्दोंसे विशेष्यनिघ्नवर्ग १, आपसमें भिन्न-जातीय अर्थवाले 'कर्मपरायण,……' शब्दोंसे संकीर्णवर्ग २, अनेक अर्थवाले 'नाक, लोक,……' शब्दोंसे नानार्थवर्ग ३, 'आङ्……अव्यय शब्दोंसे अव्ययवर्ग ४, और प्रत्यय अर्थात् 'टाप्, ङीप्, घञ्, क,……' के द्वारा लिङ्गबोधक शब्दोंसे लिङ्गादिसंग्रहवर्ग ५, कहता हूँ। विशेष्यनिघ्न आदि ५ वर्गोंके क्रमशः उदाहरण। १ विशेष्यनिघ्नवर्ग जैसे—'सुकृतिनी साध्वी पुण्यवती वा स्त्री,……। २ संकीर्णवर्ग जैसे—'कर्मपरायण,……आदि शब्दोंसे 'कारीगरी, आदि किसी काममें लगे हुएका बोध होता है। ३ नानार्थ-वर्ग जैसे—'नाक, लोक,……' यहाँ पहलेवाले 'नाक, शब्दके 'स्वर्ग और आकाश' तथा दूसरे 'लोक' शब्दके 'संसार और जन' ये २-२ अर्थ हैं। ४ अव्ययवर्ग जैसे—'आङ्' के 'थोड़ा' मर्यादा और वाक्य, ये ३ अर्थ हैं। ५ लिङ्गादिसंग्रहवर्ग जैसे—'शेफालिका, अजा,……शब्दोंमें 'टाप्' आदि प्रत्ययोंसे स्त्रीलिङ्गका बोध होता है')। इन ५ वर्गोंके पूर्वोक्त स्वर्गादि वर्ग ही संश्रय हैं अर्थात् ये विशेष्यनिघ्न आदि वर्ग स्वतन्त्र नहीं हैं। अथवा—हेतुभूत विशेषणादिसे ये ५ वर्ग इस सामान्यकाण्डमें अवान्तरवर्ग (जैसे—नानार्थवर्गमें-कान्तादिवर्ग, अव्ययवर्गमें—अनेकार्थ एकार्थवर्ग, और लिङ्गादिसंग्रहवर्गमें—स्त्री-लिङ्गादिवर्ग) का संश्रय करते हैं ॥

---

१. 'वर्गसंग्रह' इत्येके पेठुः। सामान्यकाण्डे ये पञ्च वर्गाः स 'वर्गसंग्रह' इति योजना' इति क्षी० स्वा० ॥

परिभाषा—

१ 'स्त्रीदाराद्यैर्यद्विशेष्यं यादृशैः प्रस्तुतं पदैः।
गुणद्रव्यक्रियाशब्दास्तथा स्युस्तस्य भेदकाः॥ २॥

१. अथ विशेष्यनिघ्नवर्गः।

२ सुकृती पुण्यवान् धन्यो—

---

१ जिस प्रकार स्त्रीलिङ्ग, पुंल्लिङ्ग आदिके सहित (स्त्री, दारा, कलत्र,······ शब्द) पदोंसे स्त्री, दारा, कलत्र आदि जो विशेष्य हैं, उनके भेदक गुण (सुकृती, साधु,······') द्रव्य (दण्ड,······) और क्रिया (पढ़ना, पढ़ाना, पकाना, बोलना,······) से युक्त शब्द वैसे ही होते हैं अर्थात् प्रथम काण्डमें प्रायः रूप आदिके भेदसे लिङ्गका ज्ञान होता है, किन्तु इस (सामान्य) काण्डमें जो शब्द कहे गये हैं, वे शब्द 'गुण, द्रव्य और क्रिया' से युक्त विशेष्योंके अधीन हैं। ('तीनोंके क्रमशः उदाहरण। १ गुणयुक्त जैसे—सुकृतिनी, साध्वी पुण्यवती वा स्त्री; सुकृतिनः, साधवः, पुण्यवन्तो वा दाराः; सुकृति, साधु, पुण्यवत् वा कलत्रम्;·········। २ द्रव्ययुक्त जैसे—दण्डिनी स्त्री, दण्डिनो दाराः, दण्डि कलत्रम्;·········। ३ क्रियायुक्त जैसे—'अध्यापिका स्त्री, अध्यापका दाराः, अध्यापकं कलत्रम्;······। इन उदाहरणोंमें 'स्त्री, दारा और कलत्र' शब्दोंके क्रमशः 'स्त्रीलिङ्ग, पुंलिङ्ग और नपुंसक लिङ्ग' होनेसे गुणयुक्त 'सुकृती, साधु,······' शब्द, द्रव्ययुक्त 'दण्डि,······' शब्द और क्रियायुक्त 'अध्यापिका,······' शब्द भी क्रमशः 'स्त्रीलिङ्ग, पुंल्लिङ्ग और नपुंसकलिङ्ग'में ही प्रयुक्त होते हैं। इसी तरह अन्यत्र भी समझना चाहिये')॥

१. अथ विशेष्यनिघ्नवर्गः।

१ सुकृती (=सुकृतिन्), पुण्यवान् (पुण्यवत्), धन्यः (३ त्रि), 'भाग्यवान्' के ३ नाम हैं॥

---

१. 'दाराद्यम्' इति पाठो युक्तः। 'स्त्रीदाराद्यै'रित्येके, स्त्रीपुन्नपुंसकैरित्यर्थ' इति क्षी० स्वा०।

—१ महेच्छस्तु महाशयः ।
२ हृदयालुः * सुहृदयो ३ महोत्साहो महोद्यमः ॥ ३ ॥
४ प्रवीणे निपुणाभिज्ञविज्ञनिष्णातशिक्षिताः ।
वैज्ञानिकः कृतमुखः कृती कुशल इत्यपि ॥ ४ ॥
५ पूज्यः प्रतीक्ष्यः ६ सांशयिकः संशयापन्नमानसः ।
७ [1]दक्षिणीयो दक्षिणार्हस्तत्र दक्षिण्य इत्यपि ॥ ५ ॥
८ [2]स्युर्वदान्यस्थूललक्ष्यदानशौण्डा बहुप्रदे ।
९ जैवातृकः स्यादायुष्मान्—

---

१ महेच्छः, महाशयः (२ त्रि), बड़े एवं उन्नत अभिप्रायवाले' के २ नाम हैं ।

२ हृदयालुः (+ हृदयिकः), सुहृदयः (सुहृदयः । २ त्रि), 'अच्छे स्वभाववाले' के २ नाम हैं ॥

३ महोत्साहः, महोद्यमः (+ उद्यमवान् = उद्यमवत् । २ त्रि), 'उद्यमी' के २ नाम हैं ॥

४ प्रवीणः, निपुणः, अभिज्ञः, विज्ञः, निष्णातः, शिक्षितः, वैज्ञानिकः (+ विज्ञानिकः), कृतमुखः, कृती (= कृतिन्), कुशलः (+ कृतकर्मा = कृतकर्मन् , कृतार्थः, कृतकृत्यः, कृतहस्तः । १० त्रि), 'शिक्षित, ज्ञानी, लोकचतुर' के १० नाम हैं ॥

५ पूज्यः, प्रतीक्ष्यः (२ त्रि), 'पूजा करने योग्य' के २ नाम हैं ॥

६ सांशयिकः, संशयापन्नमानसः (२ त्रि), 'सन्देहयुक्त' के २ नाम हैं ॥

७ दक्षिणीयः (+ दक्षिणेयः), दक्षिणार्हः, दक्षिण्यः (+ दाक्षिण्यः । ३ त्रि), 'दक्षिणा देने योग्य ब्राह्मणादि' के ३ नाम हैं ॥

८ वदान्यः (+ वदन्यः), स्थूललक्ष्यः (+ स्थूललक्षः), दानशौण्डः, बहुप्रदः (४ त्रि) 'बहुत दान करने वाले' के ४ नाम हैं ॥

९ जैवातृकः, आयुष्मान् (= आयुष्मत् । २ त्रि), 'बहुत उम्रवाले' के २ नाम हैं ॥

---

१. 'सहृदयः' इति पाठान्तरम् ॥

२. 'दक्षिणेयो दक्षिणार्हस्तत्र दाक्षिण्य इत्यपि' इति पाठान्तरम् ॥

३. 'स्युर्वदान्यस्थूललक्षदानशौण्डाः' इति पाठान्तरम् ॥

—१ अन्तर्वाणिस्तु शास्त्रवित् ॥ ६ ॥
२ परीक्षकः कारणिको ३ वरदस्तु [1]समर्धकः।
४ हर्षमाणो विकुर्वाणः प्रमना हृष्टमानसः ॥ ७ ॥
५ दुर्मना विमना अन्तर्मनाः ६ स्यादुत्क उन्मनाः।
७ दक्षिणे सरलोदारौ ८ सुकलो दातृभोक्तरि ॥ ८ ॥
९ तत्परे [2]प्रसितासक्ता १० विष्टार्थोद्युक्त उत्सुकः।

१ अन्तर्वाणिः शास्त्रवित् (= शास्त्रविद्। २ त्रि), 'शास्त्र पढ़े हुए' के २ नाम हैं ॥

२ परीक्षकः, कारणिकः (आक्षपटलिकः। २ त्रि), 'परीक्षा करने-वाले या मठादिमें ब्राह्मण आदिकी परीक्षाकर दान आदि देनेवाले दानाध्यक्ष' के २ नाम हैं ॥

३ वरदः, समर्धकः (+ समर्धुकः। २ त्रि), वर देने वाले' के २ नाम हैं ॥

४ हर्षमाणः, विकुर्वाणः, प्रमनाः (= प्रमनस्), हृष्टमानसः (४ त्रि), 'प्रसन्न चित्तवाले' के ४ नाम हैं।

५ दुर्मनाः (= दुर्मनस्), विमनाः (= विमनस्), अन्तर्मनाः (= अन्त-र्मनस्। ३ त्रि), 'उदास चित्तवाले' के ३ नाम हैं ॥

६ उत्कः, उन्मनाः (= उन्मनस्। + सोत्कण्ठः, उत्कण्ठितः, उत्सुकः। २ त्रि), 'उत्सुक' के २ नाम हैं ॥

७ दक्षिणः, सरलः, उदारः (३ त्रि), 'सरल स्वभाववाले' के ३ नाम हैं ॥

८ सुकलः (त्रि), 'दिल खोलकर देने और खानेवाले' का १ नाम है ॥

९ तत्परः, प्रसितः आसक्तः (३ त्रि), 'तैयार, काममें लगे हुए' के ३ नाम हैं ॥

१० इष्टार्थोद्युक्तः, उत्सुकः (२ त्रि), 'अपने इष्टसिद्धिके लिये काममें लगे हुए' के २ नाम हैं। ('अन्याचार्योंके मतसे 'तत्परः,……' ५ नाम एकार्थक हैं। पाठभेदसे 'तत्परः……' ३ और 'आविष्टः' ये ४ नाम पूर्वार्थक और 'उद्युक्तः, उत्सुकः' ये २ नाम 'उत्सुक' के हैं') ॥

१. समर्धुकः' इति पाठान्तरम् ॥ २. 'प्रसितासक्ताविष्टा उद्युक्तं इति पाठान्तरम् ॥

१ प्रतीते प्रथितख्यातवित्तविज्ञातविश्रुताः ॥ ९ ॥
२ गुणैः प्रतीते तु कृतलक्षणाहतलक्षणौ ।
३ इभ्य आढ्यो धनी ४ स्वामी त्वीश्वरः पतिरीशिता ॥ १० ॥
अधिभूर्नायको नेता प्रभुः परिबृढोऽधिपः ।
५ अधिकर्द्धिः समृद्धः स्याद् ६ कुटुम्बव्यापृतस्तु यः ॥ ११ ॥
स्यादभ्यागारिकस्तस्मिन्नुपाधिश्च पुमानयम् ।
७ वराङ्गरूपोपेतो यः सिंहसंहननो हि सः ॥ १२ ॥
८ [1]निर्वार्यः कार्यकर्ता यः सम्पन्नः सत्त्वसम्पदा ।

---

१ प्रतीतः, प्रथितः, ख्यातः (+ विख्यातः, प्रसिद्धः), वित्तः, विज्ञातः, विश्रुतः (६ त्रि), 'मशहूर, प्रसिद्ध' के ६ नाम हैं ॥

२ कृतलक्षणः, आहतलक्षणः (आहितलक्षणः । २ त्रि), 'विद्या, शिल्प आदि किसी गुणसे प्रसिद्ध' के २ नाम हैं ॥

३ इभ्यः, आढ्यः, धनी (= धनिन् + धनिकः । ३ त्रि), 'धनी' के ३ नाम हैं ॥

४ स्वामी (= स्वामिन्), ईश्वरः, पतिः, ईशिता (ईशितृ), अधिभूः, नायकः, नेता (= नेतृ), प्रभुः (विभुः), परिबृढः, अधिपः (१० त्रि), 'स्वामी, मालिक' के १० नाम हैं ॥

५ अधिकर्द्धिः, समृद्धः (२ त्रि), 'बहुत समृद्धिवाले' के २ नाम हैं ॥

६ कुटुम्बव्यापृतः, अभ्यागारिकः (२ त्रि), उपाधिः (नि० पु), 'परिवारके पालन-पोषणमें लगे हुए' के ३ नाम हैं ॥

७ सिंहसंहननः (त्रि), 'सुडौल तथा सुन्दर शरीरवाले' का १ नाम है ॥

८ निर्वार्यः (दिर्वार्यः । त्रि),[2] 'सत्त्वसंपत्ति (सुख-दुःखमें बराबर उत्साह) से काम में लगनेवाले' का १ नाम है ॥

---

१. 'निर्वार्यः' इति पाठान्तरम् ॥

२. तदुक्तम्—'व्यसनेऽभ्युदये वापि अविकारि सदा मनः ।
तत्तु सत्त्वमिति प्रोक्तं नयविद्भिर्बुधैः किल' ॥ १ ॥ इति ॥

१ अवाचि मूकोऽथ[1] मनोजवसः पितृसन्निभः ॥ १३ ॥
३ सत्कृत्यालङ्कृतां कन्यां यो ददाति स कूकुदः ।
४ लक्ष्मीवाँल्लक्ष्मणः श्रीलः श्रीमान् ५ स्निग्धस्तु वत्सलः ॥ १४ ॥
६ स्याद्दयालुः कारुणिकः कृपालुः सूरतः समाः ।

---

१ अवाक् (=अवाच्), मूकः (२ त्रि), 'गूंगे' के २ नाम हैं ॥

२ मनोजवसः (+मनोजवः, मनोजवाः = मनोजवस्), पितृसन्निभः (२ त्रि), 'ज्ञान, पद या अवस्थादिके कारण पिताके समान पूज्य व्यक्ति' के २ नाम हैं ॥

३ कूकुदः (+कुकुदः । त्रि), 'कन्याको भूषण वस्त्रादिसे अलङ्कृतकर विद्वान् वरको बुलाकर कन्यादान करनेवाले' का १ नाम है। ('इस तरह 'ब्राह्म-विवाह' में होता है । ब्राह्म १, दैव २, आर्ष ३, प्राजापत्य ४, आसुर ५, गान्धर्व ६, राक्षस ७ और पैशाच ८, ये आठ प्रकार के विवाह[2] होते हैं') ॥

४ लक्ष्मीवान् (=लक्ष्मीवत्), लक्ष्मणः, श्रीलः (+श्लीलः), श्रीमान् (=श्रीमत् । ४ त्रि), 'श्रीमान्' के ४ नाम हैं ॥

५ स्निग्धः, वत्सलः (२ त्रि), 'स्नेह करनेवाले' के २ नाम हैं ॥

६ दयालुः, कारुणिकः, कृपालुः, सूरतः (+सुरतः । ४ त्रि), 'दया करनेवाले' के ४ नाम हैं ॥

---

१. 'मनोजवः स' इति पाठान्तरम् ॥

२. तदुक्तं मनुना—'ब्राह्मो दैवस्तथैवार्षः प्राजापत्यस्तथासुरः ।
गान्धर्वो राक्षसश्चैव पैशाचश्चाष्टमोऽधमः ॥ १ ॥

तत्र 'ब्राह्मविवाह'लक्षणम्—

आच्छाद्य चार्चयित्वा च श्रुतिशीलवते स्वयम् ।
आहूय दानं कन्याया ब्राह्मो धर्मः प्रकीर्तितः' ॥१॥ इति च मनुः ३।२१,२७॥

अधिकं द्रष्टुमिच्छुकैर्मनुस्मृतौ (३।२१-३४), शङ्खस्मृतौ (४।२—९), याज्ञवल्क्यस्मृतौ (१।५८-६१), चतुर्वर्गचिन्तामणेः (हेमाद्रेः) दानखण्डे (पृ० ६६५-६४८) च द्रष्टव्यम् ॥

१ स्वतन्त्रोऽपावृतः स्वैरी स्वच्छन्दो निरवग्रहः ॥ १५ ॥
२ परतन्त्रः पराधीनः परवान्नाथवानपि ।
३ अधीनो निघ्न आयत्तोऽस्वच्छन्दो गृह्यकोऽप्यसौ ॥ १६ ॥
४ खलपूः स्याद्बहुकरो ५ दीर्घसूत्रश्चिरक्रियः ।
६ जाल्मोऽसमीक्ष्यकारी स्यात् ७ कुण्ठो मन्दः क्रियासु यः ॥ १७ ॥
८ कर्मक्षमोऽलङ्कर्मीणः ९ क्रियावान् कर्मसूद्यतः ।
१० स कार्मः कर्मशीलो यः—

---

१ स्वतन्त्रः, अपावृतः, स्वैरी (=स्वैरिन् । स्वैरः) स्वच्छन्दः, निरवग्रहः (+ निर्यन्त्रणः, निरङ्कुशः, स्वाधीनः, यथाकमी = यथाकामिन् । ५ त्रि), 'स्वतन्त्र' के ५ नाम हैं ॥

२ परतन्त्रः, पराधीनः, परवान् (=परवत्), नाथवान् (= नाथवत् । ४ त्रि), 'पराधीन' के ४ नाम हैं ॥

३ अधीनः, निघ्नः, आयत्तः, अस्वच्छन्दः, गृह्यकः (५ त्रि), 'वश' अधीन' के ५ नाम हैं । ('एक आचार्यके मतसे 'परतन्त्रः,'……' ९ नाम 'पराधीन' के ही हैं') ॥

४ खलपूः बहुकरः (२ त्रि), 'खलिहान या जमीनको साफ करनेवाले' के २ नाम हैं ॥

५ दीर्घसूत्रः (+ दीर्घसूत्री = दीर्घसूत्रिन्), चिरक्रियः (२ त्रि), 'दीर्घसूत्री' अर्थात् 'काममें बहुत देर लगानेवाले, के २ नाम हैं ॥

६ जाल्मः, असमीक्ष्यकारी (= असमीक्ष्यकारिन् । २ पु), 'बिना विचारे काम करनेवाले' के २ नाम हैं ॥

७ कुण्ठः (त्रि), 'थोड़ा काम करनेवाले' अर्थात् 'काम करनेमें मन्द' का १ नाम है ॥

८ कर्मक्षमः, अलङ्कर्मीणः (२ त्रि), 'काम करनेमें समर्थ' के २ नाम हैं ॥

९ क्रियावान् (= क्रियावत् । त्रि), 'काममें लगे या तैयार रहनेवाले' का १ नाम है ॥

१० कार्मः, कर्मशीलः, (२ त्रि), महे० के मतसे 'सर्वदा काममें लगे रहनेवाले' के और भा० दी० के मतसे 'बिना फलकी इच्छा किये काम करनेवाले' के २ नाम हैं ॥

—१ कर्मशूरस्तु कर्मठः ॥ १८ ॥
२ [1]भरण्यभुक्कर्मकरः ३ कर्मकारस्तु तत्क्रियः ।
४ अपस्नातो मृतस्नात ५ आमिषाशी तु शौष्कलः ॥ १९ ॥
६ बुभुक्षितः स्यात्क्षुधितो जिघत्सुरशनायितः ।
७ परान्नः परपिण्डादो ८ भक्षको घस्मरोऽद्मरः ॥ २० ॥
९ आद्यूनः स्यादौदरिको विजिगीषाविवर्जिते ।
१० उभौ त्वात्मम्भरिः कुक्षिम्भरिः स्वोदरपूरके ॥ २१ ॥

१ कर्मशूरः, कर्मठः (२ त्रि), 'आरम्भ किये हुए कामको यत्नपूर्वक पूरा करनेवाले' के २ नाम हैं ॥

२ [2]भरण्यभुक् (= भरण्यभुज् । + कर्मण्यभुक् = कर्मण्यभुज्), कर्मकरः (२ त्रि), 'मजदूर या मूल्य लेकर काम करनेवाले नौकर आदि' के २ नाम हैं ॥

३ कर्मकारः (त्रि), 'बिना वेतन आदि लिये काम करनेवाले' का १ नाम है । (जैसे—स्वयंसेवक, श्रमदानी,……) ॥

४ अपस्नातः, मृतस्नातः (२ त्रि), 'मरे हुए परिवार आदिके उद्देश्यसे स्नान किये हुए' के २ नाम हैं ॥

५ आमिषाशी (= आमिषाशिन्), शौष्कलः (+ शाष्कलः, शुष्कलः । २ त्रि), 'मांस खानेवाले' के २ नाम हैं ॥

६ बुभुक्षितः क्षुधितः, जिघत्सुः, अशनायितः (४ त्रि), 'भूखे हुए' के ४ नाम हैं ॥

७ परान्नः, परपिण्डादः (२ त्रि), 'दूसरेके अन्नको खाकर जीनेवाले' के २ नाम हैं ॥

८ भक्षकः, घस्मरः, अद्मरः (३ त्रि), 'बहुत खानेवाले' के ३ नाम है ॥

९ आद्यूनः, औदरिकः (२ त्रि), 'अत्यन्त भूखे हुए' के २ नाम हैं ॥

१० आत्मम्भरिः, कुक्षिम्भरिः (+ उदरम्भरिः । २ त्रि), 'पेटू' अर्थात् 'अपने पेट भरनेसे मतलब रखनेवाले' के २ नाम हैं ॥

१. 'कर्मण्यभुक्कर्मकरः' इति पाठान्तरम् ॥

२. अयं प्राक् (२।१०—१५) श्लोकोऽपि पर्यायान्तरकथनायैव पुनरप्युक्तः ॥

१ सर्वान्नीनस्तु सर्वान्नभोजी २ [1]गृध्नुस्तु गर्धनः ।
लुब्धोऽभिलाषुकस्तृष्णक् ३ समौ लोलुपलोलुभौ ॥ २२ ॥
४ [2]सोन्मादस्तून्मदिष्णुः स्या५दविनीतः समुद्धतः ।
६ मत्ते शौण्डोत्कटक्षीबाः ७ कामुके कमिताऽनुकः ॥ २३ ॥
कम्रः कामयिताऽभीकः [3]कमनः कामनोऽभिकः ।
८ [4]छेको विदग्धे ९ व्यसनिपञ्चभद्रावुपप्लुते (१)

१ सर्वान्नीनः, सर्वान्नभोजी (= सर्वान्नभोजिन् । २ त्रि), 'सब जातिके अन्नको खानेवाले औघड़ परमहंस आदि' के २ नाम हैं। (ऐसा पहले होता था, किन्तु वर्तमानमें तो स्पर्शास्पर्शका विचार अत्यन्त शिथिल होने से ऐसे ही व्यक्तियोंकी संख्या अधिक हो गयी है) ॥

२ गृध्नुः (+ गृध्नः), गर्धनः, लुब्धः, अभिलाषुकः, तृष्णक् (= तृष्णज् । + तृष्णकः । ५ त्रि), भा० दी० के मतसे 'लोभी' के ५ नाम हैं। ('महे० आदिके मतसे गृध्नुः,……' २ नाम 'आकाङ्क्षा करनेवाले' के और 'लुब्धः,……' ३ नाम 'अभिलाष करनेवाले' के हैं) ॥

३ लोलुपः, लोलुभः (२ त्रि), 'अत्यन्त लोभी' के २ नाम हैं ॥

४ सोन्मादः (+ उन्मदः, सून्मदः), उन्मदिष्णुः (२ त्रि), 'पागल' के २ नाम हैं ॥

५ अविनीतः, समुद्धतः (+ निर्मर्यादः । २ त्रि), 'उद्धत' के २ नाम हैं ॥

६ मत्तः, शौण्डः, उत्कटः (+ वर्द्धिष्णुः), क्षीबः (+ क्षीबा = क्षीबन् । ४ त्रि), 'मतवाले' के ४ नाम हैं ॥

७ कामुकः, कमिता (= कमितृ), अनुकः, कम्रः, कामयिता (= कामयितृ), अभीकः, कमनः, कामनः, अभिकः (९ त्रि), 'कामी' के ९ नाम हैं ॥

८ [छेकः, विदग्धः (२ त्रि), 'विदग्ध, चतुर' के २ नाम हैं] ॥

९ [व्यसनी (= व्यसनिन्), पञ्चभद्रः, उपप्लुतः (+ विप्लुतः । ३ त्रि), 'व्यसनी' के ३ नाम हैं ॥

---

१. 'गृध्नस्तु' इति पाठान्तरम् ॥ २. 'उन्मदस्तून्मदिष्णुः' इति पाठान्तरम् ॥

३. 'कामनः कमनोऽभिकः' इति तु युक्तः पाठः' इति क्षी० स्वा० ॥

४. 'छेको……विटः' इत्ययं क्षेपकांशः क्षी० स्वा० व्याख्यायां मूलमुपलभ्यते, इत्यतोऽस्य प्रकृतोपयोगितयात्र क्षेपकरूपेण मया निहितः ॥

१ वेश्यापतिर्भुजङ्गः स्यात् २ षिङ्गः पल्लविको विटः' (२)
३ विधेयो विनयग्राही वचनेस्थित आश्रवः ॥ २४ ॥
४ वश्यः प्रणेयो ५ निभृतविनीतप्रश्रिताः समाः।
६ धृष्टे 'धृष्णग्वियातश्च ७ प्रगल्भः प्रतिभान्विते ॥ २५ ॥
८ स्यादधृष्टे तु शालीनो ९ विलक्षो विस्मयान्विते।
१० अधीरे कातर११स्त्रस्ते भीरुभीरुकभीलुकाः ॥ २६ ॥

---

१ [वेश्यापतिः (+ गणिकापतिः), भुजङ्गः (२ पु), 'वेश्याके पति' अर्थात् 'रण्डीबाज' के २ नाम हैं] ॥

२ [षिङ्गः, पल्लविकः (+ पल्लवकः), विटः (+ न । ३ पु), 'षिड' के ३ नाम हैं] ॥

३ विधेयः, विनयग्राही (= विनयग्राहिन्), वचनेस्थितः, आश्रवः (४ त्रि), 'आज्ञाकारी' के ४ नाम हैं। (किसी २ आचार्यके मतसे प्रथम दो नाम जिसे विनय सिखलाया जाय उसके तथा अन्तवाले दो नाम आज्ञाकारीके हैं) ॥

४ वश्यः, प्रणेयः (२ त्रि), 'वशमें रहनेवाले' के २ नाम हैं। ('किसी २ के मतसे 'विधेयः,......' ६ नाम एकार्थक हैं ') ॥

५ निभृतः, विनीतः, प्रश्रितः (३ त्रि), 'विनीत' के ३ नाम हैं ॥

६ धृष्टः, धृष्णक् (= धृष्णज् । + धृष्णुः) वियातः (३ त्रि), 'ढीठ' के ३ नाम हैं ॥

७ प्रगल्भः, प्रतिभान्वितः (२ त्रि), 'प्रतिभाशाली' (नवीन २ बुद्धिवाले [२]) के २ नाम हैं ॥

८ अधृष्टः, शालीनः (२ त्रि), 'सलज्ज' अर्थात् 'जो ढीठ नहीं हो उस' के २ नाम हैं ॥

९ विलक्षः, विस्मयान्वितः (२ त्रि), 'आश्चर्यसे युक्त' के २ नाम हैं ॥

१० अधीरः, कातरः (२ त्रि) 'भूख, प्यास या भय आदिसे व्याकुल' के २ नाम हैं ॥

११ त्रस्तः (= त्रस्नुः), भीरुः, भीरुकः, भीलुकः (+ दरितः । ४ त्रि), 'डरे हुए या डरनेवाले' के ४ नाम हैं ॥

---

१. 'धृष्णुर्वियातश्च' इति पाठान्तरम् ॥

२. तदुक्तम्—'प्रज्ञा नवनवोन्मेषशालिनी प्रतिभा मता' ॥ इति ॥

१ आशंसुराशंसितरि २गृहयालुर्ग्रहीतरि ।
३ श्रद्धालुः श्रद्धया युक्ते ४पतयालुस्तु पातुके ॥ २७ ॥
५ लज्जाशीलेऽपत्रपिष्णु ६ वन्दारुरभिवादके ।
७ शरारुर्घातुको हिंस्रः ८ स्याद्वर्धिष्णुस्तु वर्धनः ॥ २८ ॥
९ उत्पतिष्णुस्तूत्पतिता १०ऽलङ्करिष्णुस्तु मण्डनः ।
११ भूष्णुर्भविष्णुर्भविता १२ वर्तिष्णुर्वर्तनः समौ ॥ २९ ॥
१३ निराकरिष्णुः क्षिप्नुः स्यात्—

---

१ आशंसुः, आशंसिता (=आशंसितृ । २ त्रि), 'अपने मनोरथको पूरा करनेकी इच्छावाले' के २ नाम हैं ॥

२ गृहयालुः, ग्रहीता (=ग्रहीतृ । २ त्रि), 'लेने (ग्रहण करने) वाले' के २ नाम हैं ॥

३ श्रद्धालुः, (त्रि), 'श्रद्धा करनेवाले' का १ नाम है ॥

४ पतयालुः, पातुकः (२ त्रि), गिरनेवाले' के २ नाम हैं ॥

५ लज्जाशीलः, अपत्रपिष्णुः (२ त्रि), लज्जा करनेवाले के २ नाम हैं ॥

६ वन्दारुः, अभिवादकः (२ त्रि), 'प्रणाम (वन्दनी आदि) करनेवाले' के २ नाम हैं ॥

७ शरारुः, घातुकः, हिंस्रः (३ त्रि), हिंसा करनेवाले' के ३ नाम हैं ॥

८ वर्धिष्णुः, वर्धनः (२ त्रि), 'बढ़नेवाले' के २ नाम हैं ॥

९ उत्पतिष्णुः, उत्पतिता (=उत्पतितृ । २ त्रि), 'उछलनेवाले' के २ नाम हैं ॥

१० अलङ्करिष्णुः, मण्डनः (२ त्रि), 'अलंकृत करनेवाले' के २ नाम हैं ॥

११ भूष्णुः, भविष्णुः, भविता (= भवितृ । ३ त्रि) 'होनहार' के ३ नाम हैं ॥

१२ वर्तिष्णुः, वर्तनः (२ त्रि), 'वर्तने (व्यवहारमें आने) वाले' के २ नाम हैं ॥

१३ निराकरिष्णुः, क्षिप्नुः (+ क्षिष्णुः । २ त्रि), 'निकालने या बहिष्कार करनेवाले' के २ नाम हैं ॥

—१ सान्द्रस्निग्धस्तु मेदुरः ।
२ ज्ञाता तु विदुरो विन्दुः ३ विकासी तु विकस्वरः ॥ ३० ॥
४ विसृत्वरो विसृमरः प्रसारी च विसारिणि ।
५ सहिष्णुः सहनः क्षन्ता तितिक्षुः क्षमिता क्षमी ॥ ३१ ॥
६ क्रोधनोऽमर्षणः कोपी ७ चण्डस्त्वत्यन्तकोपनः ।
८ जागरूको जागरिता ९ घूर्णितः प्रचलायितः ॥ ३२ ॥
१० स्वप्नक्शयालुर्निद्रालु ११ र्निद्राणशयितौ समौ ।

---

१ सान्द्रस्निग्धः (सा० पुं०), मेदुरः (२ त्रि), 'घन, गझिन या चिकने' के २ नाम हैं ॥

२ ज्ञाता (= ज्ञातृ), विदुरः, विन्दुः (३ त्रि), 'जाननेवाले' के ३ नाम हैं ॥

३ विकासी (= विकासिन् । + विकाशी = विकाशिन्), विकस्वरः (+ विकश्वरः । २ त्रि), 'खिलने (फूलने) वाले फूल आदि' के २ नाम हैं ॥

४ विसृत्वरः, विसृमरः, प्रसारी (= प्रसारिन्), विसारी (= विसारिन् । ४ त्रि), 'फैलनेवाली लता आदि' के ४ नाम हैं ॥

५ सहिष्णुः, सहनः, क्षन्ता (= क्षन्तृ), तितिक्षुः, क्षमिता (= क्षमितृ), क्षमी (= क्षमिन् । ६ त्रि), 'क्षमा करनेवाले' के ६ नाम हैं ॥

६ क्रोधनः (+ क्रोधी = क्रोधिन्), अमर्षणः, कोपी (= कोपिन् । + रोषणः, कोपनः । ३ त्रि) 'क्रोध करनेवाले' के ३ नाम हैं ॥

७ चण्डः, अत्यन्तकोपनः (२ त्रि), 'बहुत क्रोध करनेवाले' के २ नाम हैं ॥

८ जागरूकः, जागरिता (= जागरितृ । २ त्रि), 'जागनेवाले' के २ नाम हैं ॥

९ घूर्णितः, प्रचलायितः (२ त्रि), 'घूर्णित' अर्थात् निद्रा या नशा आदिसे व्याकुल होकर झूमनेवाले' के २ नाम हैं ॥

१० स्वप्नक् (= स्वप्नज्), शयालुः (२ त्रि), 'सोनेवाले' के २ नाम हैं ॥

११ निद्राणः (+ निद्रितः), शयितः (+ सुप्तः । २ त्रि) 'सोये हुए' के २ नाम हैं ॥

१ पराङ्मुखः पराचीनः २ स्यादवाङप्यधोमुखः ॥ ३३ ॥
३ देवानञ्चति देवद्र्यङ् ४ विश्वद्र्यङ् विष्वगञ्चति ।
५ यः सहाञ्चति सध्र्यङ् स ६ स तिर्यङ् यस्तिरोऽञ्चति ॥ ३४ ॥
७ वदो वदावदो वक्ता ८ वागीशो वाक्पतिः समौ ।
९ वाचोयुक्तिपटुर्वाग्मी १० वावदूकोऽतिवक्तरि ॥ ३५ ॥
११ स्याज्जल्पाकस्तु वाचालो वाचाटो बहुगर्ह्यवाक् ।
१२ दुर्मुखे मुखराबद्धमुखौ—

---

१ पराङ्मुखः (+विमुखः), पराचीनः (२ त्रि), 'विमुख'के २ नाम हैं ॥

२ अवाङ् (=अवाच्), अधोमुखः (+अवाचीनः । २ त्रि), 'नीचे मुख करनेवाले' के २ नाम हैं ॥

३ देवद्र्यङ् (=देवद्र्यच् त्रि), 'देवताओंकी पूजा करनेवाले' का १ नाम है ॥

४ विष्वद्र्यङ् (=विष्वद्र्यच् । +विश्वद्र्यङ् = विश्वद्र्यच् । त्रि), 'सब तरफ जाने या पूजा करनेवाले' का १ नाम है ॥

५ सध्र्यङ् (=सध्र्यच् त्रि), 'साथ २ चलने रहने या पूजा करनेवाले' का १ नाम है ॥

६ तिर्यङ् (=तिर्यच्), 'तिरछा (टेढ़ा) चलनेवाले' का १ नाम है ॥

७ वदः, वदावदः, वक्ता (=वक्तृ । ३ त्रि), 'बहुत बोलनेवाले' के ३ नाम हैं ॥

८ वागीशः, वाक्पतिः (२ त्रि), 'सुन्दर बोलनेवाले' के २ नाम हैं ॥

९ वाचोयुक्तिपटुः (+वाचोयुक्तिः, पटुः), वाग्मी (=वाग्मिन् । २ त्रि) 'युक्तियुक्त बोलनेवाले या नैयायिक आदि' के २ नाम हैं ॥

१० वावदूकः, अतिवक्ता (=अतिवक्तृ । २ त्रि), 'चतुरतासे अधिक बोलनेवाले' के २ नाम हैं । (भा॰ दी॰ के मतसे 'वाचोयुक्तिपटुः,……') ४ नाम एकार्थक हैं ॥

११ जल्पाकः, वाचालः, वाचाटः, बहुगर्ह्यवाक् (बहुगर्ह्यवाच् । ४ त्रि), 'निष्प्रयोजन अधिक बोलनेवाले' के ४ नाम हैं ॥

१२ दुर्मुखः, मुखरः, अबद्धमुखः (३ त्रि) 'अप्रिय बोलनेवाले' के ३ नाम हैं ॥

—१ [1]शक्लः प्रियंवदे ॥ ३६ ॥
२ लोहलः स्यादस्फुटवाग् ३ गर्ह्यवादी तु कद्वदः ।
४ समौ कुवादकुचरौ ५ स्यादसौम्यस्वरोऽस्वरः ॥ ३७ ॥
६ रवणः शब्दनो ७ नान्दीवादी नान्दीकरः समौ ।
८ जडोऽज्ञः—

१ शक्लः (+शक्तः, शक्रः), प्रियंवदः (२ त्रि), 'प्रिय बोलनेवाले' के २ नाम हैं ॥

२ लोहलः, अस्फुटवाक् (=अस्फुटवाच् । २ त्रि), 'अस्पष्ट बोलनेवाले' के २ नाम हैं ॥

३ गर्ह्यवादी (= गर्ह्यवादिन्), कद्वदः (+दुर्वाक् = दुर्वाच् । २ त्रि) 'बुरा बोलनेवाले' के २ नाम हैं ॥

४ कुवादः, कुचरः (२ त्रि), 'दोषयुक्त या दोषारोपण करते हुए बोलनेवाले' के २ नाम हैं ॥

५ असौम्यस्वरः, अस्वरः (२ त्रि), 'कौवे आदिकी तरह रूखे स्वरसे बोलनेवाले' के २ नाम हैं ॥

६ शब्दनः, रवणः (२ त्रि), 'विशेष शब्द करनेवाले' के २ नाम हैं ॥

७ नान्दीवादी (= नान्दीवादिन्), नान्दीकरः (२ त्रि), नान्दी[2] (स्तुति-विशेष) को करनेवाले या नाटकके आरम्भमें मङ्गलपाठ करनेवाले पात्र' के २ नाम हैं ॥

८ [2]जडः, अज्ञः (२ त्रि), 'जड़, मूर्ख' के २ नाम हैं ॥

१. 'शक्तः' इति क्षी० स्वा० 'शक्लः' इति सर्वधरस्य संमतः पाठः ॥

२. नान्दीलक्षणं भरत आह । तद्यथा—

'आशीर्वचनसंयुक्ता स्तुतिर्यस्मात्प्रवर्तते ।
देवद्विजनृपादीनां तस्मान्नान्दीति कीर्तिता' ॥ १ ॥

जडलक्षणं यथा—

'इष्टं वाऽनिष्टं वा सुखदुःखे वा न चेह यो मोहात् ।
विन्दति परवशगः स भवेदिह जडसंज्ञकः पुरुषः' ॥ १ ॥ इति ॥

—१ * एडमूकस्तु वक्तुं श्रोतुमशिक्षिते ॥ ३८ ॥
२ तूष्णींशीलस्तु तूष्णीको ३ नग्नोऽवासा दिगम्बरे ।
४ निष्कासितोऽवकृष्टः स्याद् ५ अपध्वस्तस्तु धिक्कृतः ॥ ३९ ॥
६ [2]आत्तगर्वोऽभिभूतः स्याद् ७ दापितः साधितः समौ ।
८ प्रत्यादिष्टो निरस्तः स्यात्प्रत्याख्यातो निराकृतः ॥ ४० ॥
९ [3]निकृतः स्याद्विप्रकृतो १० विप्रलब्धस्तु वञ्चितः ।

---

१ एडमूकः (+ अनेडमूकः । त्रि), 'बोलने और सुननेमें अशिक्षित, बहरे, गूंगे' के २ नाम हैं ॥

२ तूष्णींशीलः, तूष्णीकः (२ त्रि), 'चुप रहनेवाले' के २ नाम हैं ॥

३ नग्नः, अवासाः (= अवासस् । + विवासाः = विवासस्), दिगम्बरः (३ त्रि), 'नंगे' के ३ नाम हैं ॥

४ निष्कासितः (+ निष्कामितः), अवकृष्टः (२ त्रि), 'निकाले हुए' के २ नाम हैं ॥

५ अपध्वस्तः, धिक्कृतः (२ त्रि), 'धिक्कारे हुए' के २ नाम हैं ॥

६ आत्तगर्वः (+ आत्तगन्धः), अभिभूतः (२ त्रि), 'टूटे हुए अभिमानवाले' के २ नाम हैं । ('किसी २ के मतसे 'अपध्वस्तः,......' ४ नाम एकार्थक हैं') ॥

७ दापितः (+ दायितः), साधितः (२ त्रि), 'जिससे धन आदि दिलाया गया हो उसके या दिलाये हुए धन आदि' के २ नाम हैं ॥

८ प्रत्यादिष्टः, निरस्तः, प्रत्याख्यातः, निराकृतः (४ त्रि), 'अनादरके साथ निकाले या हटाये हुए' के ४ नाम हैं ॥

९ निकृतः (+ निःकृतः), विप्रकृतः (२ त्रि), 'अनादर पाये हुए' के २ नाम हैं ॥

१० विप्रलब्धः, वञ्चितः (२ त्रि), 'ठगे गये' के २ नाम हैं ॥

---

१. 'जडोऽजडेऽनेडमूकस्तु' इति पाठान्तरम् ॥
२. 'आत्तगन्धोऽभिभूतः स्याद्दायितः' इति पाठान्तरम् ॥
३. 'निःकृतः' इति पाठान्तरम् ॥

१ मनोहतः प्रतिहतः प्रतिबद्धो हतश्च सः ॥ ४१ ॥
२ अधिक्षिप्तः प्रतिक्षिप्तो ३बद्धे कीलितसंयतौ ।
४ आपन्न आपत्प्राप्तः स्यात् ५ कान्दिशीको भयद्रुतः ॥ ४२ ॥
६ आक्षारितः क्षारितोऽभिशस्ते ७ संकसुकोऽस्थिरे ।
८ व्यसनार्तोपरक्तौ द्वौ ९ विहस्तव्याकुलौ समौ ॥ ४३ ॥
१० विक्लवो विह्वलः ११ स्यात्तु विवशोऽरिष्टदुष्टधीः ।
१२ कश्यः कशार्हे—

---

१ मनोहतः, प्रतिहतः, प्रतिबद्धः, हतः (४ त्रि), 'काम पूरा न होनेसे टूटे हुए मनवाले (हतोत्साह, मनटूट)' के ४ नाम हैं ॥

२ अधिक्षिप्तः, प्रतिक्षिप्तः (२ त्रि), 'जिससे डाह' (ईर्ष्या) करता हो उसीके सामने तिरस्कृत' के २ नाम हैं ॥

३ बद्धः, कीलितः, संयतः (३ त्रि), 'रस्सी आदिसे बाँधे हुए' के ३ नाम हैं ॥

४ आपन्नः, आपत्प्राप्तः (२ त्रि), 'दुःखमें पड़े हुए' के २ नाम हैं ॥

५ कान्दिशीकः, भयद्रुतः (२ त्रि), 'भयसे भागे हुए' के २ नाम हैं ॥

६ आक्षारितः, क्षारितः, अभिशस्तः (३ त्रि), 'चोरी या मैथुन आदि बुरे कामके विषयमें झूठा (बिना किये भी) लोकापवाद पाये हुए' के ३ नाम हैं ॥

७ संकसुकः, अस्थिरः (२ त्रि), 'स्थिर नहीं रहनेवाले' के २ नाम हैं ।

८ व्यसनार्तः, उपरक्तः (२ पु) 'व्यसनसे दुःखी' के २ नाम हैं ॥

९ विहस्तः, व्याकुलः (२ त्रि), 'व्याकुल' (शोक आदिके कारण कर्तव्य (अपने करने योग्य काम), के निश्चयको नहीं करनेवाले) के २ नाम हैं ॥

१० विक्लवः, विह्वलः (२ त्रि), 'विह्वल' (शोकादि के कारण अपने शरीरको सँभालनेमें असमर्थ) के २ नाम हैं ॥

११ विवशः, अरिष्टदुष्टधीः (२ त्रि); 'मृत्युकाल समीप होनेसे अस्थिर बुद्धिवाले' के २ नाम है ॥

१२ कश्यः, कशार्हः (२ त्रि), 'कोड़ेसे मारने योग्य मनुष्य, घोड़े आदि' के २ नाम हैं ॥

—१ सन्नद्धे त्वाततायी वधोद्यते ॥ ४४ ॥
२ द्वेष्ये त्वक्षिगतो ३ वध्यः शीर्षच्छेद्य इमौ समौ ।
४ विष्यो विषेण यो वध्यो ५ मुसल्यो मुसलेन यः ॥ ४५ ॥
६ [1]शिश्विदानोऽकृष्णकर्मा ७ चपलश्चिकुरः समौ ।

---

१ [4]आततायी (=आततायिन् त्रि), 'आततायी' अर्थात् 'मारनेके लिये तैयार' का १ नाम है ॥

२ द्वेष्यः, अक्षिगतः (२ त्रि), 'आँखों में गड़े हुए' अर्थात् 'वैर करने योग्य' के २ नाम हैं ॥

३ वध्यः, शीर्षच्छेद्यः (२ त्रि), 'मारने योग्य, या शिर काट लेने योग्य' के २ नाम हैं ॥

४ विष्यः (त्रि), 'विष खिलाकर मारने योग्य' का १ नाम है ॥

५ मुसल्यः (त्रि), 'मुसलसे मारने योग्य' का १ नाम है ॥

६ शिश्विदानः, अकृष्णकर्मा (=अकृष्णकर्मन् । २ त्रि), 'पुण्य कर्म करनेवाले' के (तथा पाठभेदसे—'शिश्विदानः, कृष्णकर्मा (=कृष्णकर्मन् । २ त्रि), 'पाप कर्म करनेवाले' के २ नाम हैं ॥

७ चपलः, चिकुरः (२ त्रि), 'चपल या दोषको बिना विचारे ही मारनेके लिए तैयार' के २ नाम हैं ॥

---

१. 'शिश्विदानः कृष्णकर्मा' इति पाठान्तरम् ॥

४. वधस्योपलक्षणतयाऽन्येऽपि संग्राह्यास्त आततायिनो यथा—

'अग्निदो गरदश्चैव शस्त्रपाणिर्धनापहः ।
क्षेत्रदारहरश्चैव षडेते आततायिनः' ॥ १ ॥ इति ॥

यथा वा—

'उद्यतासिर्विषाग्निश्च शापोद्यतकरस्तथा ।
आथर्वणेन हन्ता च पिशुनश्चापि राजनि ॥ १ ॥
भार्यातिक्रमकारी च रन्ध्रान्वेषणतत्परः ।
एवमाद्यान्विजानीयात्सर्वानेवाततायिनः' ॥ २ ॥

इति याज्ञ० स्मृति० ३।२१ मिताक्षरा ॥

१ दोषैकदृक्पुरोभागी २ निकृतस्त्वनृजुः शठः ॥ ४६ ॥
३ कर्णेजपः सूचकः स्यात् ४ पिशुनो दुर्जनः खलः ।
५ नृशंसो घातुकः क्रूरः पापो ६ धूर्तस्तु वञ्चकः ॥ ४७ ॥
७ अज्ञे मूढयथाजातमूर्खवैधेयबालिशाः ।
८ कदर्ये कृपणक्षुद्रकिंपचानमितंपचाः ॥ ४८ ॥
९ निःस्वस्तु दुर्विधो दीनो दरिद्रो दुर्गतोऽपि सः ।
१० [1]वनीयको याचनको मार्गणो याचकार्थिनौ ॥ ४९ ॥

---

१ दोषैकदृक् (= दोषैकदृश्), [2]पुरोभागी (= पुरोभागिन् । २ त्रि) 'केवल दोषको ही देखनेवाले' के २ नाम हैं ॥

२ निकृतः, अनृजुः, शठः (३ त्रि), 'शठ' के ३ नाम हैं ॥

३ कर्णेजपः, सूचकः (२ त्रि), 'चुगलखोर' के २ नाम हैं ॥

४ पिशुनः, दुर्जनः, खलः (३ त्रि) 'आपसमें फूट करानेवाले' के ३ नाम हैं। (हेमचन्द्राचार्यने 'कर्णेजप,…' सब पर्यायोंको एकार्थक माना है) ॥

५ नृशंसः, घातुकः, क्रूरः, पापः (४ त्रि) 'क्रूर' के ४ नाम हैं ॥

१ 'अग्रम्' (न) के आगे (सामने), एक पल (४ भरी) का प्रमाण-विशेष, ऊपर, आलम्बन, समूह, प्रान्त, ६ अर्थ और 'अग्रम्' (त्रि) के अधिक' प्रधान, पहला, ३ अर्थ हैं ।

२ 'पुरम्' (न) के घर, नगर (शहर, बड़ा ग्राम), २ अर्थ और 'पुरः' (पु) के गुग्गुल, १ अर्थ तथा 'मन्दिरम्' (न) के घर, नगर, २ अर्थ हैं ॥

३ 'राष्ट्रः' (पु न) के देश, उपद्रव, २ अर्थ हैं ॥

४ 'दरः' (पु न) के डर, गढा, २ अर्थ हैं ॥

५ 'वज्रः' (पु न) के हीरा, वज्र (इन्द्रका आयुध-विशेष), २ अर्थ हैं ॥

६ 'तन्त्रम्' (न) के प्रधान, सिद्धान्त, जुलाहा (कपड़ा बुननेवाली जाति-विशेष), सामग्री, वेदकी एक शाखा, कारण, उत्तम औषध, ७ अर्थ हैं ॥

७ 'औशीरः' (पु । + न० क्षी० स्वा०), का चँवरका दण्ड, १ अर्थ; 'औशीरम्' (न) के शयन, आसन (+ शयन और आसन दोनोंका समुदाय क्षी० स्वा०), उशीर (खश) से उत्पन्न, ३ अर्थ हैं ॥

८ 'पुष्करम्' (न) के हाथीकी सूँड़का आगेवाला हिस्सा, बाजाके भाण्डका मुख, पानी, आकाश, तलवारका फल, कमल, 'पुष्कर क्षेत्र' नामक तीर्थ विशेष, पुष्करमूल औषध, ८ अर्थ हैं ॥

९ 'अन्तरम्' (न) के अवकाश (खाली), अवधि, पहिरनेका कपड़ा आदि, अन्तर्धान (छिपना), भेद (फरक), तादर्थ्य (उसके लिये, जैसे—

---

१. 'औशीरं चामरे दण्डे' इति पाठान्तरम् ।

छिद्रात्मीयविनाबहिरवसरमध्येऽन्तरात्मनि च ।
१ मुस्तेऽपि पिठरं २ राजकशेरुण्यपि नागरम् ॥ १८८ ॥
३ शार्वरं त्वन्धतमसे [1]घातुके भेद्यलिङ्गकम् ।
४ गौरोऽरुणे सिते पीते ५ व्रणकार्येऽप्यरुष्करः ॥ १८९ ॥
६ जठरः कठिनेऽपि स्या ७ दधस्तादपि चाधरः ।
८ अनाकुलेऽपि चैकाग्रो ९ व्यग्रो व्यासक्त आकुले ॥ १९० ॥

ओदनान्तरस्तण्डुलः अर्थात् भातके लिये चावल है, ...), छिद्र, आत्मीय (अपना), विना, बाहर, अवसर, बीच, अन्तरात्मा, सादृश्य, अन्य, १५ अर्थ हैं ॥

१ 'पिठरम्' (न) के मोथा घास, स्थाली (बटलोई), मथनी ३ अर्थ हैं ॥

२ 'नागरम्' (न) के सोंठ, नागरमोथा, २ अर्थ और 'नागरः' (त्रि) के नगरवासी या नगरमें होनेवाला, चतुर, २ अर्थ हैं ॥

३ 'शार्वरम्' (न) का घोर अन्धकार १ अर्थ; 'शार्वरम्' (त्रि) का घातुक, १ अर्थ और 'शार्वरः' (पु) का घातुक हाथी, १ अर्थ है ॥

४ 'गौरः' (त्रि) के अरुण, सफेद (गोर), पीला, विशुद्ध, ४ अर्थ; 'गौरः' (पु) के पीला सरसों, चन्द्रमा, २ अर्थ और 'गौरः' (पु न) का पद्मकेसर, १ अर्थ है ॥

५ 'अरुष्करः' (पु) का 'भेलावा' नामकी ओषधि, १ अर्थ और 'अरुष्करः' (त्रि) का घाव करनेवाला, १ अर्थ है ॥

६ 'जठरः' (त्रि) का कठोर, १ अर्थ; 'जठरः' (पु न) का पेट, १ अर्थ और 'जठरः' (पु) का बूढ़ा, १ अर्थ है ॥

७ 'अधरः' (त्रि) के नीचे, हीन, २ अर्थ और 'अधरः' (पु) का ओठ, १ अर्थ है ॥

८ 'एकाग्रः' (त्रि) के अनाकुल (स्वस्थ), एकान्त, २ अर्थ हैं ॥

९ 'व्यग्रः' (त्रि) के अनेक कार्योंमें फँसा हुआ (चञ्चल), व्याकुल, २ अर्थ हैं ॥

---

१. 'घातुकेभे नृलिङ्गकम्' इति पाठान्तरम् । २. 'व्रणकार्येऽप्यरुष्करः' इति पाठान्तरम् ।

१ उपर्युदीच्यश्रेष्ठेष्वप्युत्तरः स्याद २ नुत्तरः ।
एषां विपर्यये श्रेष्ठे ३ दूरानात्मोत्तमाः पराः ॥ १२१ ॥
४ स्वादुप्रियौ तु मधुरौ ५ क्रूरौ कठिननिर्दयौ ।
६ उदारो दातृमहतो ७ रितरस्त्वन्यनीचयोः ॥ १९२ ॥
८ मन्दस्वच्छन्दयोः स्वैरः ९ शुभ्रमुद्दीप्तशुक्लयोः ।
१० [१]आसारो वेगवद्वर्षं सैन्यप्रसरणं तथा (७४)
११ धाराम्बुपाते चोत्कर्षेऽश्वो १२ कटाहे तु कर्परः (७५)

---

१ 'उत्तरः' (त्रि) के ऊपर, उत्तर दिशामें होनेवाला, श्रेष्ठ, ३ अर्थ; 'उत्तरम्' (न) का जवाब, १ अर्थ; 'उत्तरः' (पु) का विराट राजाका पुत्र, १ अर्थ और + 'उत्तरा' (स्त्री) के उत्तर दिशा, अभिमन्यु (अर्जुनके पुत्र) की स्त्री, २ अर्थ हैं ॥

२ 'अनुत्तरः' (त्रि) के नीचे, उत्तरके अतिरिक्त (भिन्न) दिशामें होनेवाला, नीच, श्रेष्ठ, ४ अर्थ और 'अनुत्तरम्' (न) का निरुत्तर, १ अर्थ है ॥

३ 'परः' (त्रि) के दूर, शत्रु, उत्तम, दूसरा (अपनेसे भिन्न), ४ अर्थ और 'परम्' (न) का केवल, १ अर्थ है ॥

४ 'मधुरः' (त्रि) के स्वादिष्ट, प्रिय, २ अर्थ; 'मधुरः' (पु) का मीठा, १ अर्थ और + 'मधुरा' (स्त्री) का सौंफ, १ अर्थ है ॥

५ 'क्रूरः' (त्रि) के कठिन, निर्दय, घोर, ३ अर्थ हैं ॥

६ 'उदारः' (त्रि) के दाता, बड़ा, चतुर, ३ अर्थ हैं ॥

७ 'इतरः' (त्रि) के दूसरा, नीच, २ अर्थ हैं ॥

८ 'स्वैरः' (त्रि) के मन्द, स्वतन्त्र, २ अर्थ हैं ॥

९ 'शुभ्रम्' (त्रि) के उद्दीप्त (प्रकाशमान), श्वेत वर्णवाला, २ अर्थ और 'शुभ्रम्' (न) का सफेद रंग, १ अर्थ है ॥

१० ['आसारः' (पु) के जोरसे वर्षा होना, सेनाका फैलना, २ अर्थ हैं] ॥

११ ['धारा' (स्त्री) के धारसे पानी आदिका गिरना, तलवार आदि की धार, घोड़ेकी गति-विशेष, सेनाग्रभाग, ४ अर्थ हैं] ॥

१२ ['कर्परः' (पु) के कटाह (बड़ी कड़ाही), शस्त्र-विशेष, कपाल, ३ अर्थ हैं]॥

---

१. 'अयं क्षेपकांशः क्षी० स्वा० व्याख्याने समुपलभ्यत इति प्रकृतोपयोगितयाऽत्र स्थापितः।

१ बन्धुरं सुन्दरे नम्रे २ गिरिर्गेन्दुकशैलयोः (७६)
३ चरुः स्थाल्यां हविःपक्वा ४ धीरः कातरे चले' (७७)

इति रान्ताः शब्दाः ।

अथ लान्ताः शब्दाः ।

५ चूडा किरीटं केशाश्च संयता मौलयस्त्रयः ॥ १९३ ॥
६ द्रुमप्रभेदमातङ्गकाण्डपुष्पाणि पीलवः ।
७ कृतान्तानेहसोः काल ८ श्चतुर्थेऽपि युगे कलिः ॥ १९४ ॥
९ स्यात्कुरङ्गेऽपि कमलः १० प्रावारेऽपि च कम्बलः ।

---

१ ['बन्धुरम्' (त्रि) के सुन्दर, नम्र, २ अर्थ हैं] ॥

२ ['गिरिः' (पु) के गेंदा, पहाड़, आँखका रोग-विशेष, ३ अर्थ और 'गिरिः' (त्रि) का पूज्य, १ अर्थ है] ॥

३ ['चरुः' (पु) के बटलोही, हविष्यका पाक, २ अर्थ हैं] ॥

४ ['अधीरः' (त्रि) के कातर, अधीर (चञ्चल अर्थात् धैर्यहीन २ अर्थ हैं] ॥

इति रान्ताः शब्दाः ।

अथ लान्ताः शब्दाः ।

५ 'मौलिः' (पु स्त्री) के चूड़ा, मुकुट, बँधा हुआ केश (बाल), ३ अर्थ हैं ॥

६ 'पीलुः' (पु) के अखरोटका पेड़, हाथी, बाण, ३ अर्थ और 'पीलु' (न) का अखरोटका फल तथा फूल, २ अर्थ हैं ॥

७ 'कालः' (पु) के यमराज, समय, मृत्यु, काला, ४ अर्थ हैं ॥

८ 'कलिः' (पु) के कलियुग, लड़ाई झगड़ा, २ अर्थ और 'कलिः' (स्त्री) का फूलकी कली (कोंढ़ी), १ अर्थ है ॥

९ 'कमलः' (पु) का मृग-विशेष, १ अर्थ और 'कमलम्' (न) के कमलका फूल, पानी, तांबा, आकाश, औषध, ५ अर्थ हैं ॥

१० 'कम्बलः' (पु) का दुपट्टा (चादर), हाथी, सास्ना (गाय या बैलके गलेमें लटकता हुआ चमड़ा, लोर), कीड़ा (कृमि), ४ अर्थ और 'कम्बलम्' (न) का पानी, कम्बल, २ अर्थ हैं ॥

१ करोपहारयोः पुंसि ¹बलिः प्राण्यङ्गजे स्त्रियाम् ॥ १९५ ॥
२ स्थौल्यसामर्थ्यसैन्येषु बलं ना काकसीरिणोः।
३ वातूलः पुंसि वात्यायामपि वातासहे त्रिषु ॥ १९६ ॥
४ भेद्यलिङ्गः शठे व्यालः पुंसि श्वापदसर्पयोः।
५ मलोऽस्त्री पापविट्किट्टान्य ६ स्त्री शूलं रुगायुधम् ॥ १९७ ॥
७ शङ्कावपि द्वयोः कीलः ८ पालिः स्त्र्यश्र्यङ्कपङ्क्तिषु।
९ कला शिल्पे कालभेदेऽपि—

---

१ 'बलिः' (+वलिः। पु) के राजाका कर (कौड़ी, टैक्स, मालगुजारी), उपहार (भेंट, नजर), 'बलि'नामक दैत्य, चँवरका दण्ड, ४ अर्थ और 'बलिः' (स्त्री) के बुढ़ापेसे चमड़ेका सिकुड़ना, घरमें लगा हुआ काष्ठ-विशेष, पेटी (पेटके चमड़ेकी सिकुड़न), ३ अर्थ हैं ॥

२ 'बलम्' (न) के मोटाई, सामर्थ्य (ताकत), सेना, रूप, ४ अर्थ और 'बलः' (पु) के कौआ, बलराम (कृष्णजीके बड़े भाई), 'बल'नामका दैत्य (जिसे इन्द्रने मारा था), ३ अर्थ हैं ॥

३ 'वातूलः' (+वातुलः। पु) का वायुसमूह (आँधी), १ अर्थ और 'वातूलः' (त्रि) का बातूनी (बहुत बात करनेवाला), १ अर्थ है ॥

४ 'व्यालः' (त्रि) का शठ, १ अर्थ और 'व्यालः' (पु) के हिंसक जन्तु, साँप, बदमाश हाथी, ३ अर्थ हैं ॥

५ 'मलः' (पु न) के पाप, मैला (विष्ठा), मैल, ३ अर्थ हैं ॥

६ 'शूलम्' (पु न) के शूल नामक रोग-विशेष, हथियार (त्रिशूल), २अर्थ हैं॥

७ 'कीलः' (पु स्त्री) के खूँटा आदि, आगकी ज्वाला, शङ्कु, ३ अर्थ हैं ॥

८ 'पालिः' (+पाली। स्त्री) के कोना या धार, अङ्क (गोद) पङ्क्ति, श्मश्रु (दाढ़ी-मूँछ) से युक्त स्त्री, प्रान्त, पुल, कल्पित भोजन, बड़ाई, कर्णलता, प्रस्थ, १० अर्थ हैं ॥

९ 'कला' (स्त्री) के कारीगरी (यह ६४ प्रकारकी होती है। एतदर्थ परिशिष्ट देखिये), ३० काष्ठाका (८ सेकेण्ड ; पृ० ३४ में उक्त) समय-विशेष, मूल धनकी वृद्धि (सूद), सोलहवाँ हिस्सा, चन्द्र-कला, ५ अर्थ हैं ॥

---

१. 'वलिः' इति पाठान्तरम्।

—१ आली सख्यावली अपि ॥ १९८ ॥
२ अब्ध्यम्बुविकृतौ वेला कालमर्यादयोरपि ।
३ बहुलाः कृत्तिका गावो बहुलोऽग्नौ शितौ त्रिषु ॥ १९९ ॥
४ लीला विलासक्रिययो ५ रुपला शर्करापि च ।
६ शोणितेऽम्भसि कीलालं ७ मूलमाद्ये शिफोभयोः[१] ॥ २०० ॥
८ जालं समूह आनायगवाक्षक्षारकेष्वपि ।
९ शीलं स्वभावे सद्वृत्ते १० सस्ये हेतुकृते फलम् ॥ २०१ ॥

१ 'आलिः' (स्त्री) के सखी, पङ्क्ति, २ अर्थ हैं ॥

२ 'वेला' (स्त्री) के चन्द्रमाके उदय होनेपर समुद्रका बढ़ना, समय, मर्यादा, तट, बुधकी स्त्री, धनियोंका भोजन, बिना दुःखका मरना, ७ अर्थ हैं ॥

३ 'बहुलाः' (स्त्री, ताराओंके बहुत होनेसे नित्य बहुवचन है) के कृत्तिका नामका तीसरा नक्षत्र, गौ, २ अर्थ; 'बहुलः' (पु) के अग्नि, कृष्णपक्ष, २ अर्थ और 'बहुलः' (त्रि) के काला वर्ण, बहुत, २ अर्थ हैं ॥

४ 'लीला' (स्त्री) के विलास, केलि, शृङ्गारभावसे उत्पन्न क्रिया-विशेष, ३ अर्थ हैं ॥

५ 'उपला' (स्त्री) के शिकडी (पत्थरका छोटा २ कङ्कड़), खाँड़ या चीनी, २ अर्थ और 'उपलः' (पु) के पत्थर, रत्न, २ अर्थ हैं ॥

६ 'कीलालम्' (न) खून, पानी, २ अर्थ हैं ॥

७ 'मूलम्' (न) के पहला, जड़, मूल नामक उन्नीसवाँ नक्षत्र, (+ मूल-धन), समीप (जैसे—वृक्षमूले तिष्ठति,……), ४ अर्थ हैं ॥

८ 'जालम्' (न) के समूह, जाल (फन्दा), गवाक्ष (खिड़की, जँगला), बिना खिली हुई कली, दम्भ, ५ अर्थ और 'जालः' (पु) का कदम्बका पेड़, १ अर्थ है ॥

९ 'शीलम्' (न) के स्वभाव, सदाचरण (अच्छी रहन), २ अर्थ हैं ॥

१० 'फलम्' (न) के धान्य वृक्ष आदिका फल, फल (लाभ; जैसे—यज्ञका फल स्वर्ग,……), बाणकी नोक, जातीफल, त्रिफला (आँवला, हर्रे, बहेड़ा), कंकोल, सम्पत्ति, ७ अर्थ हैं ॥

१. 'शिफार्थयोः' इति पाठान्तरम् ।

१ छर्दिर्नेत्ररुजोः क्लीबं समूहे पटलं न ना ।
२ अधःस्वरूपयोरस्त्री तलं ३ स्याच्चामिषे पलम् ॥ २०२ ॥
४ औौर्वानलेऽपि पातालं ५ 'चेलं वस्त्रेऽधमे त्रिषु ।
६ कुकूलं शङ्कुभिः कीर्णे श्वभ्रे ना तु तुषानले ॥ २०३ ॥
७ निर्णीते केवलमिति त्रिलिङ्गं त्वेककृत्स्नयोः ।
८ पर्याप्तिक्षेमपुण्येषु कुशलं शिक्षिते त्रिषु ॥ २०४ ॥
९ प्रवालमङ्कुरेऽप्यस्त्री १० त्रिषु स्थूलं जडेऽपि च ।
११ करालो दन्तुरे तुङ्गे १२ चारौ दक्षे च पेशलः ॥ २०५ ॥

---

१ 'पटलम्' (न) के छप्पर, आँखका रोग-विशेष, २ अर्थ और 'पटलम्' (न स्त्री) का समूह, १ अर्थ है ॥

२ 'तलम्' (पु न) के नीचे (जैसे—रसातलम् , पादतलम् ,……), स्वरूप, पृष्ठ भाग (जैसे—भूतलम् , करतलम् ,……), ३ अर्थ हैं ॥

३ 'पलम्'[२] (न) के मांस, चार भरीका प्रमाण-विशेष, समय-विशेष (१ घटीका ६० भाग), ३ अर्थ हैं ॥

४ 'पातालम्' (न) के वड़वानल, नागलोक (पाताल), बिल, ३ अर्थ हैं ॥

५ 'चैलम्' (+चेलम् । न) का कपड़ा, १ अर्थ और 'चैलः' (त्रि) का नीच, १ अर्थ है ॥

६ 'कुकूलम्' (न) का कील आदिसे भरा गढा, १ अर्थ और 'कुकूलः' (पु) का भूसेकी आग (भवर), १ अर्थ है ॥

७ 'केवलम्' (अव्यय) का सिर्फ, १ अर्थ और 'केवलम्' (त्रि) के एक (अकेला, जैसे—केवलोऽयं याति,……), समूचा (जैसे—केवला भिक्षुकाः,……), २ अर्थ हैं ॥

८ 'कुशलम्' (न) के पर्याप्ति (सामर्थ्य), कल्याण, पुण्य, ३ अर्थ और 'कुशलम्' (त्रि) का शिक्षित (चतुर), १ अर्थ है ॥

९ 'प्रवालम्' (न पु) के नया पल्लव[२], मूँगा, वीणाका दण्ड, ३ अर्थ हैं ॥

१० 'स्थूलम्' (त्रि) के मोटा, जड़ (मूर्ख), २ अर्थ हैं ॥

११ 'करालः' (त्रि) के दाँतुल, ऊँचा, भयङ्कर, ३ अर्थ हैं ॥

१२ 'पेशलः' (त्रि) के सुन्दर, चतुर, २ अर्थ हैं ॥

---

१ 'चेलम्' इति पाठान्तरम् । २. 'अङ्कुरोऽत्र किसलयः' इति क्षी० स्वा० व्या० ।

१ मूर्खेऽर्भकेऽपि बालः स्या २ ल्लोलश्चलसतृष्णयोः ।
३ 'कुलं गृहेऽपि ४ तालाङ्के कुबेरे चैककुण्डलः (७८)
५ स्त्रीभावावज्ञयोर्हेला ६ हेलिः सूर्ये ७ रणे हिलिः (७९)
८ हालः स्यान्नृपतौ मद्ये ९ शकलच्छेदयोर्दलम् (८०)
१० तूलिश्चित्रोपकरणशलाकातूलशाटयोः (८१)
११ तुमुलं व्याकुले शब्दे १२ शष्कुली कर्णपाल्यपि' (८२)

इति लान्ताः शब्दाः ।

अथ वान्ताः शब्दाः ।

१३ दवदावौ वनारण्यवह्नी—

---

१ 'बालः' (+ वालः । त्रि) के मूर्ख, बालक, केश, नेत्रवाला औषध, हाथी–घोड़ेकी पूँछके बालका गुच्छा, ५ अर्थ हैं ॥

२ 'लोलः' (त्रि) के चञ्चल, चाहनासे युक्त, २ अर्थ हैं ॥

३ ['कुलम्' (न) के घर, देह, देश, वंश, परिवार, ५ अर्थ हैं] ॥

४ ['एककुण्डलः' (पु) के बलभद्र, कुबेर, २ अर्थ हैं] ॥

५ ['हेला' (स्त्री) के स्त्रीका भाव-विशेष; अवज्ञा, २ अर्थ हैं] ॥

६ ['हेलिः' (पु) के सूर्य, आलिङ्गन, २ अर्थ हैं] ॥

७ ['हिलिः' (पु) के लड़ाई, भाव-सूचन, २ अर्थ हैं] ॥

८ ['हालः' (पु) के शालिवाहन (+ सातवाहन) राजा, १ अर्थ और + 'हाला' (स्त्री) का मदिरा, १ अर्थ है] ॥

९ ['दलम्' (न) के टुकड़ा, पत्ता, २ अर्थ हैं] ॥

१० ['तूलिः' (स्त्री) के चित्र बनानेकी कूँची, तोशक, २ अर्थ हैं] ॥

११ ['तुमुलम्' (न) का रण आदिमें जन-समूहादि से ठसाठस भरा हुआ, १ अर्थ और 'तुमुलः' (पु) का बहेड़ेका पेड़, १ अर्थ है] ॥

१२ ['शष्कुली' (स्त्री) के कर्णपाली, (कानका पर्दा), पूड़ी, २ अर्थ हैं] ॥

इति लान्ताः शब्दाः ।

अथ वान्ताः शब्दाः ।

१३ 'दवः, दावः' (२ पु) के वन, दावानल (लकड़ियोंकी रगड़से उत्पन्न हुई जङ्गलकी आग), २ अर्थ हैं ॥

—१ जन्महरौ भवौ ॥ २०६ ॥
२ मन्त्री सहायः सचिवौ ३ पतिशाखिनरा धवाः ।
४ अवयः शैलमेषार्का ५ आज्ञाऽऽह्वानाध्वरा हवाः ॥ २०७ ॥
६ भावः [१]सत्तास्वभावाभिप्रायचेष्टात्मजन्मसु ।
७ स्यादुत्पादे फले पुष्पे प्रसवो गर्भमोचने ॥ २०८ ॥
८ अविश्वासेऽपह्नवेऽपि निकृतावपि निह्नवः ।
९ उत्सेकामर्षयोरिच्छाप्रसरे मह उत्सवः ॥ २०९ ॥
१० अनुभावः प्रभावे च सतां च मतिनिश्चये ।
११ स्याज्जन्महेतुः प्रभवः स्थानं चाद्योपलब्धये ॥ २१० ॥

---

१ 'भवः' (पु) के जन्म लेना, शिवजी, प्राप्ति, सत्ता, संसार, कल्याण, ६ अर्थ हैं ॥

२ 'सचिवः' (पु) के मन्त्री (बुद्धि-सचिव), सहायक (कर्म-सचिव), २ अर्थ हैं ॥

३ 'धवः' (पु) के पति, धवका पेड़, नर, धूर्त, ४ अर्थ हैं ॥

४ 'अविः' (पु) के पहाड़, भेंड़ा, सूर्य, नाथ (स्वामी), ४ अर्थ हैं ॥

५ 'हवः' (पु) के आज्ञा, पुकारना, यज्ञ ३ अर्थ हैं ॥

६ 'भावः' (पु) के सत्ता, स्वभाव, अभिप्राय, चेष्टा, आत्मा, जन्म, वस्तु, क्रिया, लीला, विभूति, पण्डित, जन्तु, रतिवेग, १३ अर्थ हैं ॥

७ 'प्रसवः' (पु) के उत्पत्ति, फल, फूल, गर्भसे पैदा होना, सन्तान, ५ अर्थ हैं ॥

८ 'निह्नवः' (पु) के अविश्वास, व्यर्थ बोलना (बकना), शठता, ३ अर्थ हैं ॥

९ 'उत्सवः' (पु) के उन्नति, क्रोध, इच्छाका वेग, आनन्दका अवसर (विवाह आदि उत्सव), ४ अर्थ हैं ॥

१० 'अनुभावः' (पु) के प्रभाव, सज्जनोंके ज्ञानका निर्णय, भाव-सूचन, ३ अर्थ हैं ॥

११ 'प्रभवः' (पु) के जन्मकारण (जैसे—पुत्रादिका जन्म कारण माता-पिता,······), प्रथम उपलब्धिका स्थान (जैसे—'गङ्गाप्रभवः हिमवान्' अर्थात् गङ्गाके प्रथमोपलब्धिका स्थान हिमालय है,·········), २ अर्थ हैं ॥

---

१. 'स्वत्वस्वभावाभिप्रायचेष्टात्मजन्मसु' इति पाठान्तरम् ।

१ शूद्रायां विप्रतनये शस्त्रे[1] पारशवो मतः ।
२ ध्रुवो भभेदे क्लीबं तु निश्चिते शाश्वते त्रिषु ॥ २११ ॥
३ स्वो ज्ञातावात्मनि स्वं त्रिष्वात्मीये स्वोऽस्त्रियां धने ।
४ स्त्रीकटीवस्त्रबन्धेऽपि[2] नीवी परिपणेऽपि च ॥ २१२ ॥
५ शिवा गौरीफेरवयो ६ द्वन्द्वं कलहयुग्मयोः ।
७ द्रव्यासुव्यवसायेषु सत्त्वमस्त्री तु जन्तुषु ॥ २१३ ॥

---

१ 'पारशवः' (+पाराशवः । पु) के शूद्र जातिकी मातामें ब्राह्मण जातिके पितासे उत्पन्न सन्तान, परशु (फरसा, कुल्हाड़ी) अस्त्र, २ अर्थ हैं ॥

२ 'ध्रुवः' (पु) के ध्रुव तारा, वट, वसु, योग भेद, शिवजी, शङ्कु, कील, ७ अर्थ; 'ध्रुवम्' (न) का निश्चित (जैसे—ध्रुवं मूर्खोऽयम् ,.........), १ अर्थ और 'ध्रुवम्' (त्रि) के निरन्तर (जैसे—जातस्य हि ध्रुवो मृत्युर्ध्रुवं जन्म मृतस्य च (गीता २ । २७),......), तर्क, आकाश, ३ अर्थ हैं ॥

३ 'स्वः' (पु) के ज्ञाति (जाति, जैसे—दशमुखानीव भान्ति 'स्वाः', ...) आत्मा (जैसे—हृदि स्वमवलोकयन् ,......), २ अर्थ; 'स्वम्' (त्रि) का आत्मीय, १ अर्थ और 'स्वः' (पु न) का धन, १ अर्थ है । ('इस 'स्व' शब्दके ज्ञाति और धन अर्थमें 'राम' शब्दकी तरह और आत्मा और आत्मीय अर्थमें 'सर्व' शब्दकी तरह रूप [3]होते हैं') ॥

४ 'नीवी' (+नीविः । स्त्री) के फुफुती (स्त्रियोंके नाभिके नीचेवाली वस्त्र-ग्रन्थि) राजपुत्रादिके धनका अदल-बदल बनियोंका मूलधन, ३ अर्थ हैं ॥

५ 'शिवा' (स्त्री) के पार्वतीजी, सियारिन, स्यार, शमी वृक्ष, आँवला, भुँई आँवला ओषधि, ६ अर्थ हैं ॥

६ 'द्वन्द्वम्' (न । +पु) के लड़ाई, जोड़ी (युग्म, युगल), रहस्य, ३ अर्थ हैं ॥

७ 'सत्त्वम्' (न) के वस्तु, प्राण, अधिक पराक्रम होना, ३ अर्थ और 'सत्त्वम्' (न पु) का प्राणी १ अर्थ है ॥

---

१. 'पाराशवः पुमान्' इति पाठान्तरम् । २. 'नीविः' इति पाठान्तरम् ।

३. आत्मात्मीयार्थयोः स्वशब्दः 'स्वमज्ञातिधनाख्यायाम्' (पा० सू० १।१।३५) इति सर्वनामसंज्ञकस्तेन 'सर्व'वद्रूपम् । ज्ञातिधनार्थयोस्तु सर्वनामसंज्ञाऽभावाद् रामशब्दवद्रूपमित्यवधेयम् ॥

१ [1]'क्लीबं नपुंसकं षण्ढे वाच्यलिङ्गमविक्रमे।
२ [2]'अत्यध्वगातिप्रणतौ प्राध्वौ प्राध्वं तु बन्धने' (८३)

इति वान्ताः शब्दाः।

अथ शान्ताः शब्दाः।

३ द्वौ विशौ वैश्यमनुजौ ४ द्वौ चराभिमरौ स्पशौ॥ २४॥
५ द्वौ राशी पुञ्जमेषाद्यौ ६ द्वौ वंशौ कुलमस्करौ।
७ रहःप्रकाशौ वीकाशौ—

१ 'क्लीबम्' (न) का नपुंसक (हिजड़ा) १ अर्थ और 'क्लीबम्' (त्रि) का सामर्थ्यहीन, १ अर्थ है॥

२ ['प्राध्वः' (पु) के रास्ताको चलकर पूरा किया हुआ, अतिनम्र, २ अर्थ और 'प्राध्वम्' (न) का बन्धन, १ अर्थ है]॥

इति वान्ताः शब्दाः।

अथ शान्ताः शब्दाः।

३ 'विट्' (= विश पु) के वैश्य, मनुष्य, प्रवेश ३ अर्थ हैं॥

४ 'स्पशः' (पु) के दूत, युद्ध, २ अर्थ हैं॥

५ 'राशिः' (पु) के ढेरी, मेष आदि (१।१।२७ में उक्त) बारह राशि, २ अर्थ हैं॥

६ 'वंशः' (पु) के कुल (खान्दान), बाँस, संघ, पीठकी रीढ़ ४ अर्थ हैं॥

७ 'वीकाशः' (+ विकाशः। पु) के एकान्त, प्रकाश (स्पष्ट व्यक्त), २ अर्थ हैं॥

---

१. अयं (क्लीबशब्दः)ओष्ठ्योऽत्र भ्रमात्पठितः' इति भा० दी०, 'बवयोः सावर्ण्यादस्यात्र पाठः' इति महे० वचनं च चिन्त्यम्। 'कृपणक्षुद्रकक्लीबक्षुद्रा……' इति, क्लीबो वर्षवरः षण्ढः……इति, क्लीबो विक्रमहीनेऽपि……(अभि० रत्न० क्रमशः २।१९२, २।२७५, ५।२४) इति हलायुधात्, 'क्लीबोऽपौरुषषण्ढयोः' (अने० संग्र० २।५३२) इति वान्तप्रकरणहैमात् 'पापे क्लीबं नपुंसके षण्ढेऽन्यवदविक्रमे' इति मेदिन्याश्च वान्तस्यै (दन्त्यौष्ठ्यस्यै) व 'क्लीब' शब्दस्योपलब्ध्या सर्वेषां भ्रमकल्पनानौचित्यात्॥

२. 'अत्यध्वगा………बन्धने' इत्ययं क्षेपकांशः क्षी० स्वा० व्याख्यायामेवोपलभ्यत इति प्रकृतोपयोगितया मूले क्षेपकत्वेन निहितः॥

—१ निर्वेशो भृतिभोगयोः ॥ २१५ ॥
२ कृतान्ते पुंसि कीनाशः क्षुद्रकर्षकयोस्त्रिषु ।
३ पदे लक्ष्ये निमित्तेऽपदेशः स्या ४ त्कुशमप्सु च ॥ २१६ ॥
५ दशावस्थानेकविधाप्या ६ शा तृष्णापि चायता ।
७ वशा स्त्री करिणी च स्याद् ८ दृग्ज्ञाने ज्ञातरि त्रिषु ॥ २१७ ॥
९ स्यात्कर्कशः साहसिकः कठोरामसृणावपि ।
१० प्रकाशोऽतिप्रसिद्धेऽपि—

१ 'निर्वेशः' (पु) के वेतन, उपभोग, २ अर्थ हैं ॥

२ 'कीनाशः' (पु) के यमराज, वानर, २ अर्थ और 'कीनाशः' (त्रि) के क्षुद्र, कर्षक (किसान), २ अर्थ हैं ॥

३ 'अपदेशः' (पु) के व्याज (बहाना । + स्थान), लक्ष्य, निमित्त ३ अर्थ हैं ॥

४ 'कुशम्' (न) का पानी, १ अर्थ और 'कुशः' (पु) के रामचन्द्रजी-का पुत्र, कुश, द्वीप, जोती (बैल आदिके गलेमें बांधनेके लिये जुवाठकी रस्सी), ४ अर्थ हैं ॥

५ 'दशा' (स्त्री) के अवस्था (दशा), अनेक तरह, दीपकी बत्ती, ३ अर्थ और 'दशाः' (स्त्री नि० ब० व०) का कपड़ेकी धारी (किनारी, दसी), १ अर्थ है ॥

६ 'आशा' (स्त्री) के तृष्णा (चाह, आशरा, उमीद), पूर्व आदि दिशा, २ अर्थ हैं ॥

७ 'वशा' (स्त्री) के स्त्री, हथिनी, बाँझ गौ, लड़की, वशमें रहनेवाली, ५ अर्थ हैं ॥

८ 'दृक्' (= दृश् स्त्री) के ज्ञान, नेत्र, बुद्धि, ३ अर्थ और 'दृक्' (= दृश् त्रि) का ज्ञाता (जाननेवाला), १ अर्थ है ॥

९ 'कर्कशः' (त्रि) के साहसी, कठोर, रूखा, दृढ, निर्दय, कृपाण, क्रूर, ७ अर्थ और 'कर्कशः' (पु) के तलवार, कबीला ओषधि, गन्ना, कासमर्द (गुल्मभेद महे० । + वेसवारभेद क्षी० स्वा० भा० दी०), ४ अर्थ हैं ॥······

१० 'प्रकाशः' (पु) के बहुत प्रसिद्ध, घाम, उजाला, हँसी, ४ अर्थ हैं ॥

—१ शिशावज्ञे च बालिशः ॥ २१८ ॥
२ [1]कोशोऽस्त्री कुड्मले खड्गपिधानेऽर्थौघदिव्ययोः (८४)
३ [2]नाशः क्षये तिरोधाने ४ जीवितेशः प्रिये यमे (८५)
५ नृशंसखड्गौ निस्त्रिंशा ६ वंशुः सूर्योंऽशवः कराः (८६)
७ आशुर्ना शालिशीघ्रार्थे ८ पाशो बन्धनशस्त्रयोः' (८७)

इति शान्ताः शब्दाः ।

अथ षान्ताः शब्दाः ।

९ सुरमत्स्यावनिमिषौ १० पुरुषावात्ममानवौ ।

---

१ 'बालिशः' (पु) के बालक, मूर्ख, २ अर्थ हैं ॥

२ ['कोशः' (पु न) के फूलकी कोंढ़ी (कलिका), तलवार की म्यान, खज़ाना, दिव्य (शपथ-भेद), अर्थ हैं] ॥

३ ['नाशः' (पु) के क्षय, अन्तर्धान (छिपना), २ अर्थ हैं] ॥

४ ['जीवितेशः' (पु) के प्रिय (पति आदि), यमराज, २ अर्थ हैं] ॥

५ ['निस्त्रिंश' (पु) के क्रूर, तलवार, २ अर्थ हैं] ॥

६ ['अंशुः' (पु) के सूर्य, किरण, सूत आदिका पतला हिस्सा, ३ अर्थ हैं] ॥

७ ['आशु' (न) के व्रीहि (धान्य-भेद), शीघ्र, २ अर्थ हैं] ॥

८ ['पाशः' (पु) के बन्धन, वरुणका हथियार या फाँस, २ अर्थ हैं] ॥

इति शान्ताः शब्दाः ।

अथ षान्ताः शब्दाः ।

९ 'अनिमिषः' (पु) के देवता, मछली, २ अर्थ हैं ॥

१० 'पुरुषः' (पु) के क्षेत्रज्ञ (ज्ञानी), मनुष्य (पुरुष), पुन्नाग वृक्ष, ३ अर्थ हैं ॥

---

१. 'कोशो······दिव्ययोः' इत्ययमंशः मा० दी० क्षी० स्वा० मूलपुस्तके नोपलभ्यते नापि ताभ्यां व्याख्यातः, क्षी० स्वा० व्याख्याने दुर्गवचनत्वेन समुपलभ्यते । महे० मूले व्याख्यायां च समुपलभ्यते ॥

२. 'नाशः······शस्त्रयोः' इत्यंशः क्षी० स्वा० व्याख्याने दुर्गवचनत्वेनोपलभ्यमानः प्रकृतोपयोगितयाऽत्र क्षेपकत्वेन स्थापितः ॥

१ काकमत्स्यात्खगौ ध्वाङ्क्षौ २ कक्षौ तु तृणवीरुधौ ॥ २१९ ॥
३ अभीषुः प्रग्रहे रश्मौ ४ प्रैषः प्रेषणमर्दने ।
५ पक्षः[1] सहायेऽप्युष्णीषः शिरोवेष्टकिरीटयोः ॥ २२० ॥
७ शुक्ले मूषिके श्रेष्ठे सुकृते वृषभे वृषः ।
८ [2]कोषोऽस्त्री कुड्मले खड्गपिधानेऽर्थौघदिव्ययोः ॥ २२१ ॥
९ द्यूतेऽक्षे शारिफलकेऽप्याकर्षो१०ऽथाक्षमिन्द्रिये ।
ना द्यूताङ्गे कर्षचक्रे व्यवहारे कलिद्रुमे ॥ २२२ ॥

१ 'ध्वाङ्क्षः' (पु) के कौआ, मछलीको खानेवाला पक्षी (बगुला), भिक्षुक, तक्षक सर्प, कपासके बीज निकालनेका यन्त्र-विशेष, ६ अर्थ हैं ॥

२ 'कक्षः' (पु) के घास, लता, काँख जङ्गल, ४ अर्थ हैं ॥

३ 'अभीषुः' (+ अभीशुः । पु) के रस्सी (घोड़े आदिका बागडोर), किरण, २ अर्थ हैं ॥

४ 'प्रैषः' (+ प्रेषः । पु) के भेजना, पीडा, २ अर्थ हैं ॥

५ 'पक्षः' (पु) के सहाय, पखवारा (आधा महीना अर्थात् कृष्णपक्ष, शुक्लपक्ष), पार्श्व, ग्रह, साध्य, अवरोध, केश आदिसे परे (आगे) रहनेपर समूह (जैसे—केशपक्षः, काकपक्षः,.........), बल, मित्र, पंख, रुचि विकल्पित (जैसे—भवदीयः पक्षः, अस्मदीयः पक्षः,......), १२ अर्थ हैं ॥

६ 'उष्णीषः' (पु । + न) के पगड़ी, किरीट (मुकुट) २ अर्थ हैं ॥

७ 'वृषः' (पु) के बहुत पराक्रमवाला (+ अण्डकोश), चूहा, श्रेष्ठ, धर्म, वृष नामका दूसरा राशि, बैल, ६ अर्थ हैं ॥

८ 'कोषः' (+ कोशः, पु न) के फूलकी बिना खिली हुई कली (कोंढ़ी), तलवारकी म्यान, खजाना दिव्य (शपथ-भेद), ४ अर्थ हैं ॥

९ 'आकर्षः' (पु) के जुआ, जुआ खेलनेका पाशा, सतरंज आदि खेलने की बिसात, (कपड़ा या पटरी आदि), खींचना, इन्द्रिय, ५ अर्थ हैं ॥

१० 'अक्षम्' (न) के इन्द्रिय, तूतिया, सोचरखार, ३ अर्थ और 'अक्षः'

१. 'सहायेऽप्युष्णीषं' इति पाठान्तरम् ॥

२. 'कोषो ......दिव्य योः' इत्ययमर्धोऽशो महे० पुस्तके नोपलभ्यते नापि तेन व्याख्यातः ह क्षी० स्वा० मा० दी० मूलेलभ्यते व्याख्यातश्च ताभ्याम् ॥

१ कर्षूर्वार्ता करीषाग्निः कर्षूः कुल्याभिधायिनी।
२ पुंभावे तत्क्रियायां च पौरुषं ३ विषमप्सु च ॥ २२३ ॥
४ उपादानेऽप्यामिषं स्या ५ दपराधेऽपि [1]किल्बिषम्।
६ स्याद् वृष्टौ लोकधात्वंशे वत्सरे वर्षमस्त्रियाम् ॥ २२४ ॥
७ प्रेक्षा नृत्येक्षणं प्रज्ञा ८ भिक्षा सेवाऽर्थना भृतिः।
९ त्विट् शोभाऽपि १० त्रिषु परे ११ न्यक्षं कार्त्स्न्यनिकृष्टयोः ॥२२५॥

(पु) के जुआ खेलनेका पाशा, कर्ष (सोलह मासा, प्रमाण-विशेष), पहिया, बहेड़ा, व्यवहार (आय व्ययका विचार अर्थात् लेन देन), ५ अर्थ हैं ॥

१ 'कर्षूः' (पु) का खेती (जीविका), उपला (गोहरा, गोइंठा) का अङ्गार, २ अर्थ और 'कर्षूः' (स्त्री) का नहर, १ अर्थ है।

२ 'पौरुषम्' (न) के पुरुषका भाव, पुरुषका कर्म (पुरुषार्थ), तेज ३ अर्थ और 'पौरुषम्' (त्रि) का पोरसा (हाथ उठाये हुए मनुष्यके साढ़े चार हाथका प्रमाण विशेष) १ अर्थ है ॥

३ 'विषम्' (न) के जल, जहर, २ अर्थ हैं ॥

४ 'आमिषम्' (न पु) के उपादान (घूस, रिश्वत), भोग्य वस्तु, संभोग, मांस, ४ अर्थ हैं ॥

५ 'किल्बिषम्' (+ किल्मिषम् । न) के अपराध, पाप, रोग, ३ अर्थ हैं ॥

६ 'वर्षम्' (पु न) के वर्षा, जम्बूद्वीपके खण्ड (१ । १ । ६ में उक्त भारत आदि नव वर्ष), वर्ष (साल), ३ अर्थ और 'वर्षाः' (स्त्री नि० ब० व०) का वर्षा ऋतु, १ अर्थ है ॥

७ 'प्रेक्षा' (स्त्री) के नाच, देखना (+ नाच देखना), बुद्धि, ३ अर्थ हैं ॥

८ 'भिक्षा' (स्त्री) के सेवा, याचना, वेतन, भिक्षा में मिला हुआ पदार्थ, ४ अर्थ हैं ॥

९ 'त्विट्' (= त्विष् स्त्री) के शोभा, वचन, तेज, ३ अर्थ हैं ॥

१० यहांसे आगे सब षकारान्त शब्द त्रिलिङ्ग हैं ॥

११ 'न्यक्षम्' (त्रि) के साकल्य, नीच, २ अर्थ 'न्यक्षः' (पु) का परशुराम, १ अर्थ है।

१. 'किल्मिषम्' इति पाठान्तरम्।

१ प्रत्यक्षेऽधिकृतेऽध्यक्षो २ रूक्षस्त्वप्रेम्ण्यचिक्कणे ।
३ [1]व्याजसंख्याशरव्येषु लक्षं ४ घोषो रवव्रजौ (८८)
५ कपिशीर्षं भित्तिशृङ्गे ६ऽनुतर्षश्चषकः सुरा (८९)
७ दोषो वातादिके दोषा रात्रौ ८ दक्षोऽपि कुक्कुटे (९०)
९ शुण्डाग्रभागे गण्डूषो द्वयोश्च मुखपूरणे' (९१)

इति षान्ताः शब्दाः ।

अथ सान्ताः शब्दाः ।

१० रविश्वेतच्छदौ हंसौ—

---

१ 'अध्यक्षः' (त्रि) के प्रत्यक्ष, अधिकारी (मालिक,) २ अर्थ हैं ॥

२ 'रूक्षः' (त्रि) के प्रेमरहित, रूखा, २ अर्थ हैं ॥

३ ['लक्षम्' (न) के व्याज, लाख संख्या, निशाना, ३ अर्थ हैं] ॥

४ ['घोषः' (पु) के शब्द (हल्ला, आवाज़), अहीरोंके रहनेका स्थान, २ अर्थ हैं] ॥

५ ['कपिशीर्षम्' (न) के दिवालका ऊपरी भाग, शृङ्ग, अर्थ हैं] ॥

६ ['अनुतर्षः' (पु) के मदिरा पीनेका प्याला, मदिरा, अभिलाषा, तृष्णा, ४ अर्थ हैं] ॥

७ ['दोषः' (पु) के वात आदि (पित्त, कफ) तीन दोष, दोष (अपराध), २ अर्थ और 'दोषा' (अव्य०) का रात, १ अर्थ है] ॥

८ ['दक्षः' (पु) का मुर्गा, १ अर्थ और 'दक्षः' (त्रि) का चतुर, १ अर्थ है ॥

९ ['गण्डूषः' (पु) के हाथीके सूंड़का आगेवाला भाग, १ अर्थ और 'गण्डूषः' (पु स्त्री) का कुल्ला (मुखमें पानी भरना), १ अर्थ है] ॥

इति षान्ताः शब्दाः ।

अथ सान्ताः शब्दाः ।

१० 'हंसः' (पु) के सूर्य, हंस पक्षी, [2] योगि-भेद, ३ अर्थ हैं ॥

---

१. 'व्याज……मुखपूरणे' इत्ययं क्षेपकांशः क्षी० स्वा० व्याख्यायामुपलभ्यमानः प्रकृतोपयोगितया मूले क्षेपकत्वेन स्थापितः ॥

२. तदुक्तम्—'कुटीचको बहूदको हंसश्चैव तृतीयकः ।
चतुर्थो परमो हंसो योग्यः पश्चात्स उत्तमः' ॥ इति हारीतः ॥

—१ सूर्यवह्नी विभावसू ॥ २२६ ॥
२ वत्सौ तर्णकवर्षौ द्वौ ३ सारङ्गाश्च दिवौकसः ।
४ शृङ्गारादौ विषे वीर्ये गुणे रागे द्रवे रसः ॥ २२७ ॥
५ पुंस्युत्तंसावतंसौ द्वौ कर्णपूरे च शेखरे ।
६ देवभेदेऽनले रश्मौ वसू रत्ने धने वसु ॥ २२८ ॥
७ विष्णौ च वेधाः ८ स्त्री त्वाशीर्हिताशंसाहिदंष्ट्रयोः ।
९ लालसे प्रार्थनौत्सुक्ये १० हिंसा चौर्यादिकर्म च ॥ २२९ ॥

१ 'विभावसुः' (पु) के सूर्य, अग्नि, २ अर्थ हैं ॥

२ 'वत्सः' (पु) के गौका बछुवा या पुत्र आदि (बच्चा), वर्ष, २ अर्थ और 'वत्सम्' (न) का छाती, १ अर्थ है ॥

३ 'दिवौकसः' (= दिवौकस् पु) के चातक पक्षी, देवता, २ अर्थ हैं ॥

४ 'रसः' (पु) के शृङ्गार आदि (१।७।१७ में उक्त) नव रस, विष, वीर्य, कसाव आदि (१।५।९ में उक्त) छ रस, राग (जैसे—रसिकस्त-रुणः,······), पिघलना, पारा, जल, स्वाद, ९ अर्थ हैं ॥

५ 'उत्तंसः, अवतंसः' (२ पु) के कानका भूषण, भूषणमात्र, २ अर्थ हैं ॥

६ 'वसुः' (पु) के धर आदि आठ वसु (१ धर, २ ध्रुव, ३ सोम, ४ अहन् (दिन), ५ वायु, ६ अग्नि, ७ प्रत्यूष, ८ प्रभास; ये आठ वसु[1] हैं), अग्नि, किरण, राजा, जोती (जुआठमें बंधी हुई बैल के गले में बांधने की रस्सी), ५ अर्थ; 'वसु' (न) के रत्न, धन, वृद्धि औषध, स्वर्ण, ४ अर्थ और 'वसुः' (त्रि) का मधुर, १ अर्थ है ॥

७ 'वेधाः' (=वेधस् पु) के विष्णु, ब्रह्मा, पण्डित. ३ अर्थ हैं ॥

८ 'आशीः' (= आशिस् स्त्री) के आशीर्वाद, सर्पका दाँत, २ अर्थ हैं ॥

९ 'लालसा' (स्त्री) के प्रार्थना, उत्सुकता, अधिक चाह, याचना, ४ अर्थ हैं ॥

१० 'हिंसा' (स्त्री) के चोरी आदि (बांधना, कराना) बुरा काम, मारना, २ अर्थ हैं ॥

---

१. तदुक्तम्—'धरो ध्रुवश्च सोमश्च अहश्चैवानिलोऽनलः ।
प्रत्यूषश्च प्रभासश्च वसवोऽष्टाविति स्मृताः' ॥ १ ॥
इति भा० आ० ६६०—' इति वाचस्पत्य० पृ० ४८९१ ॥

१ प्रसूरश्वापि २ भूद्यावौ रोदस्यौ रोदसी च ते ।
३ ज्वालाभासौ न पुंस्यर्चिः४ज्योतिर्भद्योतदृष्टिषु ॥ २३० ॥
५ पापापराधयोरागः ६ खगबाल्यादिनोर्वयः ।
७ तेजः पुरीषयोर्वर्चो ८ महस्तूत्सवतेजसोः ॥ २३१ ॥
९ रजो गुणे च स्त्रीपुष्पे१०राहौ ध्वान्ते गुणे तमः ।
११ छन्दः पद्येऽभिलाषे च१२तपः कृच्छ्रादिकर्म च ॥ २३२ ॥
१३ सहो बलं सहा मार्गो—

---

१ 'प्रसूः' (स्त्री) के घोड़ी, माता, केला, लता, ४ अर्थ हैं ॥

२ 'रोदस्यौ' (=रोदसी स्त्री), 'रोदसी' (= रोदस् न । २ नि० द्विव) का, जमीन-आसमान, १ अर्थ है ॥

३ 'अर्चिः' (= अर्चिस् स्त्री न) के ज्वाला, किरण या कान्ति, २ अर्थ हैं ॥

४ 'ज्योतिः' (= ज्योतिस् न) के नक्षत्र, प्रकाश, दृष्टि, ज्योतिष शास्त्र, ४ अर्थ हैं ॥

५ 'आगः' (= आगस् न) के पाप, अपराध, २ अर्थ हैं ॥

६ 'वयः' (= वयस् न) के चिड़िया, अवस्था (बाल्य, यौवन, वार्द्धक्य आदि), २ अर्थ हैं ॥

७ 'वर्चः' (= वर्चस् न) के तेज, विट् (मैला, पाखाना), रूप, ३ अर्थ हैं ॥

८ 'महः' (= महस् न । + महः = मह पु) के उत्सव, तेज, २ अर्थ हैं ॥

९ 'रजः' (= रजस् न । + रजः = रज पु) के रजोगुण, स्त्रीका मासिक आर्तव, २ अर्थ हैं ॥

१० 'तमाः' (= तमस् पु) का राहु ग्रह, १ अर्थ और 'तमः' (तमस् न) के अन्धकार, तमोगुण, शोक (मोह, मूर्च्छा), ३ अर्थ हैं ॥

११ 'छन्दः' (= छन्दस् न), पद्य (श्लोक आदि), अभिलाषा, वेद, स्वच्छन्दता, ४ अर्थ हैं ॥

१२ 'तपः' (= तपस् न) का तपस्या (कृच्छ्र, चान्द्रायण आदि कठिनव्रत), तपोलोक, धर्म, ३ अर्थ 'तपाः' (पु) के माघ महीना, शिशिर ऋतु, २ अर्थ हैं ॥

१३ 'सहः' (= सहस् न) के बल, ज्योतिष्, २ अर्थ और 'सहाः' (= सहस् पु) के मार्ग (अगहन) महीना, हेमन्त ऋतु, २ अर्थ हैं ॥

—१ नभः खं श्रावणो नभाः ।
२ ओकः सद्माश्रयश्चौकाः ३ पयः क्षीरं पयोऽम्बु च ॥ २३३ ॥
४ ओजो दीप्तौ बले ५ स्रोत इन्द्रिये निम्नगारये ।
६ तेजः प्रभावे दीप्तौ च बले शुक्रेऽप्य७तस्त्रिषु ॥ २३४ ॥
८ विद्वान्विदंश्च९बीभत्सो हिंस्रोऽप्य१०तिशये त्वमी ।
वृद्धप्रशस्ययोर्ज्यायान्—

---

१ 'नभः' (= नभस् न) का आकाश, १ अर्थ और 'नभाः' (= नभस् पु) के श्रावण महीना, मेघ (बादल), पिकदान (उगलदान), नाक, मृणालसूत्र, वर्षा ऋतु, ६ अर्थ हैं ॥

२ 'ओकः' (= ओकस् । न + ओकः = ओक पु) का मकान, १ अर्थ और 'ओकाः' (= ओकस् पु) का आश्रयमात्र, १ अर्थ है ॥

३ 'पयः' (= पयस् न) के दूध, पानी, २ अर्थ हैं ॥

४ 'ओजः' (= ओकस् न) के दीप्ति, बल, प्रकाश (उजाला), ३ अर्थ हैं ॥

५ 'स्रोतः' (= स्रोतस् न) के इन्द्रिय, सोत (नदी आदिका बहाव), २ अर्थ हैं ॥

६ 'तेजः' (= तेजस् न) के प्रभाव, दीप्ति, बल, वीर्य (मनुष्यका शरीरस्थ धातु), [1]असहन, ५ अर्थ हैं ॥

७ यहांसे आगे सब सकारान्त शब्द त्रिलिङ्ग हैं ॥

८ 'विद्वान्' (= विद्वस् त्रि) के पण्डित, आत्मज्ञानी, प्राज्ञ, ३ अर्थ हैं ॥

९ 'बीभत्सः' (त्रि) के हिंसक या क्रूर, भयङ्कर (डरावना), २ अर्थ और 'बीभत्सः' (पु) के बीभत्स रस ('यह पृ० ७३ में उक्त शृङ्गार आदि नवरसों के अन्तर्गत है'), १ अर्थ है ॥

१० 'ज्यायान्' (= ज्यायस् त्रि) के अत्यन्त बूढा, बहुत प्रशंसा करने योग्य, २ अर्थ हैं ॥

---

१. तदुक्तं साहित्यदर्पणे विश्वनाथेन—

'अधिक्षेपापमानादेः प्रयुक्तस्य परेण यत् ।
प्राणात्ययेऽप्यसहनं तत्तेजः समुदाहृतम्' ॥ १ ॥

इति सा० द० ३ । ९७ ॥

—१ कनीयांस्तु युवाल्पयोः ॥ २३५ ॥

२ वरीयांस्तूरुवरयोः ३ साधीयान्साधुबाढयोः।

इति सान्ताः शब्दाः।

अथ हान्ताः शब्दाः।

४ दलेऽपि बर्हं ५ निर्बन्धोपरागार्कादयो ग्रहाः ॥ २३६ ॥

६ द्वार्यापीडे क्वाथरसे निर्व्यूहो नागदन्तके।

७ तुलासूत्रेऽश्वादिरश्मौ प्रग्राहः प्रग्रहोऽपि च ॥ २३७ ॥

८ पत्नीपरिजनादानमूलशापाः परिग्रहाः।

९ दारेषु च गृहाः—

---

१ 'कनीयान्' (= कनीयस् त्रि) के बहुत युवा, बहुत छोटा, २ अर्थ हैं ॥

२ 'वरीयान्' (= वरीयस् त्रि) के बहुत बड़ा, बहुत श्रेष्ठ, २ अर्थ हैं ॥

३ 'साधीयान्' (= साधीयस् त्रि) के बहुत साधु (अच्छा), बहुत ज्यादा, २ अर्थ हैं ॥

इति सान्ताः शब्दाः।

अथ हान्ताः शब्दाः।

४ 'बर्हम्' (न पु) के पत्ता, मोरका पंख, २ अर्थ हैं ॥

५ 'ग्रहः' (पु) के ग्रहण करना, सूर्य-चन्द्र-ग्रहण, सूर्य आदि ग्रह (सूर्य, चन्द्र, मङ्गल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, राहु, केतु ये नव 'ग्रह'[1] हैं), ३ अर्थ हैं ॥

६ 'निर्व्यूहः' (पु) के द्वार, शिखा या चोटीमें बाँधनेकी माला, काढ़ेका रस, खूंटी, ४ अर्थ हैं ॥

७ 'प्रग्रहः, प्रग्राहः' (२ पु) के तर्जी (तराजूके दण्डीकी रस्सी), घोड़े आदिका बागडोर या लगाम, २ अर्थ हैं ॥

८ 'परिग्रहः' (पु) के पत्नी (स्त्री), परिजन, लेना, वृक्षादिकी जड़, शाप या शपथ, राहुग्रस्त सूर्य, ६ अर्थ हैं ॥

९ 'गृहाः' (नि० पु० ब० व०) का स्त्री, १ अर्थ और 'गृहम्' (न पु) का घर, १ अर्थ है ॥

---

१. तदुक्तम्—'सूर्यश्चन्द्रो मङ्गलश्च बुधश्चापि बृहस्पतिः।
शुक्रः शनैश्चरो राहुः केतुश्चेति नव ग्रहाः ॥ १ ॥ इति वाचस्प० पृ० २७४५ ॥

—१ श्रोण्यामप्यारोहो वरस्त्रियाः ॥ २३८ ॥
२ व्यूहो वृन्देऽप्य३हिर्वृत्रेऽप्य४ग्नीन्द्वर्कास्तमोपहाः ।
५ परिच्छदे नृपार्हेऽर्थे परिबर्हः—

इति हान्ताः शब्दाः ।

अथाव्ययाः शब्दाः ।

—६ अव्ययाः परे ॥ २३९ ॥
७ आङीषदर्थेऽभिव्याप्तौ सीमार्थे धातुयोगजे ।
८ आ प्रगृह्यः स्मृतौ वाक्येऽ९प्यास्तु स्यात्कोपपीडयोः ॥ २४० ॥

---

१ 'आरोहः' (पु) के स्त्रीकी कमर या चूतड़, पहाड़ आदिपर चढ़ना, पेड़ आदिकी ऊँचाई, ३ अर्थ हैं ॥

२ 'व्यूहः' (पु) के समूह, सेनाकी स्थिति विशेष, तर्क, बनावट (रचना), ४ अर्थ हैं ॥

३ 'अहिः' (पु) के वृत्रासुर, साँप, २ अर्थ हैं ॥

४ 'तमोपहः' (पु) के अग्नि, चन्द्रमा, सूर्य, जिन, ४ अर्थ हैं ॥

५ 'परिबर्हः' (पु) के सामग्री, राजाका छत्र-चामर आदि चिह्न, धन, ३ अर्थ हैं ॥

इति हान्ताः शब्दाः ।

अथाव्ययाः शब्दाः ।

६ यहाँसे आगे नानार्थवर्गके अन्ततक सब शब्द अव्यय हैं ॥

७ 'आङ्' के थोड़ा, अभिव्याप्ति (व्याप्तकर), सीमा (हद), धातु-योगसे उत्पन्न अर्थ, ४ अर्थ हैं । ('क्रमशः उदाहरण—१ आपिङ्गलः, २ आरत्नगात्, ३ आसमुद्रं क्षितीशानाम् (रघु० १।५), ४ आक्रामति,…') ॥

८ 'आ' (इसकी प्रगृह्यसंज्ञा[1] होती है) के स्मरण, वाक्य, २ अर्थ हैं । ('क्रमशः उदा०—१ आ एवं नु मन्यसे, २ आ एवं किल तत ,………') ॥

९ 'आः' के कोप, पीड़ा, २ अर्थ हैं । ('क्रमशः उदाहरण—१ आः पाप ! एकम् अधुनापि प्रलपसि, २ आः शीतम् ,………') ॥

---

१. 'निपात एकाजनाङ्' (पा० सू० १।१।१४) इति सूत्रेणाङ्भिन्नस्य आ' इत्यस्यैव प्रगृह्य संज्ञा विधीयते । तस्यां च तस्यां वक्ष्यमाणटीकोक्तोदाहरणद्वये 'वृद्धिरेचि' (पा०सू० ६।१।८८) इति सूत्रेण वृद्धिर्न भवति, किन्तु 'प्लुतप्रगृह्या अचि नित्यम्' (पा० सू० ६।१।१२५) इति प्रकृतिभाव एवेति प्रगृह्यसंज्ञाफलमित्यवधेयम् ॥

१ पापकुत्सेषदर्थे कु २ धिङ् निर्भर्त्सननिन्दयोः ।
३ चान्वाचयसमाहारेतरेतरसमुच्चये ॥ २४१ ॥
४ स्वस्त्याशीः क्षेमपुण्यादौ ५ प्रकर्षे लङ्घनेऽप्यति ।
६ स्वित्प्रश्ने च वितर्के च ७ तु स्याद्भेदेऽवधारणे ॥ २४२ ॥

---

१ 'कु' के पाप, कुत्सा (निन्दा), थोड़ा, ३ अर्थ हैं । ('क्रमशः उदा०— १ कुकृत्यम् , कुकर्म, २ कुभार्योऽयम् , ३ कोष्णम्.........') ॥

२ 'धिक्' के धमकाना निन्दा, २ अर्थ हैं । (क्रमशः उदा०—१ धिक् त्वां शासनार्हं विस्मृतार्थम् , धिक् तार्किकान् , २ धिग् वारवधूगामिनं त्वाम् ,.........') ॥

३ 'च' के अन्वाचय (जहां दो कामोंमें-से एक काम अप्रधान हो वह), समाहार (समूह) इतरेतरयोग (एकाधिकका आपसमें मिल जाना), समुच्चय (परस्पर निरपेक्ष क्रियाओंका आपसमें अन्वय होना), विनियोग, तुल्ययोगिता, कारण, ७ अर्थ हैं । ('क्रमशः उदा०—१ भिक्षामट गाश्चानय, २ पाणी च पादौ च पाणिपादम् , संज्ञा च परिभाषा च संज्ञापरिभाषम् , ३ धवश्च खदिरश्च धवखदिरौ हरिश्च हरश्च हरिहरौ, ४ ईश्वरं च गुरुं च भजस्व, पठति पचति च मैत्रः, ५ अहं च त्वं च वृत्रहन्त्संयुज्याव सनिभ्य आ (निरु० १।४।११), ६ ध्यातश्चोपस्थितश्च, ७ ग्रामश्च गन्तव्यः आतपश्च अर्थात् आतपात्कथं ग्रामो गम्यते,.........) ॥

४ 'स्वस्ति' के आशीर्वाद, कल्याण, पुण्य, मङ्गल, ४ अर्थ हैं । ('क्रमशः उदा०—१ स्वस्ति भवद्भ्यः, २ स्वस्ति प्रजाभ्यः, स्वस्ति गच्छ, ३ स्वस्तिमान् स्वर्गमाप्नोति, स्वस्ति काममिदं तव, ४ स्वस्ति श्रीकुसुमपुरात्-(मुद्रा०),...' ॥

५ 'अति' के प्रकर्ष (अतिशय), लङ्घन, २ अर्थ हैं । (क्रमशः उदा०— १ अत्युत्तमं भोजनम् , २ मर्यादामतिक्रामसि कुरुः,.........') ॥

६ 'स्वित्' के प्रश्न, वितर्क, २ अर्थ हैं । ('क्रमशः उदा०—१ किं स्विन्मङ्गलमस्ति तावकगृहे, २ अधः स्विदासीदुपरि स्विदासीत् ,......') ॥

७ 'तु' के भेद (कमी-वेशी), निश्चय, २ अर्थ हैं । ('क्रमशः उदा०— १ क्षीरान्मांसं तु पुष्टिकृत् , २ भीमस्तु पाण्डवानां रौद्रः, भोजनं तु रुचिप्रियम् ....)' ॥

१ सकृत् सहैकवारे २ चाप्यारराद्-दूरसमीपयोः ।
३ प्रतीच्यां चरमे पश्चा४दुताप्यर्थविकल्पयोः ॥ २४३ ॥
४ पुनः सहार्थयोः शश्वत् ६ साक्षात्प्रत्यक्षतुल्ययोः ।
७ खेदानुकम्पासंतोषविस्मयामन्त्रणे [1]वत ॥ २४४ ॥

१ 'सकृत्' के साथ, एक बार सर्वदा, ३ अर्थ हैं। ('क्रमशः उदा०— १ 'सकृद्गच्छन्ति बालकाः' सह गच्छन्तीत्यर्थः, २ सकृदध्ययनाद्विस्मर्यते पाठः, ३ 'सकृद्युवानो गीर्वाणाः' देवाः सदा युवानो भवन्तीत्यर्थः,······') ॥

२ 'आरात्' के दूर, समीप, २ अर्थ हैं। ('क्रमशः उदा०—१ आराद् दुर्जनसंसर्गात्त्याज्यः श्रेयोऽभिलाषुकैः, २ 'सज्जार्थं स्थापयेदारात्' समीपे स्थापयेदित्यर्थः, ······') ॥

३ 'पश्चात्' के पश्चिम दिशा, अन्तिम, २ अर्थ हैं। ('क्रमशः उदा०— १ पश्चादस्तमितो रविः, पश्चादस्ताद्रिः' पश्चिम इत्यर्थः, पश्चाद्गच्छति······') ॥

४ 'उत' के समुच्चय, प्रश्न, विकल्प, वितर्क, ४ अर्थ हैं। ('क्रमशः उदा०—१ उत भीम उतार्जुनः, २ उत दण्डः पतिष्यति, ३ उत पर्वतं भिन्द्यात्, उत त्रुट्येद्वज्रः, ४ स्थाणुरुत पुरुषः,······') ॥

५ 'शश्वत्' के बारम्बार, साथ, नित्य (सदा), ३ अर्थ हैं। (क्रमशः उदा०—१ 'शश्वद्गच्छति' अनेकवारं गच्छतीत्यर्थः, २ शश्वद्भुञ्जते, ३ शाश्वतं वैरम् ,······') ॥

६ 'साक्षात्' के प्रत्यक्ष (सामने), तुल्य, २ अर्थ हैं। (क्रमशः उदा०—१ साक्षात्पश्यति परमात्मानं योगीश्वरः, २ 'इयं साक्षाद्रमा' लक्ष्मीतुल्येत्यर्थः,······') ॥

७ 'वत' (+ बत) के खेद, अनुकम्पा (दया), सन्तोष, विस्मय, आमन्त्रण, ५ अर्थ हैं। (क्रमशः उदा०—१ अहो बत महद्दुःखम् , २ बत निःस्वोऽसि त्वम् , ३ बत पवित्राकिञ्चिवः, बत प्राप्ता सीता, अहो बतासि स्पृहणीयवीर्यः (कु० सं० ३।२०), अहो बतायं ध्रुव आप देशम् , बत वितरत तोयं तोयवाहा नितान्तरम् , एहि बत सौम्य,······') ॥

१. 'बत' इति पाठान्तरम् ॥

१ हन्त हर्षेऽनुकम्पायां वाक्यारम्भविषादयोः ।
२ प्रति प्रतिनिधौ वीप्सालक्षणादौ प्रयोगतः ॥ २४५ ॥
३ इति [1]हेतुप्रकरणप्रकाशादिसमाप्तिषु ।
४ प्राच्यां पुरस्तात् प्रथमे पुरार्थेऽग्रत इत्यपि ॥ २४६ ॥
५ यावत्तावच्च साकल्येऽवधौ मानेऽवधारणे ।

---

१ 'हन्त' के हर्ष, दया, वाक्यारम्भ, विषाद, ४ अर्थ हैं । ('क्रमशः उदा०—१ हन्त जीवामो वयम् , २ हन्त दीनो रक्षणीयः, ३ हन्त ते कथयिष्यामि (गीता १०।१९), ४ हन्त जातमजातारेः प्रथमेन त्वयारिणा (शिशु० वध २।१०१),………') ॥

२ 'प्रति' प्रतिनिधि, वीप्सा (व्याप्त करनेकी इच्छा), लक्षण, 'आदि' से—इत्थंभूताख्यान, भाग, प्रतिदान, ६ अर्थ हैं । ('क्रमशः उदा०—१ अभिमन्युरर्जुनं प्रति, अभिमन्युं प्रति परीक्षित् , २ तीर्थं तीर्थं प्रति याति, वृक्षं वृक्षं प्रति विद्योतते विद्युत्, ३ वृक्षं प्रति विद्योतते विद्युत् , ४ साधुर्देवदत्तो मातरं प्रति, ५ यदत्र मां प्रति स्यात्तद्दीयताम् , ६ माषानस्मै तिलेभ्यः प्रति प्रयच्छति,……') ॥

३ 'इति' के हेतु, प्रकरण, प्रकाश (+प्रकर्ष), 'आदि' से—इस तरह, समाप्ति, विवक्षा, नियम, स्वरूप, ७ अर्थ हैं । ('क्रमशः उदा०—१ हन्तीति पलायते, २ गौरश्वो हस्तीति जातिः, ३ 'इति पाणिनिः' पाणिनिलोके प्रकाश इत्यर्थः, ४ क्रमादमुं नारद इत्यबोधि सः (शिशु०वध १।३), ५ धर्ममाचरेदिति, अ अ इति (पा० सू० ८।४।६८), ६ तदस्यास्त्यस्मिन्निति मतुप् (पा० सू० ५।२।९४), ७ वृद्धिरित्येव या सा वृद्धिः,……') ॥

४ 'पुरस्तात्' के पूर्व दिशा, पहले (प्रथम), बीता हुआ (भूतकाल), पहले (आगे), ४ अर्थ हैं । ('क्रमशः उदा०—१ पुरस्ताद् द्वारम् पूर्वस्यां दिशीत्यर्थः, २ पुरस्ताद्भुङ्क्ते प्रथमं भुङ्क्त इत्यर्थः, ३ पुरस्ताद्रामोऽभूत् , ४ पित्रोः पुरस्तात् क्रीडति शिशुः,……') ॥

५ 'यावत् , तावत्' के साकल्य (जितना, उतना), अवधि (हद), प्रमाण, अवधारण (निश्चय), ४ अर्थ हैं । ('दोनोंके क्रमशः उदा०—१ मम

---

१. 'हेतुप्रकरणप्रकर्षादिसमाप्तिषु' इति पाठान्तरम् ॥

१ मङ्गलानन्तरारम्भप्रश्नकार्त्स्न्येष्वथो अथ ॥ २५७ ॥
२ वृथा निरर्थकाविध्योः ३ नानाऽनेकोभयार्थयोः ।
४ नु पृच्छायां विकल्पे च ५ पश्चात्सादृश्ययोरनु ॥ २५८ ॥

यावत्कार्यमस्ति तावत्कुरु, यावदध्यापितं तावत्पठितम्, २ यावद्गन्ता तावत्तिष्ठ, ३ यावत्सुवर्णं तावद्दत्तम्, यावद्दत्तं तावद्भुक्तम्, ४ यावदमत्रं ब्राह्मणानामामन्त्रयस्व,……') ॥

१ 'अथो, अथ' के[1] मङ्गल, अनन्तर (बाद), आरम्भ, प्रश्न, कार्त्स्न्य, अधिकार, प्रतिज्ञा, अन्वादेश (एक बार कहे हुएको फिर कहना), समुच्चय, ९ अर्थ हैं। ('क्रमशः उदा०—१ अथ परस्मैपदानि, अथातो ब्रह्मजिज्ञासा (ब्र० सू० १।१।१), २ स्नानं कृत्वाऽथ भुञ्जीत, ३ अथ शब्दानुशासनम् पात० भा० १।१ आह्नि० १ पस्प०), ४ अथ वक्तुं समर्थोऽस्त्वम्, ५ अथ क्रतून् ब्रूमः, ६ अथ स्नानविधिः, ७ गौडो भवानथेति ब्रूमः, ८ अथो इमं वेदमध्यापय अथो एनं छन्दोऽपि, ९ अथो खल्वाहुः, भीमोऽथार्जुनः,……') ॥

२ 'वृथा' के व्यर्थ (निष्फल), अविधि (विधिसे हीन), २ अर्थ हैं। ('क्रमशः उदा०—१ वृथा दुग्धोऽनड्वान्, २ प्रतिभाव्यं वृथा दानमाक्षिकं सौरिकं च यत् (मनुः ८।१५९),……') ॥

३ 'नाना' के अनेक (बहुत), उभय, विना, ३ अर्थ हैं। ('क्रमशः उदा०—१ नानाविधाः पुरुषाः, २ नानाविधं न सज्जेत, नानापक्षावमर्शः संशयः, ३ 'नाना नारीं निष्फला लोकयात्रा' नारीं विना लोकयात्रा निष्फला भवतीत्यर्थः,……') ॥

४ 'नु' के प्रश्न, विकल्प, वितर्क, ३ अर्थ हैं। ('क्रमशः उदा०—१ को नु धावति, को नु भवान्, २ भीमो नु फाल्गुनो नु योद्धा, देवदत्तो नु यज्ञदत्तो नु पण्डितः, ३ स्थाणुर्नु पुरुषो नु, अहिर्नु रज्जुर्नु,……') ॥

५ 'अनु' के पश्चात् (बाद), सादृश्य (समानता), लक्षण, तत्त्वाख्यान, भाग, वीप्सा, लम्बाई, ७ अर्थ हैं। ('क्रमशः उदा०—१ राममनुगच्छति लक्ष्मणः, २ पितरमनुकरोति बालः, ३ वृक्षमनुद्योतते, ४ साधु देवदत्तो मातरमनु, ५ यदत्र मामनु स्यात्तद्दीयताम्, ६ वृक्षं वृक्षमनुसिञ्चति, ७ अनुगङ्गं काशी,……') ॥

१. 'ओंकारश्चाथशब्दश्च द्वावेतौ ब्रह्मणः पुरा। कण्ठं भित्त्वा विनिर्यातौ तस्मान्माङ्गलिकावुभौ'॥ १॥
इत्यभियुक्तोक्त्या 'अथ' शब्दस्य माङ्गलिकत्वम् ॥

१ प्रश्नावधारणानुज्ञाऽनुनयामन्त्रणे ननु ।
२ गर्हासमुच्चयप्रश्नशङ्कासम्भावनास्वपि ॥ २४९ ॥
३ उपमायां विकल्पे वा ४ सामि त्वर्धे जुगुप्सिते ।
५ अमा सह समीपे च ६ कं वारिणि च मूर्धनि ॥ २५० ॥

---

१ 'ननु' के प्रश्न, अवधारण, अनुज्ञा (आज्ञा), आमन्त्रण, वाक्यारम्भ, आक्षेप प्रत्युक्ति (प्रत्युत्तर, जवाब), ७ अर्थ हैं। ('क्रमशः उदा०—१ ननु पठति छात्रः, २ नन्वद्य गच्छामो वयम् , ३ नन्वादिश, ४ ननु चण्डि प्रसीद मे, ५ नन्वपोहः प्रसूयते, ६ ननु किमर्थमागतस्त्वम् , अकार्षीः गृहकार्यं ? ननु करोमि भोः, पठसि पुस्तकम् ? ननु पठामि भोः,······') ॥

२ 'अपि' के निन्दा, समूह (भी), प्रश्न, शङ्का, संभावना, इष्टप्रश्न, आक्षेप, युक्त पदार्थ (वस्तु), ८ अर्थ हैं। ('क्रमशः उदा०—१ अपि सिञ्चेत्पलाण्डुम्, २ श्रियं पालय पुत्रमपि, रामो वनं याति लक्ष्मणोऽपि, ३ अपि, गच्छसि गृहम्?, अपि जानासि किञ्चित्त्वम् ?, ४ अपि प्रसादेन्दुष्टो नृपतिः अपि चौरोऽयम् ५ पर्वतमपि शिरसा भिन्द्यात् , ६ 'अपि क्रियार्थं सुलभं समित्कुशं जलान्यपि स्नानविधिक्षमाणि ते। अपि स्वशक्त्या तपसि प्रवर्तसे—' (कु० सं० ५।३३), ७ अपि गृहाण मां चेदम् , ८सर्पिषोऽपि स्यात् ,······) ॥

३ 'वा' के उपमा, विकल्प, समूह, ३ अर्थ हैं। ('क्रमशः उदा०—१ भीमोऽन्तको वा समरे गदापाणिरदृश्यत, सर्पो वा क्रुद्धः' सर्प इव क्रुद्धः' इत्यर्थः, २ यवैर्व्रीहिभिर्वा यजेत, ३ 'सा वा शम्भोस्तदीया वा मूर्तिर्जलमयी मम (कु० सं० २।६०) 'न तुनाथामूर्तिरित्यर्थः, वायुर्वाथ मेदर्वाथ दहनो वा,...') ॥

४ 'सामि' के आधा निन्दित, २ अर्थ हैं। ('क्रमशः उदा०—१ सामि संमीलिताक्षी, २ सामि कृतमकृतं स्यात् , सामिकृतमकल्याणकारि,······') ॥

५ 'अमा' के साथ, पास, २ अर्थ हैं। ('क्रमशः उदा०—१ 'पुत्रेणामा भुङ्क्ते' सहेत्यर्थः, २ अमा भावोऽमात्यः,······') ॥

६ 'कम्' के पानी, शिर (मस्तक), सुख, ३ अर्थ हैं। ('क्रमशः उदा०—१ कजं कमलम् , २ कजाः केशाः, ३ कंयुः,······') ॥

१ इवेत्थमर्थयोरेवं २ नूनं तर्केऽर्थनिश्चये ।
३ तूष्णीमर्थे सुखे जोषं ४ किं पृच्छायां जुगुप्सने ॥ २५१ ॥
५ नाम प्राकाश्यसंभाव्यक्रोधोपगमकुत्सने ।
६ अलं भूषणपर्याप्तिशक्तिवारणवाचकम् ॥ २५२ ॥

---

१ 'एवम्' के इवार्थ (सदृश), इस तरह, उपदेशादि, निर्देश, निश्चय, स्वीकार, ६ अर्थ हैं । ('क्रमशः उदा०—१ अग्निरेवं द्विजोऽग्निरिवेत्यर्थः, २ एवं वादिनि देवर्षौ (कु० सं० ६।८४), ३ एवमर्थमिदं, ४ एवं तावत्, ५ एवमेतत्, ६ एवं कुर्मः,·······') ॥

२ 'नूनम्' के तर्क, अर्थका निश्चय, २ अर्थ हैं । ('क्रमशः उदा०—१ नूनं शरत्फुल्ला हि काशाः, नूनमयतियच्छवनां प्रियः, २ क्षुद्रेऽपि नूनं शरणं प्रपन्ने, नूनं हन्तास्मि रावणम् ,·······') ॥

३ 'जोषम्' के मौन (चुप रहना), सुख, २ अर्थ हैं । (क्रमशः उदा०—१ 'जोषमास्व' मौनमास्स्वेत्यर्थः, २ जोषमास्ते जितेन्द्रियः, जोषमासीत वर्षासु'·······') ॥

४ 'किम्' के प्रश्न, निन्दा, २ अर्थ हैं । ('क्रमशः उदा०—१ किंकरोषि ?, किं गतोऽसौ ?, २ स किंसखा साधु न शास्ति योऽधिपं, हितान्न यः संशृणुते स किंप्रभुः (किरा० १।५),·······') ॥

५ 'नाम' (= नामन्), के प्राकाश्य (प्रकट, नाम, संज्ञा), संभावनाके योग्य, क्रोध, द्वेषपूर्वक स्वीकार करना, निन्दा, झूठा, विस्मय, ७ अर्थ हैं । ('क्रमशः उदा०—१ हिमालयो नाम नगाधिराजः (कु० सं० १।१), २ कथं भविष्यति संगरो नाम, ३ ममापि नाम रावणस्य नरवानरैर्मृत्युः, ४ शत्रोः सकाशाद् गृह्णाति नाम, एवमस्तु नाम, ५ को नामायं प्रलपति मे विशतः सभायाम् , को नामायं सवितुरुदयः, ६ दृष्टेऽधरे रोदिति नाम तन्वी, ७ अन्धो नाम गिरिमारोहति,······ ') ॥

६ 'अलम्' के भूषण, पर्याप्त (काफी), शक्ति, वारण (मना करना), व्यर्थ, ५ अर्थ हैं । ('क्रमशः उदा०—१ अलङ्कृतां कन्यां प्रयच्छेत् , २ 'अलमस्यस्य धनं' बह्वित्यर्थः, ३ अलं हरिः' समर्थ इत्यर्थः, अलं मल्लो मल्लाय, ४ अलमतिप्रसङ्गेन, अलं महीपाल तव श्रमेण—(रघु० २।३४),·······') ॥

१ हुं वितर्के परिप्रश्ने २ समयाऽन्तिकमध्ययोः ।
३ पुनरप्रथमे भेदे ४ निर्निश्चयनिषेधयोः ॥ २५३ ॥
५ स्यात्प्रबन्धे चिरातीते निकटागामिके पुरा ।
६ ऊरर्युरी चोररी च विस्तारेऽङ्गीकृतौ त्रयम् ॥ २५४ ॥
७ स्वर्गे परे च लोके स्वः—

---

१ 'हुम्' के वितर्क, प्रश्न, भय, भर्त्सन (डराना), अनिच्छा, ५ अर्थ हैं। ('क्रमशः उदा०—१ हुं पयो हुं मृगतृष्णा, चैत्रो हुं मैत्रो हुम् , २ हुं देवदत्तोऽयम् हुं तस्य त्वं सुहृत्, ३ हूं राक्षसोऽयम् , ४ हुं निर्लज्जः, ५ हुं हुं मुञ्च माम् ,……') ॥

२ 'समया' के समीप, बीच, २ अर्थ हैं। ('क्रमशः उदा०—१ रामं समयाऽस्ते लक्ष्मण, समया ग्रामं नदी, २ 'ग्रामं समयाऽस्ते' ग्राममध्य इत्यर्थः, 'समया शैलयोर्ग्रामः' शैलयोर्मध्य इत्यर्थः, ……') ॥

३ 'पुनः' (=पुनर्) के फिर, भेद (विशेष), २ अर्थ हैं। ('क्रमशः उदा०—१ पुनरागतः, २ किं पुनर्ब्राह्मणाः पुण्या भक्ता राजर्षयस्तथा (गीता ९।३३), ………')

४ 'निः' (=निर्) के निश्चय, निषेध, २ अर्थ हैं। ('क्रमशः उदा०—१ निष्पन्नं कार्यम् , निरुक्तम् , २ निर्धनो वणिक, निर्मर्यादः,……') ॥

५ 'पुरा' के प्रबन्ध, बहुत दिन पहले, आनेवाला (आगामी) निकट समय, ३ अर्थ हैं। ('क्रमशः उदा०—१ 'पुराधीयते' निरन्तरमपाठीदित्यर्थः, २ पुरापि न नव पुराणम् , पुरातनम् , ३ 'गच्छ पुरा देवो वर्षति'[1] समनन्तरं वर्षिष्यतीत्यर्थः,………') ॥

६ 'ऊररी, ऊरी उररी' ३ के विस्तार, स्वीकार, २ अर्थ हैं। ('क्रमशः उदा०—१ 'ऊररीकृत्य, ऊरीकृत्य, उररीकृत्य वा पटं' विस्तार्येत्यर्थः, २ 'ऊररीकृत्य ऊरीकृत्य उररीकृत्य वाऽज्ञां गच्छति' स्वीकृत्य गच्छतीत्यर्थः,……') ॥

७ 'स्वः' (=स्वर्) के स्वर्ग, परलोक, २ अर्थ हैं। ('क्रमशः उदा०—स्वर्लोकलोकेतरदुर्लभानि, स्वर्भोगमत्रापि सृजन्त्यमर्त्याः, स्वर्णदीस्वर्णपद्मिन्याः—(नैष० च० क्रमशः ३।१६, ३।२१, २०।३९), २ स्वर्गतस्य जनस्य पारलौकिकं कुर्यात् , स्वर्गतस्य क्रिया कार्या पुत्रैः परमभक्तितः,………') ।

---

१. अत्र 'यावत्पुरानिपातयोर्लट्' (पा० सू० ३।३।४) इत्यनेन लट्लकारः ॥

—१ वार्तासंभाव्ययोः किल।
२ निषेधवाक्यालङ्कारजिज्ञासाऽनुनये खलु ॥ २५५ ॥
३ समीपोभयतः शीघ्रसाकल्याभिमुखेऽभितः।
४ नामप्रकाश्ययोःप्रादु५र्मिथोऽन्योन्यं रहस्यपि ॥ २५६ ॥

---

१ 'किल' के वार्ता, सम्भावनाके योग्य, हेतु, झूठ (असत्य), अरुचि, ५ अर्थ हैं ('क्रमशः उदा०—१ जघान कंसं किल वासुदेवः, २ अर्जुनः किल विजेष्यते कुरून्, ३ स किल कथिरेव मुक्तवान्, ४ गोत्रस्खलितं किलाश्रुतं कृत्वा, ५ त्वं किल योत्स्यसे, ·········') ॥

२ 'खलु' के निषेध, वाक्यालङ्कार, जिज्ञासा (जानने की इच्छा), अनुनय ४ अर्थ हैं। ('क्रमशः उदा०—१ खलु रुदित्वा, खलु कृत्वा, २ एतत्खल्वाहुः, ३ स खल्वधीते शब्दशास्त्रम्, ४ न खलु न खलु मुग्धे साहसं कार्यमेतत् (नागा० ना० २।१०), ·········') ॥

३ 'अभितः' (=अभितस्) के समीप, दोनों तरफ, शीघ्र, साकल्य, सामने, ५ अर्थ हैं। ('क्रमशः उदा०—१ वाराणसीमभितो गङ्गा, अभितो ग्रामं वसति' समीप इत्यर्थः, २ अभितः कुरु चामरौ, ३ अभितः पठ, अभितो गच्छ' शीघ्रमित्यर्थः, ४ 'व्याप्नोत्यभितो रजः' सर्वत इत्यर्थः, ५ आपतन्तमभितोऽरिमपश्यत्, ···')।

४ 'प्रादुः' (=प्रादुस्) के नाम, प्रकट, २ अर्थ हैं। ('क्रमशः उदा०—१ विष्णोर्दश[1] प्रादुर्भावाः दश नामानीत्यर्थः, २ प्रादुरासीद् बुद्धिर्वादिनः, ···')।

५ 'मिथः' (=मिथस्) के अन्योन्य (परस्पर, आपस), एकान्त, २ अर्थ हैं। ('क्रमशः उदा०—१ मिथः प्रहारं कुर्वतः, वसिष्ठकौण्डिन्यमैत्रावरुणानां मिथो न विवाहः, २ मिथो मन्त्रयते.··· ···') ॥

---

१. पुराणसमुच्चये दशावतारा उक्ताः—

'मत्स्योऽभूद्धुतभुग्दिने मधुसिते कूर्मो विधौ माधवे
वाराहो गिरिजासुते नभसि यद् भूते सिते माधवे।
सिंहो भाद्रपदे सिते हरितिथौ श्रीवामनो माधवे
रामो गौरितिथावतः परमभूद्रामो नवम्यां मधोः ॥ १ ॥
कृष्णोऽष्टम्यां नभसि सिततरे चाश्विने यद्दशम्यां
बुद्धः कल्की नभसि समभूच्छुक्लषष्ठ्यां क्रमेण।
अह्नो मध्ये वामनो रामरामौ मत्स्यः क्रोडश्चापराह्णे विभागे।
कूर्मः सिंहो बौद्धकल्की च सायं कृष्णो रात्रौ कालसाम्ये च पूर्वे ॥ २ ॥
इति नि० सिन्धु० पृ० ९२ परि० २।

१ तिरोऽन्तर्धौ तिर्यगर्थे २ हा विषादशुगर्तिषु ।
३ अहहेत्यद्भुते खेदे ४ हि हेताववधारणे ॥ २५७ ॥

इत्यव्ययाः शब्दाः ।
इति नानार्थवर्गः ॥ ३ ॥

---

१ 'तिरः' (=तिरस्) के अन्तर्धान (छिपना), तिर्छा, २ अर्थ हैं। ('क्रमशः उदा०—१ इति व्याहृत्य विबुधान्विश्वयोनिस्तिरोदधे (कु० सं० २। ६२), २ तिरोवर्तते भास्करः,······') ॥

२ 'हा' के विषाद, शोक, दुःख, ३ अर्थ हैं। ('क्रमशः उदा०—१ हा गतो रमणीयः कालः, २ हा वनं गतो रामचन्द्रः, ३ हा हतोऽस्मि मन्दभाग्यः,···') ॥

३ 'अहह' (+ अहहा) के अद्भुत, खेद, २ अर्थ हैं। (क्रमशः उदा०— १ अहह बुद्धिप्रकर्षो नृपालस्य, २ अहह नीतो मया व्यसनेनामूल्यः, कालः, अहह हता विधवा बाला,······') ॥

४ 'हि' के हेतु, अवधारण (निश्चय), २ अर्थ हैं। ('क्रमशः उदा०— १ अग्निरत्रास्ति धूमो हि दृश्यते, २ चन्द्रो हि शीतलः,······') ॥

विशेष:—'नानार्थ अव्यय' शब्दों के अव्ययमात्र होनेसे अन्य प्रकरणोंके समान ('अव्य०') इस तरह प्रत्येक शब्दके बाद नहीं लिखा गया है, अतः ३।३।२४० से ३।३।२५७ तक के प्रत्येक शब्दोंको 'अव्यय' समझना चाहिए ॥

इस 'नानार्थवर्ग' में ग्रन्थकारके अतिरिक्त 'अनेकार्थसंग्रह, मेदिनीकोष, विश्वकोष, अभिधानरत्नमाला,······' कोषग्रन्थोंमें लिखित अतिप्रसिद्ध अर्थ तथा ग्रन्थकारके लिखित 'च, तु, अपि,······' शब्दसे संगृहीत-टीकाकारोंके सम्मत बाहरी अर्थ भी लिखे गये हैं। कहीं-कहीं आवश्यकीय स्थलोंमें उदाहरण आदि भी दिये गये हैं। टीका बढ़नेके भयसे उन्हें पृथक् लिखना या सर्वथा त्याग करना अनुचित-सा प्रतीत होनेसे एकत्र ही लिखा गया है। यद्यपि पूर्वोक्त अव्यय शब्द भी 'कान्त, खान्त, गान्त आदि क्रमसे ही कहे गये हैं तथापि इन नानार्थ अव्यय शब्दोंको 'कान्त अव्यय शब्द, खान्त अव्यय शब्द,······' टीकावृद्धिके भयसे नहीं कहा गया है। पाठकगण स्वयं कान्त, खान्त, गान्त,······' अव्ययों को समझ लें ॥

इत्यव्ययाः शब्दाः ।
इति नानार्थवर्गः ॥ ३ ॥

४. अथाव्ययवर्गः ।

१ चिराय चिररात्राय चिरस्याद्याश्चिरार्थकाः ।
५ मुहुः पुनः पुनः शश्वदभीक्ष्णमसकृत्समाः ॥ १ ॥
३ स्राग्झटित्यञ्जसाऽह्नाय द्राङ् मङ्क्षु सपदि द्रुते ।
४ बलवत्सुष्ठु किमुत स्वत्यतीव च निर्भरे ॥ २ ॥
५ पृथग्विनान्तरेणर्ते हिरुङ् नाना च वर्जने ।
६ यत्तद्यतस्ततो हेतौ ७ साकल्ये तु चिच्चन ॥ ३ ॥
८ कदाचिज्जातु ९ सार्धं तु साकं सत्रा समं सह ।
१० आनुकूल्यार्थकं प्राध्वं ११ व्यर्थके तु वृथा मुधा ॥ ४ ॥

---

४. अथाव्ययवर्गः ।

१ चिराय, चिररात्राय, चिरस्य, (+ आद्य शब्दसे—चिरेण, चिरात्, चिरम्, चिरे) ३ का 'देर' अर्थ है ।

२ मुहुः (= मुहुस्) पुनः पुनः (= पुनः पुनर्) शश्वत्, अभीक्ष्णम्, असकृत्, ५ का 'बारबार' अर्थ है ॥

३ स्राक्, झटिति, अञ्जसा, अह्नाय, द्राक्, मङ्क्षु, सपदि, ७ के 'झटपट' 'उसी समय' अर्थ है ॥

४ बलवत्, सुष्ठु, किमुत, सु, अति, अतीव, ६ का 'अतिशय' अर्थ है ॥

५ पृथक्, विना, अन्तरेण, ऋते, हिरुक्, नाना, ६ का 'वर्जन' (विना) अर्थ है ॥

६ यत्, तत्, यतः (= यतस्) ततः (ततस् + येन, तेन), ४ का 'कारण' अर्थ है ॥

७ चित्, चन, २ का 'असाकल्य' (असम्पूर्णता) अर्थ है ॥

८ कदाचित्, जातु, २ का 'कभी' अर्थ है ॥

